राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 आप एक धोखेबाज हैं; बाइडेन ने ट्रंप को इस अंदाज में ...

रूस की जब्त संपत्तियों से यूक्रेन को अरबों का लोन ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 65 | नई दिल्ली, रविवार, 16 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### अमित शाह ने ली जम्मू कश्मीर की स्थिति की जानकारी, आज को भी बुलाई बैठक

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में बढती आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और सेना, पुलिस, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शाह ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से समीक्षा और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को यहां नार्थ ब्लॉक में एक बैठक बुलाने का निर्देश भी दिया। इससे पहले मोदी ने गुरूवार को शाह और डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी। सिन्हा ने भी प्रधानमंत्री को केन्द्र शासित प्रदेश की स्थिति के बारे में बताया था।

### कुपवाड़ा में नार्को-आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर नार्को-आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हेरोइन बेचने की फिराक में है। इसके बाद सेना के साथ करनाह कुपवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में संयुक्त जाल बिछाया गया और दो लोगों को लगभग 500 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा लिया। दोनों की पहचान खावरपारा करनाह के शफीक अहमद शेख और बागबल्ला के तारिक अहमद मलिक के रूप में की है। उनकी निशानदेही पर साधपुरा के परवेज अहमद पठान को भी पकड़ा गया। उसके कब्जे से तीन पिस्तौल, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैगजीन और लगभग पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक बरामद किए गए।

### कांग्रेस 99 पर क्या पहुंची, सक्रिय हो गए आतंकवादी समूह : भाजपा

नई दिल्ली, 15 जून (वेब वार्ता)। भाजपा ने आतंकवादी संगठनों को मुंहतोड़ जवाब देने का दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस 99 पर क्या पहुंची देश में आतंकवादी समूह फिर से सक्रिय हो गए हैं। फैजाबाद में भाजपा की हार के बाद जैश-ए-मोहम्मद अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने लगा है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस 99 पर क्या पहुंची, आतंकवादी समूह सक्रिय हो गए। एक तरफ विपक्ष फैजाबाद में भाजपा की हार का जश्न मना रहा है तो दूसरी तरफ जैश-ए-मोहम्मद अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दे रहा है। कांग्रेस की तरह, उन्हें भी जल्द ही एहसास होगा कि 99 पर कोई केवल 'नैतिक' जीत का ही दावा कर सकता है, सरकार बनाने का नहीं। मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के अयोध्या से हारने के बाद और पूरे देश के नतीजे आने के बाद से ही विपक्षी दल लगातार भाजपा की जीत पर सवाल उठा रहे हैं। अयोध्या की हार को भाजपा के लिए बड़ी हार बताते हुए विपक्षी दल लोकसभा में भाजपा की सीटों की संख्या कम होने पर भी कटाक्ष कर रहे हैं। उनका दावा है कि यह भाजपा की नैतिक हार है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

**पीएम ने आउटरीच शिखर सम्मेलन में लिया भाग, कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं**

# जी7 शिखर सम्मेलन समापन के बाद भारत के लिए रवाना हुए पीएम मोदी




प्रात : किरण

अपुलिया/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की सफल यात्रा के बाद शनिवार को भारत के लिए रवाना हो गए, इस दौरान उन्होंने आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी रहा। विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई है। उन्होंने कहा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने के साथ ही इटली की सफल यात्रा संपन्न हुई। इस यात्रा में जी7 मंच के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई ।ह्व प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य भाग लेने वाले नेताओं के साथ जी7 में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया है।

### मोदी ने मेलोनी और किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की

अपुलिया/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की तथा जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से भी मुलाकात की। सुश्री मेलोनी के साथ अपनी बैठक के बारे में श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए भारत को आमंत्रित करने और शानदार व्यवस्थाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने वाणिज्य, ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्रों में भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश जैव ईंधन, खाद्य प्रसंस्करण और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सुश्री मेलोनी ने श्री मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और शिखर सम्मेलन के सफल समापन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

दोनों नेताओं ने नियमित उच्च राजनीतिक संवाद पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया।

बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क पर सहयोग के लिए हाल ही में औद्योगिक संपत्ति अधिकार (आईपीआर) पर एमओयू पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया। उन्होंने इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया।

# सूबे में प्रचंड गर्मी का कहर जारी, हीट वेव का अलर्ट

## भीषण गर्मी से आधे दर्जन से अधिक की मौत, बक्सर रहा सबसे गर्म इलाका

प्रात : किरण



पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है मौसम विभाग ने कई जिलों में हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। शनिवार को गर्मी के कारण तीन जिलों में नौ लोगों की मृत्यु की सूचना है। औरंगाबाद में सबसे ज्यादा पांच लोगों की मौत हुई। इसके अलावा सारण में तीन तो रोहतास में एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य का सर्वाधिक तापमान वाला इलाका बक्सर रहा। यहां 46.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

औरंगाबाद जिले में शनिवार को लू की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई है। औरंगाबाद जिले का अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। फेसर थाना क्षेत्र के बसडीहा कला गांव निवासी 70 वर्षीय बलराम साव, बारुण के जनकोप गांव के विजेंद्र चंद्रवंशी, औरंगाबाद के महुआ धमनी के अमित चौधरी, ओबरा की सुमित्रा देवी व कथरुआ गांव के पास बस में सवार महिला यात्री की मौत हो गई।

महिला महाराष्ट्र के पुणे के धमनी गांव निवासी भगवान चौधरी के 35 वर्षीय पत्नी सुनैना देवी है। मृतक के स्वजन ने सदर अस्पताल में बताया कि भीषण गर्मी के कारण सभी को लू लगी और मौत हो गई। ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि सभी को अचानक से तेज बुखार व उल्टी होने लगी। हालात बिगड़ते देख स्वजन अस्पताल ले आए और इसी क्रम में मौत हो गई। मौत का कारण स्वजन लू बता रहे हैं। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. आशुतोष कुमार ने लू से मौत की पुष्टि नहीं की है। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा की मौत कैसे हुई है। सुमित्रा एवं बिजेंद्र के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

मौसम विभाग ने अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिला के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग में अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिला के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं। जिसमें हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की होने की बात बताई जा रही है।

**बक्सर और भोजपुर में सबसे ज्यादा गर्मी:** पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिला में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उस जिला का नाम इस प्रकार है। पटना 42.8, गया 45.3, छपरा 42.6, डेहरी 45.6,शेखपुरा 42.4, गोपालगंज 41.5, जमुई 41.6, बक्सर 45.9, भोजपुर 45.2, वैशाली 43.5, औरंगाबाद 45.4, नवादा 43.6, राजगीर 44.6, जीरादेई 40.0, अरवल 45.1,बिक्रमगंज 44.5 और मुंगेर 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। जबकि भागलपुर 37.2,पूर्णिया 32.4, मुजफ्फरपुर 36. 0, बाल्मीकि नगर 38.6, दरभंगा 35.2 ,सुपौल 32.6, फारबिसगंज 34.2, मधुबनी 34.2, मोतिहारी 36.0, बेगूसराय 37.2 ,बांका 38.6, कटिहार 32.4, अररिया 30.5, पूसा 36.4 और किशनगंज 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। राज्य के बक्सर एवं भोजपुर में अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए।

# सीएम नीतीश हुए अस्वस्थ, चेकअप के लिए पहुंचे अस्पताल

## डॉक्टर से परामर्श के बाद अस्पताल से वापस सीएम हाउस लौट आएं

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार सुबह अचानक पटना सबसे बड़े प्राइवेट अस्पताल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि सुबह उठते ही सीएम नीतीश कुमार को हाथ में काफी दर्द महसूस होने लगा। इसके बाद अपने चिकित्सक से उन्होंने परामर्श लिया और प्राइवेट अस्पताल पहुंच गए। सीएम नीतीश ठीक हैं। ऑर्थो डिपार्टमेंट के सीनियर डॉक्टर उनका इलाज किया। डॉक्टरों ने उन्हें हाथ से व्यायाम करने की सलाह दी है। साथ ही फिजिकल वर्क पर ज्यादा फोकस करने को कहा गया है। अस्पताल में सीएम नीतीश कुमार करीब एक घंटे तक रुके। इसके बाद रवाना हो गए।

इससे पहले 14 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ हो गए थे। उस वक्त सीएम हाउस में डॉक्टरों की टीम ने उनकी देखरेख की थी। स्वास्थ्य को देखते हुए मुख्यमंत्री के कार्यालय की ओर से एक चिट्ठी जारी की गई थी। इसमें स्पष्ट लिखा गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ हो गए। इसलिए 14 मई के सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद सीएम नीतीश कुमार पटना लौटे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत नहीं की। शुक्रवार को उनकी अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक की। इसमें 25 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगाई। जानकारी के मुताबिक सीएम नीतीश कुमार पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। हाथ में दर्द होने के कारण वह इलाज के लिए अस्पताल गए थे। डॉक्टर से परामर्श के बाद अस्पताल से वापस सीएम हाउस लौट आएं।

# पीएम मोदी ने जहां- जहां रैली की, वहां पर हमें जीत हासिल हुई : पवार

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। मुंबई में महा विकास अघाड़ी ने केंद्र के इंडिया सरकार पर जमकर हमला बोला है। शनिवार को मुंबई में महा विकास अघाड़ी ने बैठक करते हुए लोकसभा चुनाव में जनता के मिले समर्थन को लेकर आभार जताया और अपने विरोधियों पर जमकर जुबानी हमले किए। इस कड़ी में कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चवन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम आज एकसाथ महाराष्ट्र की जनता का आभार जताने आए हैं। महाराष्ट्र की जनता ने एमवीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद पहली बार इंडी गठबंधन के नेता एकजुट हुए।

**शरद पवार का पीएम मोदी पर हमला :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के मुखिया शरद पवार ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जहां-कही भी रोड शो या रैली की हमें वहां पर जीत हासिल हुई है। इसलिए ये मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं प्रधानमंत्री को शुक्रिया अदा करूं। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार ने 8 सीटों पर जीत हासिल की है। और इंडी गठबंधन में राज्य की तीसरी बड़ी दल बनी है।

**उद्धव ठाकरे का एनडीए सरकार पर निशाना :** वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि- यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। उद्धव ठाकरे ने आगे कहा कि पहले केंद्र में मोदी सरकार थी और अब यह एनडीए सरकार बन गई है।

# जम्मू कश्मीर सेना के हवलदार पवन कुमार के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत

प्रात : किरण

पटना। जम्मू कश्मीर के नौशेरा में बिहार के मधेपुरा जिला के पथराहा गांव के रहने वाले सेना के हवलदार पवन कुमार के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा।

वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा, साथ ही शहीद जवान पवन कुमार का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# एनडीए सरकार गलती से बनी, ज्यादा दिन नहीं चलेगी : खरगे

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दावा है कि एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी और ये कभी भी गिर सकती है। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने सहयोगियों को एकजुट रखने में काफी परेशानी हो रही है। बंगलूरू में मीडिया से बात करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'एनडीए सरकार गलती से बनी। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है, यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि यह जारी रहे, यह देश के लिए अच्छा हो, हमें देश को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। 'खरगे के बयान पर जदयू ने पलटवार किया है और उनसे पूछा कि जब कांग्रेस ने गठबंधन की सरकार बनाई थी, तब उनके प्रधानमंत्री का स्कोर कार्ड क्या थे? बता दें कि साल 1991 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने भी इतनी ही सीटें जीतीं थी, जितनी भाजपा ने 2024 में जीती हैं। बिना किसी स्पष्ट बहुमत के कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में अल्पमत की सरकार बनाई थी। हालांकि पीवी नरसिम्हा राव ने छोटी पार्टियों को तोड़कर अपनी अल्पमत की सरकार को दो साल में ही बहुमत की सरकार बना लिया था। उल्लेखनीय है कि 543 सदस्यों वाली लोकसभा में बहुमत का आंकड़ा 272 है, लेकिन भाजपा बहुमत के आंकड़े से काफी पीछे रही और 240 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। ऐसे में सरकार बनाने के लिए भाजपा एनडीए गठबंधन के सहयोगियों पर निर्भर है। जिनमें 16 सीटें जीतने वाली तेदेपा, 12 सीटें जीतने वाली जदयू और एकनाथ शिंदे की शिवसेना 7 और लोजपा 5 प्रमुख हैं।

# राजधानी में एक्सिस बैंक से दिनदहाड़े 19 लाख की लूट



पटना। राजधानी में अपराधियों ने तांडव मचा रखा है। अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े लो लूट, छिनतई, हत्या जैसे घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को राजधानी पटना से सटे बिहटा के एक बैंक से बड़ी लूट का मामला सामने आया है। अपराधियों ने बिहटा के देकुली स्थित एक्सिस बैंक की शाखा को अपना निशाना बनाया है। शनिवार को बैंक खुलते ही बदमाशों ने धावा बोल दिया और बैंककर्मियों को बंधक बनाकर करीब 19 लाख लूटकर फरार हो गए। बैंककर्मियों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर कई थानों की पुलिस टीम के साथ पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे हैं और मामले की छानबीन की जा रही है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। दिनदहाड़े हुई लूट की इस वारदात के बाद इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया है।

शुरूआती जांच के दौरान 19 लाख रुपए लूट की बात सामने आ रही थी। फिलहाल बैंक के अधिकारी लूटे गए रूपयों का मिलान कर रहे हैं। रूपयों के मिलान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कितने की लूट हुई है।

**विरासत** | **पिता के बाद पुत्र भी केन्द्र सरकार में मंत्री बनने का हासिल किया गौरव**

# चिराग ने संभाली अपने पिता की सियासी विरासत, केन्द्र में बने मंत्री

रामाधार प्रसाद



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान ने अपने पिता की सियासी विरासत को आगे बढ़ाने में बाजी मार ली है। पिता के बाद चिराग पासवान इस बार केन्द्र मंत्री बनने का गौरव हासिल किया। ऐसा कर चिराग बिहार के उन चंद दिग्गज राजनेताओं में शामिल हो गये हैं, जो अपने पिता के बाद केन्द्र सरकार में मंत्री बनें। बिहार की राजनीति में कई दिग्गज नेता हुये जो केन्द्र की सरकार में मंत्री बनें। हालांकि इनमें कुछ लोग हीं ऐसे हैं जिनके परिवार के लोग भी केन्द्र सरकार में मंत्री बनें। ऐसे राजनेताओं में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम और उनकी पुत्री मीरा कुमार, ललित नारायण मिश्रा और उनके भाई जगन्नाथ मिश्रा, यशवंत सिन्हा और उनके पुत्र जयंत सिन्हा, कृष्णा शाही और उनकी बहन उषा सिन्हा ,राम विलास पासवान और उनके छोटे भाई पशुपति कुमार पारस शामिल रहे। चिराग पासवान इस बार नरेन्द्र मोदी की सरकार में केन्द्रीय मंत्री बनाये गये हैं। इसके साथ ही चिराग पासवान भी अब उन चंद राजनेता में शामिल हो गये, जिनके परिवार के सदस्य भी पूर्व में केन्द्र सरकार में मंत्री थे। चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय दिया गया है। रामविलास पासवान कई बार केन्द्र सरकार में मंत्री रहे। वह विश्वनाथ प्रताप सिंह, एचडी देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकार में मंत्री रहे हैं। बाबूजी के नाम से मशहूर जगजीवन राम ने बिहार की सियासत से दिल्ली तक की राजनीति का स्वर्णिम सफर तय किया ।वर्ष 1946 में, वह जवाहरलाल नेहरू की अनंतिम सरकार में श्रम मंत्री के रूप में सबसे कम उम्र के मंत्री बने। बाबू जगवजीन राम देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, उनकी बेटी इंदिरा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और मोरारजी देसाई की सरकार में लगातार मंत्री रहे । वह आठ बार लगातार वर्ष 1952 से वर्ष 1984 तक लोकसभा सांसद रहे। बाबू जगजीवन राम के निधन के बाद उनकी पुत्री मीरा कुमार ने उनकी राजनीतिक विरासत संभाली। मीरा कुमार वर्ष 2004 की मनमोहन सिंह की सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री और वर्ष 2009 में जल संसाधन मंत्री रही हैं। मीरा कुमार लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष भी बनीं। मीरा कुमार पांच बार सांसद बनीं। दिग्गज कांग्रेस नेता और ललित नारायण मिश्रा योजना, श्रम और रोजगार मंत्रालय के संसदीय सचिव, गृह मामलों के उप मंत्री , उप वित्त मंत्री , रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री ,विदेश व्यापार मंत्री और केन्द्रीय रेल मंत्री रहे हैं। ललित नारायण मिश्रा के छोटे भाई पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद जगन्नाथ मिश्रा,पी. वी. नरसिम्हा राव की सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री और कृषि मंत्री रहे हैं। यशवंत सिन्हा, चंद्रशेखर की सरकार में वित्त मंत्री जबकि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वित्त मंत्री और विदेश मंत्री रहे हैं। श्री यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा , नरेन्द्र मोदी की सरकार मे वित्त राज्य मंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री रहे हैं। दिग्गज कांग्रेस नेता महेश प्रसाद सिन्हा की पुत्री कृष्णा साही , राजीव गांधी की सरकार में मानव संसाधन विकास और जल संसाधन मंत्री रही हैं। श्रीमती कृष्णा साही ,पी. वी. नरसिम्हा राव की सरकार में उद्योग,भारी उद्योग, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में भी मंत्री रही हैं। श्रीमती कृष्णा शाही की छोटी बहन उषा सिंह , चंद्रशेखर की सरकार में पर्यटन राज्य मंत्री बनी थी।

# जल्द ही वंदे भारत की स्लीपर वर्जन ट्रेन पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिए संकेत

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। वंदे भारत ट्रेन की सफलता के बाद अब जल्द ही वंदे भारत की स्लीपर वर्जन ट्रेन पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी। वंदे भारत स्लीपर की पहली ट्रेन दो महीने के भीतर फैक्ट्री से बनकर बाहर निकल जाएगी। शुरूआत में दो सेट वंदे भारत स्लीपर लाने की तैयारी है। ट्रायल के बाद इस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत के दौरान इसके संकेत दिए हैं। रेल मंत्री बनने के बाद मीडिया से बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि अगले पांच साल के दौरान करीब ढाई सौ वंदे भारत स्लीपर चलाने का रेलवे ने लक्ष्य निर्धारित किया है। शुरूआत कहां से होगी फिलहाल इसका रूट तय नहीं किया गया है लेकिन दिल्ली-मुंबई या दिल्ली कोलकाता रूप से इसकी शुरूआत होने की संभावना है। प्रत्येक ट्रेन में 16 बोगियां होंगी। जिसमें फर्स्ट एसी की एक, सेकेंड एसी की चार और थर्ड एसी की 11 बोगियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन में एक बार में 887 लोग स्लीपर में सफर कर सकेंगे। कोशिश है कि इस ट्रेन को बैठकर सफर करने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस और राजधानी से भी अधिक अपडेट और सुविधाजनक बनाया जाए। क्लासिक डिजाइन की सीटें बनाई जा रही हैं, जो काफी आरामदायक होंगी। जिससे यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी होटल के जैसा महसूस होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 16 जून, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आकर किसान की मौत

**शक्तिफार्म, एजेंसी।** खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। ऊर्जा निगम के एसडीओ ने किसान के परिवार को चार लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही है। देवनगर गांव निवासी मंगल सरकार (57 वर्ष) पुत्र भूधर सरकार सिडकुल स्थित एक उद्योग में काम करने के साथ ही खेतीबाड़ी भी करते थे। बृहस्पतिवार सुबह ड्यूटी जाने से पहले वह अपने खेत में लगी चैनी धान की फसल को देखने गए थे। उनके खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली का तार रात के समय टूटकर खेत में गिरी हुई थी। अचानक मंगल खेत से निकलते समय टूटे हुए तार की चपेट में आकर झुलस गए। निकट ही मवेशियों के लिए घास काट रहे एक ग्रामीण ने मंगल के परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन मंगल को एंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय सितारगंज लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगल के परिवार में उसकी पत्नी अपर्णा सरदार , एक बेटा व एक बेटी है। बेटी का विवाह हो चुका है। मंगल की असमय मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### संजय नगर में अवैध निर्माण को रुकवाया

**रुद्रपुर, एजेंसी।** नगर निगम की टीम ने संजयनगर में हो रहे अवैध निर्माण को रुकवा दिया। सहायक नगर आयुक्त ने अवैध निर्माण कराने वाले को नोटिस दिया और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि के स्वामित्व संबंधी अभिलेखों के साथ कार्यालय में तलब किया है। वार्ड 11 संजयनगर में डॉ. देव मंडल की ओर से नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराए बिना निर्माण कराया जा रहा है। पांच जून को निगम की ओर से देव को नोटिस देकर अवैध निर्माण को रोकने के लिए कहा गया था लेकिन निर्माण नहीं रोका गया था। बृहस्पतिवार को नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने डॉ. देव को दूसरा नोटिस जारी कर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के लिए कहा है। चेताया कि अगर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो नजूल नीति के प्रावधानों के तहत अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए भरपाई की जाएगी। इसके साथ ही पूरे नगर निगम क्षेत्र में फ्रीहोल्ड के लिए अपात्र घोषित कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एसएनए की ओर से ट्रांजिट कैंप थाने को भी सूचना दी गई है। शहर से अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर एसडीएम ने पुलिस, ईओ और व्यापार मंडल के साथ बैठक की। बृहस्पतिवार को हुई बैठक में एसडीएम रविंद्र सिंह ने ईओ को निर्देशित किया कि फड़-खोंखा, ठेला आदि तरीकों से अतिक्रमण करने वालों को मुनादी कर चेतावनी जारी करें। इसके बावजूद न मानने वालों का चालान काटकर उनसे जुर्माना वसूला जाए। उन्होंने व्यापार मंडल से भी आग्रह किया कि वह अपने स्तर पर बैठक का आयोजन कर सभी व्यापारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों को लेकर भी एसडीएम सख्त नजर आए, उन्होंने पुलिस को निर्देशित किया कि शहर में दौड़ रहे सभी 1300 ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन संबंधित दस्तावेजों की जांच करें और नाबालिग ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी देकर कार्रवाई करें।

### मंडी समिति से लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया 30 तक

**जसपुर, एजेंसी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति ने थोक एवं फुटकर व्यापारियों के फर्मों के लाइसेंस नवीनीकरण के कार्य की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। समिति कार्यालय ने व्यापारियों को सूचना के माध्यम से 30 जून तक लाइसेंस नवीनीकरण कराए जाने के लिए आवेदन मांगा है। मंडी सचिव शैलेंद्र माहरा ने बताया कि आढ़ती, मिल कारखाना, आरा, धान एवं रूई मशीन, आटा एवं मसाला चक्की, एक्सपेलर, मापक, थोक एवं फुटकर आदि लाइसेंसधारी व्यापारियों के लाइसेंस की अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। व्यापारी को लाइसेंस शुल्क एवं जरूरी प्रपत्र समिति कार्यालय में जमा कराना होगा अन्यथा निर्धारित तिथि के बाद विलंब शुल्क से लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# कैलाश ने सुबह बेटे से फोन पर कहा, अच्छे से पढ़ना मैं जंगल बचाने जा रहा हूं और फिर दांव पर लगा दी जान

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
लाल लपटों के कब्जे से हरियाली को छुड़ाने की जिम्मेदारी वन विभाग के फ्रंटलाइन की है। इसमें दैनिक श्रमिक से लेकर रेंज टीम तक का नाम आता है। बंगले और गाड़ियों की सुविधा पाने वाले अधिकारियों का काम सिर्फ दफ्तर में बैठकर निर्देश देना और कुछ अच्छा होने पर श्रेय हड़पना भर रह गया है।

अब बात बिनसर हादसे में गंभीर रूप से झुलसे 54 वर्षीय कैलाश भट्ट की, जो 24 साल पहले विभाग में दैनिक श्रमिक के तौर पर जुड़ने के बावजूद अब भी नियमित होने का इंतजार कर रहे हैं। घटना की सुबह बेटे को फोन कर इतना कहा कि अच्छे से पढ़ाई करना। मैं जंगल बचाने जा रहा हूं।



गुरुवार को बिनसर के जंगल में हुई घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है। जंगल की आग बुझाने गए चार कर्मचारी जलने से अपनी जान गंवा बैठे, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों में ग्राम घनेली जिला अल्मोड़ा निवासी कैलाश भट्ट भी शामिल हैं। पद भले दैनिक श्रमिक का हो, लेकिन अनुभव सबसे ज्यादा उन्हीं के पास था। बेटा विवेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए काशीपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसने बताया कि गुरुवार सुबह पिता ने फोन कर कहा, %बेटा अच्छे से पढ़ाई करना। मैं जंगल बचाने जा रहा हूं।%

फिर दिन में फोन न आने पर विवेक को चिंता होने लगी, क्योंकि पिता रोजाना दोपहर में भी फोन कर हाल-चाल लेते थे। इसके बाद विवेक ने घर और अन्य लोगों को फोन मिलाया। बाद में उन्हें पता चला कि पिता आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस चुके हैं।

फिलहाल दैनिक श्रमिक कैलाश को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेज दिया गया है। वहीं, एसटीएच में मौजूद विवेक ने बताया कि 24 साल की नौकरी के बाद भी पिता की तनख्वाह 18 हजार ही है। छह महीने से भत्ते के पैसे भी नहीं मिले।

विवेक के अनुसार, दो मई को अल्मोड़ा जिले में चार नेपाली श्रमिकों की आग बुझाने के दौरान मौत हुई थी। इस घटना से भी वन विभाग के अधिकारियों ने सबक नहीं लिया। पिता व अन्य लोगों के पास न फायर किट थी और न ही आधुनिक मास्क।

बिनसर की घटना का गुरुवार तक अलग-अलग तरीके से आकलन किया जा रहा था, मगर शुक्रवार को एसटीएच पहुंचे गंभीर घायल कैलाश भट्ट के बेटे विवेक ने पिता से बातचीत के आधार पर उनकी आपबीती बयां करते हुए बताया कि जंगल में पहुंचते ही आग ने चारों तरफ से घेर लिया था।

तेज हवाओं के कारण लपटें बढ़ती चली गईं। इसके बाद सब लोग गाड़ी में जाकर बैठ गए, मगर धुएं की वजह से सबकी हालत बिगड़ने लग गई। इसके बाद टीम ने वाहन से नीचे उतरकर दौड़ना शुरू कर दिया, लेकिन जान गंवाने वाले चार लोग पीछे छूट गए। दम घुटने के कारण कुछ दूरी पर ही ये लोग जमीन पर गिर गए।

वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1981 से साल 2022 तक कुमाऊं से जुड़े वन विभाग के 22 जवान वनसंपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा की खातिर अपना बलिदान दे चुके हैं। 1990 में तराई में आतंकवाद की स्थिति थी। मई 1992 में तराई पश्चिमी वन प्रभाग से जुडे सहायक वन संरक्षक राम अवतार और उप रेंजर की आतंकियों से मुठभेड़ में जान गई थी।

इस घटना में कई वनकर्मियों को गोली भी लगी। इसके अलावा अलग-अलग प्रभागों से जुड़े वन आरक्षी, वन दारोगा, डिप्टी रेंजर, रेंजर, दैनिक श्रमिक व मोहर्रिर भी बलिदानियों में शामिल हैं।

## बोले श्रीमहंत रविंद्रपुरी, पद देने का अधिकार सिर्फ निरंजनी अखाड़े के पंच और सचिव को

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि आचार्य महामंडलेश्वर ने राष्ट्रीय प्रवक्ता का पद किसी को दिया है। यह जानकारी उनके संज्ञान में पंजाब के कुछ समाचार-पत्रों के माध्यम से आई है।

पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने गुर सिमरन सिंह को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया तो विरोध के स्वर उठने लगे। अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि अखाड़े में किसी को भी पद देने का अधिकार केवल अखाड़े के पंच और सचिव को है, न की आचार्य महामंडलेश्वर को। अखाड़े के पंच प्रकरण की जांच के बाद आगे का निर्णय लेंगे।

शुक्रवार को प्रेस को जारी बयान में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि आचार्य महामंडलेश्वर ने राष्ट्रीय प्रवक्ता का पद किसी को दिया है। यह जानकारी उनके संज्ञान में पंजाब के कुछ समाचार-पत्रों के माध्यम से आई है।

आचार्य महामंडलेश्वर को ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए, किसको पद देना है या नहीं देना है ये कार्य उनका नहीं है। आचार्य महामंडलेश्वर अपना पूजा पाठ का काम करते हैं। निरंजनी अखाड़े में पद देने या अन्य कार्य में उनका कोई अधिकार नहीं होता है। इस मामले में अखाड़े के पंचों की ओर से जांच की जाएगी। किसे पद दिया गया है और उनका परिचय क्या है, इस पर बाद में निर्णय लिया जाएगा।

निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने कहा कि हमने अखाड़े का प्रवक्ता नहीं, बल्कि अपना निजी प्रवक्ता नियुक्त किया है। बहुत सारे ऐसे मामले होते हैं, जिस पर आचार्य होने के कारण बोलना शोभा नहीं देता। इस कारण हमने एक हिंदूवादी सनातन धर्म के प्रचारक और शिष्य को निजी राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। अखाड़े के बीच कोई मतभेद नहीं है।

## आग बुझाने में नाबालिग की मौत, अब विभाग कह रहा नहीं है हमारा कर्मचारी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** बिनसर अभयारण्य क्षेत्र के गैराड़ जंगल में आग बुझाने के दौरान एक नाबालिग की मौत हो गई। घटना में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है।



वहीं नाबालिग की मौत के बाद उम्र को लेकर विवाद शुरू हो गया है। विवाद शुरू होने के बाद वन विभाग के अधिकारी नाबालिग को अपना कर्मचारी होने से मना कर रहे हैं। जबकि बीते दिन घटना के बाद विभागीय अधिकारियों ने आग में झुलसने से एक फायर वाचर की मौत की पुष्टि की थी।

बिनसर अभयारण्य क्षेत्र के गैराड़ जंगल में आग बुझाने के दौरान वन विभाग के चार कर्मचारियों की मौत हो गई थी। मृतकों में से एक करन आर्या निवासी भेटूली अयारपानी नाबालिग है। उसके आधार कार्ड में जन्मतिथि 20 सितंबर 2007 दर्ज है। उम्र के अनुसार अभी उसे 17 वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं। जबकि विभागीय अधिकारी करन आर्या की उम्र 21 साल बता रहे हैं।

अब मृतक करन की उम्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसे विभाग की लापरवाही बताया है। वहीं मृतक की उम्र को लेकर स्थानीय लोग जांच की मांग उठा रहे हैं। विवाद बढ़ता देख अब विभागीय अधिकारी करन को अपना कर्मचारी होने से ही मना कर रह हैं। ऐसे में अब सवाल खड़ा हो गया है कि यदि करन फायर वाचर नहीं था, तो आग बुझाने कैसे पहुंचा। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2012 के तहत 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को किसी भी खतरनाक व्यवसाय में काम पर नहीं रखा जा सकता। वन महकमा पूरे मामले की जांच की बात कह रहा है। इधर, मृतक करन के चचेरे भाई हिमांशु ने बताया कि करन फायर सीजन शुरू होने के बाद लगातार आग बुझाने पहुंच रहा था। उन्होंने बताया कि मृतक करन के पिता घर में ही खेती बाड़ी का काम करते हैं। वन रेंजर मनोज सनवाल ने बताया कि करन की फायर वाचर के रूप में तैनाती नहीं की गई थी। रामनगर~ बिंसर क्षेत्र में आग बुझाने के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों के निधन पर रामनगर के वनाधिकारियों व कर्मचारियों ने संघ भवन में शोकसभा की। रामनगर क्षेत्र के मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, वन क्षेत्राधिकारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, सहायक वन कर्मचारी संघ, वन वीट अधिकारी संघ, चतुर्थ श्रेणी संघ व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ शामिल हुए।

## प्रदेश के जंगलों में हैं 2276 गुलदार, भारतीय वन्य जीव संस्थान ने जारी किए वन्य जीव गणना के आंकड़े

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** आंकड़ों के हिसाब से प्रदेश के प्रत्येक जिले में औसतन 175 से अधिक गुलदार घूम रहे हैं। पिछले लंबे समय से गढ़वाल मंडल के पौड़ी जनपद सहित अन्य कई इलाकों में गुलदार हिंसक होकर समय-समय पर जानमाल का नुकसान कर रहे हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। उत्तराखंड के जंगलों में 2276 गुलदार घूम रहे हैं, जिसमें सबसे अधिक 294 पिथौरागढ़ डिवीजन में हैं। पिथौरागढ़ में हिमालयन घुरड़, सांभर, जंगली सूअर और काला भालू की संख्या भी अन्य से अधिक है। यह जानकारी भारतीय वन्य जीव संस्थान ने दी है। हाल ही में संस्थान ने वन्य जीव गणना के आंकड़े जारी किए हैं। मध्य हिमालय जोन में पहली बार इस तरह की गणना की गई है।



आंकड़ों के हिसाब से प्रदेश के प्रत्येक जिले में औसतन 175 से अधिक गुलदार घूम रहे हैं। पिछले लंबे समय से गढ़वाल मंडल के पौड़ी जनपद सहित अन्य कई इलाकों में गुलदार हिंसक होकर समय-समय पर जानमाल का नुकसान कर रहे हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। मध्य हिमालय क्षेत्र में समुद्रतल से 1000 मीटर से 3500 मीटर ऊंचाई वाले क्षेत्र में भारतीय वन जीव संस्थान ने वन विभाग के साथ मिलकर दिसंबर 2021 व जुलाई 2022 में वन विभाग के 20 से अधिक प्रभागीय व वन्य जीव प्रभागीय क्षेत्रों में गुलदार, भारतीय काकड़ (भौंकता हिरण), एशियाई काला भालू, हिमालयन घुरल, सांभर, जंगली सूअर की गणना की।

इस गणना के लिए संस्थान के विशेषज्ञों ने पद चिन्ह, मल व बाल के सैंपल, ट्रैप कैमरा आदि के जरिए चरणबद्ध तरीके से कुल 4051 वन्य जीवों के चिन्ह के सैंपल एकत्रित किए।

## जिंदा जलकर मौत: 30 घंटे बाद भी नहीं पहुंचा कोई मंत्री...तो लोगों ने रेखा आर्या को मारा ताना

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा जिले की विधानसभा से विधायक व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के भी पीड़ित परिवारों के घर नहीं पहुंचने और अस्पताल नहीं पहुंचने पर भी क्षेत्र के लोग नाराज हैं। अल्मोड़ा जिले की विधानसभा से विधायक व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के भी पीड़ित परिवारों के घर नहीं पहुंचने और अस्पताल नहीं पहुंचने पर भी क्षेत्र के लोग नाराज हैं। इन लोगों का कहना है कि मंत्री न सही महिला होने के नाते तो रेखा आर्या को अपने जिले के लोगों का दर्द बांटने आना चाहिए था। बिनसर की आग में अपनों को खोने वाले लोग तो कुछ बोलने की स्थिति में ही नहीं हैं। गांव वाले नाराज हैं और बोले कि लगता है मंत्रियों और अधिकारियों की नजर में इन मौतों की कोई कीमत ही नहीं है। तभी तो पीड़ित परिवार के आंसू पोछने जिले की सोमेश्वर सीट से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रेखा आर्या तक ने मातमपुरसी का तकल्लुफ नहीं उठाया। हल्द्वानी से पता चला है कि घायलों को देखने के लिए उन्हें एसटीएच आना था लेकिन एन वक्त पर अपना कार्यक्रम टाल दिया। बता दें कि, अल्मोड़ा के बिनसर अभयारण्य के जंगलों में लगी भीषण आग की चपेट में आकर चार कार्मिकों की असमय मौत हो गई। दर्दनाक हादसे के बाद पूरे अल्मोड़ा में मातम पसरा हुआ है लेकिन सरकार सिस्टम का जरा नजारा देखिए कि घटना के 30 घंटे बाद भी कोई मंत्री पीड़ित परिवारों के आसूं पोछने नहीं पहुंचा। बिनसर हादसे में घायल श्रमिकों के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के परिजनों से भेंट की और घायलों का हाल जाना। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शुक्रवार सुबह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के बर्न वार्ड में तैनात चिकित्सकों से झुलसे श्रमिकों के बारे में जानकारी ली।

## सीआरपीएफ ट्रेनी अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात, विकास योजनाओं के संबंध में की विस्तृत चर्चा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से सचिवालय में शैक्षिक भ्रमण पर यहां आए सीआरपीएफ के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इनके मध्य राज्य में आपदा प्रबंधन, सीमांत गांवों में विकास कार्य और राज्य में संचालित विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।



मुख्य सचिव ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई में राज्यों की सहायता में सीआरपीएफ की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। देशव्यापी उपस्थिति के साथ, राज्य पुलिस के साथ सहयोग करते हुए, विभिन्न परिस्थितिजन्य मांगों के साथ तेजी से समायोजन करने की इसकी उल्लेखनीय क्षमता ने सीआरपीएफ को व्यापक रूप से स्वीकृत बलों में से एक होने की प्रतिष्ठा प्रदान की है। रतूड़ी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी दीं।

## अपनों को जंगल की आग में खोने वालों का दर्द कौन करेगा महसूस

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अल्मोड़ा में जंगलों में लगी आग की चपेट में आकर चार कार्मिकों की मौत हो गई। दर्दनाक हादसे के बाद पूरे अल्मोड़ा में मातम पसरा हुआ है लेकिन सरकार सिस्टम का जरा नजारा देखिए कि घटना के 30 घंटे बाद भी कोई मंत्री पीड़ित परिवारों के आसूं पोछने नहीं पहुंचा।

अल्मोड़ा के बिनसर अभयारण्य के जंगलों में लगी भीषण आग की चपेट में आकर चार कार्मिकों की असमय मौत हो गई। दर्दनाक हादसे के बाद पूरे अल्मोड़ा में मातम पसरा हुआ है लेकिन सरकार सिस्टम का जरा नजारा देखिए कि घटना के 30 घंटे बाद भी कोई मंत्री पीड़ित परिवारों के आसूं पोछने नहीं पहुंचा। यह पहली मर्तबा नहीं है कि जब ऐसा हुआ हो। पिछले 41 दिनों में अल्मोड़ा जिले में ही जंगल की आग ने तीन घटनाओं में दो दंपतियों और तीन वन कर्मियों समेत नौ लोगों की जान ले ली है। इनमें से किसी भी हादसे के बाद मंत्री को इतना भी वक्त नहीं मिला कि वे पीड़ित परिवारों से जाकर मिलते और उन्हें सांत्वना देकर उनका दर्द बांटते।



ऐसे में अल्मोड़ावासियों के सवाल है क्या किसी मंत्री के विधानसभा में ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ होता तो भी वे वहां नहीं जाते। इस बारे में जब विभागीय मंत्री सुबोध उनियाल से बातचीत की गई तो उन्होंने टका सा जवाब दिया कि वन कर्मियों की अंत्येष्टि में विभाग के सबसे बड़े अधिकारी को भेजा था। आपका यह रवैया और बयान हैरान करता है जब वनाग्नि ने अकेले कुमाऊं जिले में इतनी जानें ले ली हों।

## गांव चकरपुर और मुंडिया पिस्तौर नगर पालिका में हों शामिल, ग्रामीणों ने की मांग

**बाजपुर, एजेंसी।** ग्रामीणों ने शहर से सटे गांव चकरपुर और मुंडिया पिस्तौर देहात को बाजपुर नगर पालिका में शामिल करने की मांग की। बृहस्पतिवार को नामित सभासद विमल शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री आशीष ठाकुर की अगुवाई में ग्रामीण एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम आरसी तिवारी के नहीं मिलने पर उनके पेशकार को सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम चकरपुर और मुंडिया पिस्तौर देहात शहर की सीमा से लगे है। नगर पालिका का विस्तार करके दोनों गांवों को शामिल किया जाए, जिससे ग्रामीणों को सुविधाएं मिल सके। शहर से सटे होने के कारण गांव के लोगों को कूड़ा डालने सहित अन्य कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहां रतन कांबोज, रमेशपाल, मनीष खन्ना, संजीव कुमार, रामचंद प्रजापति, पुष्पेंद्र कुमार, मंजीत, अनिकेत मैनी आदि थे।



## नारसन से सप्तऋषि तक और लगेंगे 112 सीसीटीवी कैमरे, खुद कप्तान रख रहे हर गतिविधि पर नजर

**हरिद्वार , एजेंसी।** हरिद्वार शहर से लेकर रुड़की और नारसन बॉर्डर तक मेला नियंत्रण भवन सीसीआर में कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाती है।

नारसन बॉर्डर से लेकर सप्तऋषि चेक पोस्ट तक तक अब 112 सीसीटीवी कैमरे और लगाए जाएंगे। पहले से 288 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अब इनकी संख्या 400 हो जाएगी। अब सारी गतिविधि की नजर सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कैंप कार्यालय में भी सिस्टम लगा दिया गया है, जहां से खुद कप्तान जिलेभर की गतिविधियों पर भी नजर रख रहे हैं। हर प्रमुख चौराहे के साथ ही हाईवे भी तीसरी आंख की निगरानी में है और कुछ भी हलचल होने पर पुलिस हरकत में आ जाती है।

हरिद्वार शहर से लेकर रुड़की और नारसन बॉर्डर तक मेला नियंत्रण भवन सीसीआर में कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाती है। फिलहाल 288 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। आपराधिक घटनाएं होने पर अधिकांश मामलों में यहीं से फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान की जाती है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बड़े स्नान पर्व और मेलों के दौरान हाईवे और चौराहों पर भीड़ की स्थिति पर नजर रखते हैं। अभी जिलेभर में नारसन बॉर्डर से लेकर हरिद्वार तक मुख्य चौराहों और मार्गों पर करीब 288 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन जल्द ही अब इनकी संख्या 400 करने की तैयारी चल रही है।

सीसीआर के बाद अब एसएसपी कैंप कार्यालय में भी सीसीटीवी कैमरों का सिस्टम लगाया गया हैं, जहां से कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोबाल खुद पूरे जिले में नजर रख रहे हैं। किसी चौराहे पर पुलिसकर्मी तैनात है या नहीं, जाम लगने के बाद क्या स्थिति बनी है ये देखते ही तुरंत सर्विलांस सिस्टम पर निर्देश जारी हो रहे हैं। जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ रही है।

जिलेभर में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे स्टेप बाई स्टेप लगाए जा रहे हैं। एक श्रेणी में प्रमुख चौराहे, एक में हाईवे, एक में गंगा घाट और यात्री बाहुल्य क्षेत्र, एक में बाजार, एक में शहर के अन्य हिस्से शामिल किए गए हैं। आपराधिक घटना होने पर सीसीटीवी से तुरंत आसानी से पहचान कर आरोपियों की धरपकड़ की जा सके, इन सब चीजों को ध्यान में रखकर और अधिक कैमरे लगाने का काम चल रहा है।



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 16 जून, 2024

# हरियाणा से पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने से दिल्ली में जलसंकट बरकरार, पानी का उत्पादन घटकर 932 एमजीडी पहुँचा-जलमंत्री आतिशी

## जलमंत्री की हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सुक्खू से भी हुई फोन पर बात, मदद का मिला आश्वासन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली में जलसंकट की स्थिति और बढ़ती जा रही है। हरियाणा से पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने से दिल्ली में पानी का उत्पादन 70 एमजीडी तक कम हो गया है। इस बाबत शनिवार को प्रेस-कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, हरियाणा से पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने से दिल्ली में जलसंकट बरकरार है और पानी का उत्पादन घटकर 932 एमजीडी पहुँच गया है। उन्होंने साझा किया कि, पर्याप्त पानी न मिलने से वजीराबाद बैराज का जलस्तर सामान्य से 6 फीट घटकर 668.5 फीट पर पहुँच गया है और मुनक नहर से मिलने वाला पानी भी घटकर 902 क्यूसेक पहुँच गया है। ऐसे में कम कच्चा पानी मिलने से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर बड़ा असर पड़ा है और दिल्ली में पानी का उत्पादन 70 एमजीडी तक कम हो रहा है।

इस आपातकालीन स्थिति में पानी की कमी दूर करने के लिए पश्चिमी दिल्ली के कई हिस्सों में बोरवेलो को यूजीआर से जोड़ा गया है साथ ही जलबोर्ड ने शहर भर में टैंकरों की ट्रिप्स को बढ़ाकर प्रतिदिन 10,000 कर दिया है।

इस बाबत शनिवार को जलमंत्री आतिशी ने अफसरों की भी आपातकालीन बैठक बुलाई और जरूरत के अनुसार शहर में टैंकरों की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जलमंत्री की हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सुक्खू से भी फोन पर बातचीत हुई और हिमाचल सरकार से उन्हें मदद का आश्वासन मिला।

आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में जलमंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार से मानवता के नाते अपील करते हुए कहा कि, हिमाचल से मिलने वाले पानी पर जबतक अपर यमुना रिवर बोर्ड का निर्देश नहीं आ जाता तबतक हरियाणा दिल्ली को कुछ अतिरिक्त पानी दें। साथ ही उन्होंने दिल्लीवालो से अपील करते हुए कहा कि, पानी का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करें, बचत करें, इससे दिल्ली के उन इलाकों को पानी मिल पाएगा, जहां पानी की कमी है। उन्होंने कहा कि, यदि दिल्ली में कही भी पाइपलाइन लीकेज की खबर मिलती है तो लोग ट्विटर पर दिल्ली जलबोर्ड को टैग करें, हम इसपर तुरंत संज्ञान लेंगे।

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में गंभीर हीटवेव के दौरान दिल्ली में तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच रहा है और दिल्ली में पानी का संकट बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि, अभी भी दिल्ली में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुँच रहा है। वजीराबाद बैराज पर जल स्तर 674.5 फीट होना चाहिए लेकिन ये अभी मात्र 668.5 फीट ही है। यानी वजीराबाद बैराज पर पानी लगभग पानी खत्म हो चुका है, और बिलकुल भी पानी नहीं आ रहा है। दूसरी तरफ मुनक नहर से दिल्ली को मिलने वाला पानी भी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। 10 जून को मुनक नहर से दिल्ली को 925 क्यूसेक पानी मिला था, वो 11 जून को घटकर 919, 12 जून को घटकर 903, और 15 जून को 902 क्यूसेक पर पहुँच गया। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली को वजीराबाद बैराज और मुनक नहर, दोनों स्रोतों से मिलने वाले पानी की मात्रा कम होने से दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी का कम उत्पादन हो रहा है। सामान्य रूप से रोजाना इन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में 1005 एमजीडी पानी का उत्पादन होता है, लेकिन कच्चे पानी की कमी के कारण ये आँकड़ा पिछले एक सप्ताह से लगातार घट रहा है। 6 जून को ये 1002 एमजीडी था जो 10 जून को गिरकर 958 एमजीडी पर पहुँच गया, और कल ये 932 एमजीडी पर पहुँच गया है। यानी दिल्ली में सामान्य से 70 एमजीडी कम पानी का उत्पादन हुआ है।उन्होंने कहा कि, मुनक नहर का पानी सात वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाता है लेकिन पानी की कमी के कारण इन वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों के उत्पादन पर असर पड़ा है। और 70 एमजीडी पानी के कम उत्पादन से दिल्ली के कई इलाकों में पानी की जो कमी थी वो अब भी बरकरार है। जलमंत्री ने कहा कि, इस स्थिति में आपातकालीन ट्यूबवेल करवाकर उन्हें सप्लाई नेटवर्क से जोड़ा गया है। ये ट्यूबवेल खासतौर पर बवाना, नरेला, द्वारका, नांगलोई सहित पश्चिमी दिल्ली के कई हिस्सों में करवाए गए है, जहां पानी की काफी कमी थी। आपातकालीन स्थिति को देखते हुए बोरवेल को स्थानीय यूजीआर से जोड़ा गया है। साथ ही जलबोर्ड के टैंकरों की ट्रिप्स को भी बढ़ाया गया है। अब जलबोर्ड द्वारा एक दिन में टैंकर के 10,000 ट्रिप्स किए जा रहे है। और जलबोर्ड तकरीबन 10 एमजीडी पानी टैंकरों के जरिए सप्लाई कर रही है। साझा करते हुए कहा कि, जल संकट के मुद्दे पर आज एक आपातकालीन बैठक भी बुलाई गई थी।

# फादर्स डे : संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



फादर्स डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं।

इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं।

प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खयाल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें।

प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान-स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें।

प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फरिश्ते ही काफी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें।

जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है।

इस धरती पर अरबों आत्माएँ जी रही हैं। उनमें से बहुत से लोग स्वार्थ एवं लापरवाही से भरपूर जीवन जी रहे हैं। बहुत से लोग तो आपे से बाहर जाकर भी अधिकार, शोहरत, सत्ता, मान-प्रतिष्ठा चाहते हैं। इसका अर्थ यह है कि वे लोग प्रभु की विपरीत दिशा में कदम उठा रहे हैं। जबकि प्रभु तो वास्तव में यही चाहते हैं कि हम न केवल उनसे बल्कि सभी इंसानों से एक समान ही प्रेम करें। जो लोग ऐसा करते हैं, केवल वे ही सच्चे मायनों में प्रभु की संतान हैं। फादर्स डे के दिन हम अपने-अपने पिता को सम्मान देने की सोचते हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें प्रभु को भी सम्मान व धन्यवाद देना चाहिए, जोकि हम सबके सच्चे व सर्वोपरि पिता हैं। इसका सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम उनके द्वारा मिली देनों एवं बरकतों को याद करें तथा उनका शुक्रिया अदा करें। दूसरे, हमें जिस महान-उद्देश्य के लिए यह मानव जन्म मिला है, उसे हम पूरा करें और अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को प्राप्त करें। आइए, आज के दिन हम लोग अपने शारीरिक पिता को धन्यवाद देने के साथ-साथ पिता-परमेश्वर, जिनसे हमें अपने जीवन के सभी उपहार प्राप्त हुए हैं, का भी दिल से शुक्राना अदा करें।

# नगर पंचायत जोया मे ईओ सहित कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। शनिवार को नगर पंचायत परिसर में योग गुरु द्वारा अधिशासी अधिकारी सहित कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग के साथ साथ यम नियम के महत्व को भी समझाया। उन्होंने कहा कि सभी लोग अभी से यम नियम का पालन करें तो उनका जीवन सुंदर हो जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अगर नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी संस्कारों एवं शिष्टाचार का पालन करें तो नगर वासी स्वयं संस्कारवान बनेंगे। आगे कहा कि 18, 19, 20 एवं 21 जून को सभी को आयुष मंत्रालय के प्रोटोकाल के अनुरूप योग कराया जाएगा।

# चांदनी चौक अग्निकांड: प्रशीतन अभियान अब भी जारी

- आग से 110 से अधिक दुकानें और गोदाम जलकर खाक हो गए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के चांदनी चौक बाजार में बृहस्पतिवार को लगी आग पर शुक्रवार को काबू पा लिया गया था लेकिन वहां प्रशीतन अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

चांदनी चौक के नई सड़क स्थित पुराने कटरा मारवाड़ी मार्केट में बृहस्पतिवार शाम पांच बजे आग लग गई थी। इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ। आग से 110 से अधिक दुकानें और गोदाम जलकर खाक हो गए, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम तीन दमकल वाहन अब भी प्रभावित हिस्सों में प्रशीतन कार्य कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, कुछ हिस्सों में अब भी आग की लपटें निकल रहीं हैं। अभियान कुछ और घंटों तक जारी रह सकता है।

आग पर काबू पाने के लिए 50 से अधिक दमकल वाहन और 200 अग्निशमन कर्मी को तैनात किया गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार रातभर आग पर काबू पाने की मशक्कत की और शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे आग पर काबू पाया। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पूरे दिन प्रशीतन अभियान जारी रहा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान समाप्त होने पर मलबा हटाने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवती और अनिल मार्केट परिसर की कपड़े की दुकानें और गोदाम पूरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके मीणा ने बताया कि अब आग लगभग बुझ गई है, करीब 110 से 120 दुकानें पूरी या आंशिक रूप से प्रभावित हुई हैं। मीणा ने बताया कि कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के अभियान के दौरान एक दमकल कर्मी मामूली रूप से जल गया।

# दिल्ली जल संकट: आप सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर पानी छोड़ने का आग्रह किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजरदिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया।

मंत्री ने कहा,दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील की है ह्ल उन्होंने कहा कि गर्मी कम होने के बाद यमुना के जल के बंटवारे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में दिल्ली में जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश अपने द्वारा उपयोग नहीं किया गया पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार है। मंत्री ने कहा,ह्लमैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात की और उन्होंने मुझे सहयोग का आश्वासन दिया है। आतिशी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी की उपलब्धता का आकलन बोर्ड द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है उनका पता लगाया जाए तथा पानी के टैंकर की संख्या बढ़ाई जाए।

# दिल्ली में जल संकट पर भाजपा, कांग्रेस ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश की राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर सियासत तेज हो चुकी है। जल संकट को लेकर भाजपा ने शनिवार को दिल्ली के जल मंत्री आतिशी के दफ्तर के बाहर मटका फोड़ प्रदर्शन किया। वहीं, कांग्रेस ने भी जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने केजरीवाल सरकार और मंत्री आतिशी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि दिल्ली सरकार ने टैंकर माफिया को छूट दे रखी है और वे लोग दिल्ली को लूट रहे हैं।

पानी की किल्लत को लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस भी सड़कों पर उतर गई। बता दें कि कांग्रेस ने अभी हाल में ही दिल्ली की सभी सात सीटों पर आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने पानी की किल्लत को लेकर सड़क पर उतरकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस के बैनर तले प्रदर्शन में शामिल लोगों ने दिल्ली सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता पानी के लिए बेहाल है और टैंकर माफिया मालामाल है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि दिल्ली की जनता पानी खरीदकर पी रही है और सरकार नींद में सोई हुई है। लोगों ने केजरीवाल सरकार पर वादाखिलाफी के भी आरोप लगाए।

गौरतलब है कि दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर इन दिनों सियासी बवाल मचा हुआ है। पानी की किल्लत के लिए केजरीवाल सरकार ने एक बार फिर हरियाणा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। केजरीवाल सरकार का आरोप है कि हरियाणा दिल्ली को पानी नहीं दे रहा है, जिसके चलते पानी की समस्या हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा का आरोप है कि दिल्ली सरकार टैंकर माफियाओं को संरक्षण दे रही है, जिसके चलते आम जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# आप विधायकों ने दिल्ली को जल संकट से राहत दिलाने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र, मिलने का भी समय मांगा



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली को जल संकट से तत्काल राहत दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी( आप) के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा है। इसमें विधायकों ने कहा है कि दिल्ली को जल संकट से उबारने के लिए दिल्ली सरकार हर प्रयास कर रही है, लेकिन यमुना में पानी की उपलब्धता कम होने के चलते दिल्ली की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। विधायकों ने कहा कि यह पूरा मामला हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली और उप्र के बीच का है। अगर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी उठा लें तो दिल्ली को जल संकट से उबारा जा सकता है। आप विधायकों ने सीआर पाटिल से रविवार को मिलने का समय भी मांगा है, ताकि वो उनके सामने पूरा मामला रख सकें। आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सीआर पाटिल इस मामले में दखल देकर दिल्ली को जल्द राहत दिलाएंगे। उन्होंने पानी के मुद्दे पर राजनीति कर रहे विपक्ष के नेताओं को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस पर राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

आप विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को पत्र लिखकर जल संकट मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने की मांग की है। क्योंकि दिल्ली में मौजूदा परिस्थितियां बहुत गंभीर हैं। इसलिए उन्होंने जल शक्ति मंत्री से रविवार को मिलने के लिए समय मांगा है। दिल्ली के दो करोड़ लोग उम्मीद करते हैं कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री अपने कीमती समय में कुछ समय निकाल कर जन प्रतिनिधियों की बात सुनेंगे।

# ट्रक से चोरी हो गए 5.5 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा स्थित एक कंपनी के 5.5 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के प्रतिनिधि की शिकायत पर ओखला थाना पुलिस ने चोरी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 31 मई को विनय मिश्रा नाम के एक शख्स ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि कंपनी के प्लांट से एसएफसी लॉजिस्टिक कंपनी के एक ट्रक में मोबाइल आईजीआई एयरपोर्ट के लिए भेजे गए थे। ट्रक में जीपीएस लगा हुआ था। इससे पता चला कि चालक ने ट्रक को दो जगहों पर रोका। पहली जगह ओखला पार्ट-टू और दूसरी जगह राव तुला राम मार्ग, सुब्रतो पार्क है। इसके बाद ट्रक को आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचाया गया। यहां पता चला कि ट्रक में रखे 12 पैकेट में से चार पैकेट चोरी हो गए। इन चार पैकेट में करीब 2,549 मोबाइल मौजूद थे। सभी महंगे मोबाइल थे। फिलहाल पुलिस दोनों जगहों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

# दिल्ली में गहराए जल सकंट पर कांग्रेस ने मटका फोड़ प्रदर्शन किया




नई दिल्ली । कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने राष्ट्रीय राजधानी में व्याप्त जल संकट को लेकर शनिवार को विभिन्न स्थानों पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राजधानी के 280 ब्लॉक में सुबह 10 बजे शुरू हुआ। सिर पर मटके और हाथ में कांग्रेस के झंडे लेकर प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, उन्होंने मटकों को जमीन पर पटककर फोड़ दिया। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेंद्र यादव भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने राजधानी में गहराए जल सकंट के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। उन्होंने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार ने शहर में पानी की कमी को दूर करने के लिए उचित कदम नहीं उठाए हैं, जिसके कारण लोगों को पानी के टैंकरों के पीछे भागना पड़ रहा है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा था कि यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने से दिल्ली में लगातार पानी की कमी हो रही है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया है। आतिशी ने आंकड़े साझा करते हुए कहा कि छह जून को पानी की मात्रा 1002 एमजीडी थी, जो अगले दिन यानी सात जून को 993 एमजीडी और आठ जून को 990, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919, 12 जून को 951 और 13 जून को 939 एमजीडी रह गई।

# आप विधायकों ने दिल्ली को जल संकट से राहत दिलाने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र

- यह मामला हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली और यूपी के बीच का है, इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को दखल देकर दिल्ली को जल्द राहत दिलाना चाहिए- दिलीप पांडे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली को जल संकट से तत्काल राहत दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा है। विधायकों ने कहा है कि दिल्ली को जल संकट से उबारने के लिए दिल्ली सरकार हर प्रयास कर रही है, लेकिन यमुना में पानी की उपलब्धता कम होने के चलते दिल्ली की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। विधायकों ने कहा है कि यह पूरा मामला हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच का है। अगर सीआर पाटिल इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी उठा लें तो दिल्ली को जल संकट से उबारा जा सकता है। ह्यह्यआपह्लह्ल विधायकों ने सीआर पाटिल से रविवार को मिलने का समय भी मांगा है, ताकि वो उनके सामने पूरा मामला रख सकें। ह्यह्यआपह्लह्ल विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सीआर पाटिल इस मामले में दखल देकर दिल्ली को जल्द राहत दिलाएंगे। उन्होंने पानी के मुद्दे पर राजनीति कर रहे विपक्ष के नेताओं को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस पर राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने दिल्ली में जल संकट को लेकर पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर पानी का संकट गहराया हुआ है। हर आदमी पानी की कमी का सामना कर रहा है। दिल्ली के अंदर कुछ लोग पानी की किल्लत पर राजनीति भी कर रहे हैं, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूण है। दिल्ली सरकार के जल मंत्री और विभागीय टीम लगातार दिल्ली की जनता को जल संकट से राहत देने के लिए जमीनी स्तर पर सभी संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इस बार की गर्मी अत्याशित है। ऐसे में दिल्ली के अंदर पानी की मांग भी बढ़ गई है। यमुना में मौजूद पानी की उपलब्धता दिल्ली की मांग और आपूर्ति से मेल नहीं खा पा रहा है। हमारे निवेदन पर हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़े जाने को स्वीकार कर लिया। इसके बाद भी यमुना में पर्याप्त पानी नहीं है और यह पेयजल के प्रोडक्शन को प्रभावित कर रहा है। इस वजह से दिल्ली के अंदर कई इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और दिल्लीवाले जल संकट झेल रहे हैं।

दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली में पानी का प्रोडक्शन पर्याप्त नहीं होने की वजह से दिल्ली की जनता दुखी और परेशान है। दिल्ली में जल संकट की स्थिति को देखते हुए आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा है। इस पत्र में हमने केंद्रीय मंत्री से निवेदन किया है कि इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार उठाए तो इस भीषण गर्मी में दिल्ली के अंदर मंडराते जल संकट के बादल छट सकते हैं। ह्यह्यआपह्लह्ल विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को पत्र लिखकर जल संकट मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने की मांग की है। क्योंकि दिल्ली में मौजूदा परिस्थितियां बहुत गंभीर हैं। इसलिए हमने जल शक्ति मंत्री से रविवार को मिलने के लिए समय मांगा है। दिल्ली के दो करोड़ लोग उम्मीद करते हैं कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री अपने कीमती समय में कुछ समय निकाल कर जन प्रतिनिधियों की बात सुनेंगे। ह्यह्यआपह्लह्ल विधायक यह पत्र जल शक्ति मंत्री के कार्यालय और घर भेजने के अलावा फोन पर भी उनसे संपर्क किया जाएगा, ताकि हमें 5-10 मिनट के लिए मिलने का समय मिल सके।

दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली में जल संकट का पूरा मामला ही इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन का है और केंद्र सरकार के बगैर हस्तक्षेप के इसका समाधान नहीं निकलने वाला है। हरियाणा की भाजपा सरकार राजनीति कर रही है। बुराड़ी के पास हिरण्की में उत्तर प्रदेश की तरफ जमकर अवैध खनन हो रहा है। शुक्रवार को इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। कुछ दिन पहले ही अवैध खनन को लेकर गोलियां भी चली है। वीडियों के अलावा फोटो भी ढेर सारे हैं। जिससे पता चलता है कि वहां खनन के लिए मशीनें लगी हैं, जो अवैध तरीके से खनन कर रहे हैं। इस अवैध खनन के दौरान ये लोग छोटे-छोटे कई डैम बनाकर यमुना के प्रवाह को रोक देते हैं। चूंकि यह दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल राज्य का मामला है। इसलिए आम आदमी पार्टी निवेदन करती है

# स्वाति मालीवाल मारपीट मामला: अदालत ने बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ा दी।

कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ड्यूटी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी और दिल्ली पुलिस को उन्हें 22 जून को पेश करने का निर्देश दिया।

इससे पहले शुक्रवार को अदालत ने जांच अधिकारी की अनुपस्थिति को देखते हुए कुमार की हिरासत एक दिन के लिए बढ़ा दी थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें उसी दिन पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने कहा था कि उनकी गिरफ्तारी के कारण अग्रिम जमानत याचिका का कोई मतलब नहीं रह जाता। उन्हें 24 मई को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था, जिसके बाद उन्हें फिर से तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

कुमार के खिलाफ 16 मई को दर्ज की गई प्राथमिकी में आपराधिक धमकी देना, महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग तथा गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने से संबंधित धाराएं शामिल की गई हैं।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, रविवार, 16 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### आरटीई के तहत नामांकन पर अब लगाना होगा बैनर

जमुई/गिद्धौर।आरटीई के तहत नामांकन को लेकर विभाग लगातार तैयारी कर रही है लेकिन अब अभीभावक जागरूक नहीं हो रहे हैं। जिस वजह से आवेदकों की संख्या काफी कम है या कह लें ना के बराबर है छीईओ राजेश कुमार ने बताया की आरटीई के प्रति अभिभावक जागरुक हों इसके लिए सभी प्रस्वीकृत निजी स्कूल संचालकों को स्कूल के मेन गेट पर नामांकन से संबंधित बैनर लगाने का निर्देश दिया गया है।बैनर में लिखना है कि हमारे स्कूल में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अलाभकारी समूह व कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन शुरु है।बताया कि ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से 16 जून तक नामांकन के लिए बच्चे व अभिभावक संबंधित कागजात के साथ आवेदन करेंगे।18 से 19 जून तक बच्चों का स्कूल आवंटन शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिन स्कूलों में बच्चों का आवंटन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा वहां उस स्कूल में 20 से 30 जून तक नामांकन ले सकते हैं। अलाभकारी समूह के वैसे बच्चे जिनके माता-पिता,वैधानिक अभिभावक की वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक हो वहीं कमजोर वर्ग के वैसे छात्र जिनके माता-पिता की वार्षिक आय दो लाख रुपए से कम हो।

# भारी संख्या में चोरी की बाइक बरामद, लगातार हो रही मोटर साइकिल चोरी मामले का हुआ उद्भेदन

## चोरी की 11 बाइक और बाइक के दर्जनों टंकी के साथ गैरेज मालिक सहित चार गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा लगातार हो रही बाइक चोरी मामले का एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बड़ा खुलासा किया। चोरी की 11 बाइक और दर्जनों बाइक की टंकी के साथ पुलिस ने गैराज मालिक सहित दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की निशानदेही पर 11 बाइक और 8 पीस बाइक की टंकी, तथा 11 पीस सलेंसर, 7 पीस पुराना रिम और चार पीस टायर लगा हुआ रिम बरामद किया। वहीं इस मामले की जानकारी देते हुए एएसपी प्रवेंद्र भारती ने सिंहेश्वर थाना में प्रेस वार्ता कर खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि सिंहेश्वर थाना क्षेत्र में बढ़ रही बाइक चोरी की घटना को देखते हुए 12 जून को थानाध्यक्ष वीरेंद्र राम को वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सिंहेश्वर मवेशी हाट में चोर बाइक



चोरी के फिराक में है। प्राप्त सूचना के आलोक में सिंहेश्वर थानाध्यक्ष के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मवेशी हाट पहुंचकर बुढ़ावे वार्ड संख्या 12 निवासी श्यामसुंदर राम के पुत्र सनोज कुमार को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पूछताछ के क्रम में सनोज कुमार ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की एवं चोरी की बाइक को बिहारीगंज थाना क्षेत्र के कुस्थन शास्त्री चौक स्थित मो. जुबेर के गैराज पर बेचने की बात बताई। जिसके आधार पर पुलिस ने बिहारीगंज के कुस्थन स्थित मो. जुबेर के बाइक गैराज पर स्थानीय थाना के सहयोग से छापेमारी कर बाइक एवं बाइक का पार्ट्स बरामद किया। वहीं इस मामले में गैराज मालिक मो.जुबेर को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में मो. जुबेर ने पूर्व में भी इस तरह के कांड में मुरलीगंज थाना से जेल जाने की बात स्वीकार की। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के आपराधिक इतिहास को भी मामला खंगाला जा रहा है।

साथ हीं इस दौरान एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि घैलाढ़ ओपी क्षेत्र लक्ष्मीनिया मोड़ पर पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग के क्रम में हथियार के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। जिसमें सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र के समहा निवासी महेश साह का पुत्र शशिभूषण कुमार और बिहरा थाना क्षेत्र के पदमपुर निवासी सिकेन्द्र यादव का पुत्र रणवीर कुमार शामिल है। गिरफ्तार युवकों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद किया गया।

# ऑपरेशन मुस्कानः बिहार पुलिस की अनूठी पहल व उपलब्धि



प्रातः किरण संवाददाता

जिले के 35 लोगों को खोये हुए मोबाइल वापसी करते हुए एसपी डॉ शौर्य सुमन जमुई पुलिस निरंतर पुलिस अधीक्षक डॉ0 शौर्य सुमन के नेतृत्व में आमलोगों के सरोकार के विषयों यथा विधि-व्यवस्था, अपराध निवारण एवं रोकथाम, अपराध का त्वरित उद्भेदन, इत्यादि में जनसंवेदी पुलिसिंग के लिए तत्पर है। इसी क्रम में, जमुई पुलिस अधीक्षक द्वारा अनूठी पहल करते हुए उनके निर्देशानुसार जिला आसूचना इकाई द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत कुल 35 आम लोगों के खोये हुए मोबाइल को ढूंढकर उसे सही सलामत उनलोगों को वापस किया गया है। जमुई पुलिस के इस अनूठे कदम से पीड़ित लोगों को अविलंब उनके खोये मोबाइल मिले हैं एवं त्वरित न्याय और राहत की अनुभूति मिली है। जमुई पुलिस द्वारा जनता को वापस किये जाने वाले कुल 35 मोबाइल की कीमत लगभग रुपये 06 लाख से ज्यादा है। सभी 35 लोग समाज के बेहद आम व्यक्ति हैं तथा छोटे-मोटे रोजगार के कामकाजी लोग हैं जिनके लिए मोबाइल फोन उनके जीविकोपार्जन में सहायक तो था ही, इसका खो जाना आर्थिक रूप से उनके लिए दुष्कर और पीड़ादायक था। सभी व्यक्तियों द्वारा अपने खोये मोबाइल को वापस दिलाने के लिए जमुई पुलिस को सहस्त्र धन्यवाद दिया गया है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत जमुई पुलिस की आमलोगों को तत्क्षण न्याय, राहत एवं मानवीय मदद का यह सिलसिला निरंतर जारी रखा जाएगा।

# जैई एडवांस परीक्षा में पूरे देश 2700 रैंक लाकर जिले का नाम किया रोशन



प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड 2 में स्थित सेंट्रल विद्या मंदिर के छात्र उदय कुमार ने जैई एडवांस परीक्षा में पूरे देश मात्र मात्र 2700 रैंक लाकर जिले का नाम रौशन किया है।जिसको लेकर विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार व उपनिदेशक धीरेन्द्र कुमार के द्वारा एक सम्मान सामारोह आयोजित करके सफल छात्र को व उनके माता - पिता को सम्मानित किया गया। सम्मान सामारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व पार्षद पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी सह राजद प्रदेश उपाध्यक्ष कुमारी विनीता भारती ने पहुँचकर छात्र को सम्मानित की साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में युवा नेता युवा राजद के प्रधान महासचिव सह मिडिया प्रभारी संजीव कुमार ने भी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र के पिता रमेश कुमार व माता किरण कुमारी कार्यक्रम में भावुक हो गई और कहा की उदय बचपन से ही नटखट था इसके पढ़ाई को लेकर हमलोग चिंतित रहते थे लेकिन आज इसने सिर्फ परिवार का ही नहीं समूचे जिला का नाम रौशन करके हमें गौरवान्वित होने का मौका दिया है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. मुरारी ने कहा की लागातार सेंट्रल विद्या मंदिर जो हमारे गृह वार्ड 2 में स्थित है यहाँ से बच्चें लागातार अच्छे - अच्छे एग्जाम क्लियर कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है इसके लिए में विद्यालय परिवार को विशेष बधाई और धन्यवाद देता हूँ और सभी बच्चें और विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम में सिंटू यादव, आशीष कुमार, दिलखुश कुमार, मो. इमरान जी, पुष्पक कुमार सहित दर्जनों शिक्षक - छात्र मौजूद रहे।

# योजना- 1 जुलाई से चलेगा अभियान, राशनकार्ड धारियों को मिलेगा आयुष्मान कार्ड का लाभ

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।आयुष्मान भारत योजना लोगों को हेल्थ बीमा का बहुत ही सुलभता से लाभ दिलाने वाली योजना है। यही कारण है कि लगातार इसके लाभुकों का दायरा बढ़ाया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके,इसके लिए सरकार ने कई सुधार किए हैं।अब राशन कार्ड धारियों को भी लाभ दिया जा रहा है। सभी लाभुकों को योजना का लाभ लेने में सहूलियत हो, इसके लिए परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। अब नवविवाहिता एवं नवजात बच्चे का नाम भी इस योजना से जोड़ा जाएगा।आयुष्मान भारत की जिला समन्वयक ने बताया कि योजना में परिवार का नाम तो शामिल है लेकिन वैसे परिवार जिसमें शादी के बाद नवविवाहित आती है या कोई बच्चा जन्म लेता है तो उसका नाम पारिवारिक सूची में शामिल नहीं रहता है।ऐसे में अगर स्वास्थ्य संबंधित समस्या होती है तो इन दोनों को लाभ से वंचित होना पड़ता है। इसलिए सरकार ने नया गाइडलाइन जारी किया है।

परिवार की सदस्य बनते ही लाभ

उन्होंने बताया कि जैसे ही कोई नव विवाहिता परिवार की सदस्य बनती है तो पति के नाम पर उसे भी योजना से जोड़ा जाएगा।हालांकि इसके लिए उन्हें मैरेज सर्टिफिकेट देना होगा। यही नहीं यदि बच्चा पैदा होता है तो उसे भी माता-पिता के नाम से जोड़ा जाएगा।उसे भी कार्ड का लाभ मिलेगा। लेकिन इसके लिए बच्चों के अभीभावक को जन्म प्रमाण पत्र देना होगा।उन्होंने बताया कि फिलहाल यह सुविधा सिर्फ सरकारी अस्पतालों में ही दी जाएगी।सीएसपी को अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी गई है। इसका लाभ लेने के लिए सरकारी अस्पतालों में संपर्क करना होगा। शिविर लगा बनाया जाएगा कार्ड जिला समन्वयक ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पुनः 1 जुलाई से सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलाया जाएगा।संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदार से जुड़े जितने भी राशन कार्ड धारी है उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

# आजादी के सात दशक बाद भी नहीं बदली गंगापुर सड़कों की तस्वीर

- पक्की सड़क के लिए तरस रहे है ग्रामीण



प्रातः किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर प्रखंड के गंगापुर पंचायत के कुम्हारा वासा वार्ड 8 का सड़क वर्षा के समय कीचड़मय हो जाता है जिससे आम लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। आजादी के 7 दशक बाद भी भारत के इस गांव को पक्की सड़क अब तक नसीब नहीं हो सकी है।लिहाजा गांव वालों को कई परेशानियों से हर रोज दो चार होना पड़ता है।हैरानी की बात है कि चुनाव के दौरान सड़क बनाने का दावा करने वाले नेता जी चुनाव जीतने के बाद इस गांव में जाना भी पसंद नहीं करते हैं। गांव में परेशानी इस कदर है कि यहां शादी करके आने वाली बहुएं भी अपने आप को कोसती रहती है। पक्की सड़क तो आज भी एक सपने जैसा लगता है।इस सपने को पूरा करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई ख्वाब दिखाए। लेकिन आज तक इस मसले पर न तो किसी ने गंभीरता दिखाई और न ही किसी ने इस दिशा में कोई पहल की। नेता चुनाव के समय हाथ जोड़कर वोट मांगने आ जाते हैं। परिणामों की घोषणा होते ही वे लौट कर नहीं आते। आलम यह है कि आज भी ग्रामीण अपनी तकदीर को कोस रहे हैं।लोग अपनी मजबूरियों के बीच समय व्यतीत कर रहे है।स्थानीय ग्रामीण का कहना है की पक्की सड़क के अभाव में इस गांव में घुट-घुट कर जीवन बिताना पड़ रहा है। अगर किसी की तबीयत खराब हो जाए तो गांव से बाहर जाने के लिए सड़क नहीं है। ऐसे में मरीज की क्या हालत होगी और उनके परिजनों पर क्या गुजरेगी इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।ऐसे में आजाद भारत की खूबसूरत तस्वीर की कल्पना गांव वालों को आज भी बेमानी लगती है। वही इस दौरान ग्रामीणों ने महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर नवीन कुमार निषाद को बुलाया सड़क की दैनिए स्थिति से अवगत कराया। पूर्व प्रत्याशी नवीन कुमार निषाद ने विभागीय जेई से बात कर सड़क बनाने की बात रखी। वही इस दौरान पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर नवीन कुमार निषाद ने बताया कि सड़क मामला को लेकर जिला पदाधिकारी से बात करेंगे। मौके पर सुरो ऋषिदेव, झकसु ऋषिदेव, विलास ऋषिदेव, अखिलेश ऋषिदेव, प्रमोद राय, दिलीप राय, अमित राय, श्यामा देवी, फुदकी देवी, अवधेश पंडित, धनेश्वर पंडित, अशोक राय आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# एक ही दस्तावेज पर दो जमीन का केवाला, बना ली गई फर्जी जमाबंदी

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। एक ही दस्तावेज संख्या के आधार पर दो अलग-अलग अंचल की जमीन का कथित फर्जी केवाला का मामला सामने आया है। जिसमें संविदा लिपिक संजीव कुमार सिन्हा के साठ गांठ से फर्जी केबाला का मामला आया है।इसे लेकर गिद्धौर निवासी शंभू यादव के द्वारा मुंगेर प्रमंडल आयुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया कि प्रखंड के पतसंडा तौजी नंबर 346 थाना नंबर 129 जिसका जमाबंदी नंबर 978 खाता नंबर 382 खसरा नंबर 12 11 कुल रकबा 61 डिसमिल जमीन है जो 24 जून 1968 को ही मेरे पूर्वज महाराज प्रताप सिंह से खरीद किए थे। उक्त जमीन का दाखिल खारिज उसी वक्त हो गया जिसका लगान रसीद दखल कब्जा आज तक बरकरार है।लेकिन इसी बीच गिद्धौर निवासी मेरे पड़ोसी ने मेरे जमीन का 10 डिसमिल भूमि का फर्जी केवाला बनाकर जमीन हड़पना चाहता है। जो अंचल कार्यालय में पद स्थापित संविदा लिपिक संजीव कुमार सिन्हा के साथ मिलकर फर्जी केवला वर्ष 2023-24 में बना कर दाखिल खारिज कर दिया। जबकि उसकी जमीन पर दखल कब्जा भी नहीं है आगे उन्होंने आवेदन में बताया कि बीते 1 जून 24 को संविदा लिपिक संजीव कुमार सिन्हा पक्ष विपक्ष दोनों को जमीन का पेपर लेकर आंचल कार्यालय बुलाया गया तथा जब हमने अपना पेपर दिखाया तो संविदा लिपिक ने मुझे यह कहा कि जमीन 10 डेसिमल छोड़ दो नहीं तो जेल में डाल देंगे तथा मेरे साथ काफी अभद्र व्यवहार भी किया। आगे उन्होंने बताया कि मेरे पड़ोसी काफी जालसाजी व्यक्ति है जो दिन भर संविदा लिपिक संजीव कुमार सिन्हा अपने पास अंचल कार्यालय में बैठाकर रखता है।वही सारा मामला अंचल कार्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है।वही गिद्धौर निवासी शंभू यादव ने आवेदन में कहा कि कार्यालय में लगा सीसीटीवी को खंगालने के बाद मामला उजागर हो सकता है। पीड़ित ने उक्त मामले को लेकर संविदा लिपिक संजीव कुमार सिन्हा के खिलाफ लिखित शिकायत मुंगेर प्रमंडल आयुक्त एवं जिलाधिकारी जमुई देकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। वही इन दोनों गिद्धौर अंचल कार्यालय में बिचौलियों के द्वारा ही काम कराया जाता है आम आदमी के काम बिना बिचौलिया के द्वारा नहीं किया जाता है।

# बीएड शुल्क वृद्धि के लिए सुझाव हेतु जारी आदेश पत्र के खिलाफ संयुक्त छात्र संगठन ने की प्रेस वार्ता

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा बीएनएमयू प्रशासन द्वारा बीएड शुल्क वृद्धि के लिए सुझाव हेतु जारी आदेश पत्र के खिलाफ शनिवार को संयुक्त छात्र संगठन ने बीएनएमयू परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया। संयुक्त छात्र संगठन के नेताओं ने कहा की बीएनएमयू प्रशासन समय - समय पर शुल्क वृद्धि कर प्रयास करती है।पिछले वर्ष भी बीएनएमयू प्रशासन ने यह प्रयास किया था लेकिन संयुक्त छात्र संगठन के आंदोलन पर शुल्क वृद्धि के आदेश को वापस लिया गया एवं बीएड शुल्क वृद्धि पूर्ववर्त बने रहने का लिखित आश्वासन भी दिया गया था और उसके साथ ही कई बार कुलपति और छात्र प्रतिनिधियों की बैठक भी आयोजित हुई थी जिसमें बीएड में किसी भी प्रकार की शुल्क वृद्धि नही होने पर विचार हुआ था। लेकिन आज एकबार फिर विश्वविद्यालय प्रशासन शुल्क वृद्धि करने पर आमादा है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन शुल्क वृद्धि के लिए षड्यंत्रकारी नीति अपना रही है। यही कारण है की शुल्क वृद्धि हेतु आम लोगों से सुझाव के लिए 11 जून को पत्र जारी किया गया। जिसमें सुझाव के



लिए 10 दिन का समय दिया गया है लेकिन विश्विद्यालय प्रशासन उस पत्र को सार्वजनिक करने के बजाए उन्हें 3 दिनों तक दबा कर रखा ताकि आम छात्र और अभिभावक अपनी सुझाव नही दे सके और बीएड माफिया अपने हिसाब से शुल्क वृद्धि के पक्ष में सुझाव दे पाए। उन्होंने कहा की पत्र को तीन दिन बाद कल शाम में यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर बेमन तरीके से दिया गया। जबकि ऐसे गंभीर और संवेदनशील मशले पर बीएनएमयू को प्रेस वार्ता कर प्रेस नोट जारी करना चाहिए ताकि यह संदेश यहां के छात्र, अभिभावक एवं यहां के आम लोगों तक पहुंचे और छात्रहित में सुझाव मिल सके। जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की बीएनएमयू कोसी के गरीब, कमजोड़, पिछड़े और वंचित तबके के छात्रों के लिए इकलौती उम्मीद है। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन गरीबों के बच्चों से उच्च शिक्षा की यह उम्मीद भी छीनना चाहती है। विश्वविद्यालय प्रशासन जितना समय, समझ और ताकत बीएड में शुल्क वृद्धि के लिए लगा रही है अगर उतना ऊर्जा बीएनएमयू अंतर्गत सभी बीएड विभागो को सरकार से अधिग्रहण के लिए प्रयास करते तो आज स्थिति कुछ ओर होती। शिक्षक, छात्र सभी के लिए बेहतर होता। वही छात्र जदयू के विश्विद्यालय अध्यक्ष निखिल सिंह यादव ने कहा की बीएनएमयू प्रशासन की इस मंशा को कभी कामयाब होने नही दिया जाएगा। सहरसा स्थित सरकारी बीएड कॉलेज सीटीई सहरसा 3 वर्षो से बंद है।जहां छात्र का न्यूनतम शुल्क पर नामांकन होता था लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन उसको शुरू करवाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है ।

# डीएलएड की परीक्षा दे कर घर जा रहे छात्र का अपहरण

## पुलिस ने एक घंटे के अंदर किया अपहृत छात्र को बरामद

- दो अपराधी भी हुआ गिरफ्तार, अपहृत छात्र को भीरखी रेलवे ढाला के समीप एक बांसवारी से किया गया बरामद



प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा में डीएलएड परीक्षार्थी की अपहरण मामले को लेकर मधेपुरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली। सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने महज एक घंटे के भीतर अपहृत छात्र दीपक कुमार को सकुशल बरामद कर लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्काल दो अपराधी को भी गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की। दरअसल बीते 14 जून की देर शाम जिला मुख्यालय स्थित सदर थाना क्षेत्र के केशव कन्या उच्च स्तरीय हाई स्कूल में डीएलएड की परीक्षा देकर सिंहेश्वर के पटोरी निवासी दीपक कुमार अपने घर जा रहे थे कि हाई स्कूल गेट पर तीन बाइक पर सवार 6 की संख्या में अपराधियों ने अगुवा कर लिया इसकी सूचना अपहृत के परिजनों ने तत्काल सदर थानाध्यक्ष को दी जिसके बाद अपहरण की खबर आग की चिंगारी जैसे पूरे शहर में फैल गई। हालांकि इस मामले को लेकर त्वरित गति से एसपी संदीप सिंह ने एएसपी प्रवेंद्र भारती के अध्यक्षता तथा सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया। गठित टीम ने महज एक घंटो के अंदर अपहृत छात्र को सकुशल बरामद करते हुए दो अपराधी को धर दबोचा। वहीं इस मामले को लेकर सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ए एस पी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि पुलिस ने महज एक घंटे के भीतर हीं अपहृत छात्र को भीरखी रेलवे ढाला के समीप एक बांसवाडी से सकुशल बरामद किया साथ हीं दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि एमडी आशिक उर्फ गुड्डु पर पूर्व से भी कई मामले दर्ज है वहीं मंतोश कुमार का अपराधी इतिहास खंगाला जा रहा है। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि दीपक की अपहरण प्रथम दृश्य हत्या की नीयत से की गई थी हालांकि पुलिस हर विंदुओं पर अनुसंधान कर रही है अन्य अपराधी की धर पकड़ हेतु छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है।

# प्रेम-प्रसंग में युवक की गला रेत कर हत्या

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा के अरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर वार्ड चार में 12 जून की रात सिपिन कुमार नाम के एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस कांड का उद्वेदन कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।इसकी जानकारी उदाकिशुनगंज एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विशनपुर वार्ड चार निवासी जयचंद मेहता के बेटे सिपिन कुमार की हत्या प्रेम-प्रसंग में हुई थी। बताया कि मृतक सिपिन कुमार के पिता जयचंद मेहता द्वारा थाना में आवेदन देकर सहरसा जिले के सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र के सोहा राजवाड़ा निवासी विकास कुमार एवं अन्य पांच नामजद



अभियुक्तों के विरुद्ध ग्वालपाड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिकी अभियुक्त विकास कुमार और बिशनपुर निवासी सुमन मेहरा की बेटी ललिता कुमारी को अरार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एस डी पी ओ ने बताया कि जांच में सिपिन कुमार की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण होने की बात प्रकाश में आई है। गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। बता दें कि रेशना पंचायत के वार्ड चार भरना टोला निवासी जयचंद मेहता के बेटे सिपिन कुमार कुमार घर के नजदीक ही मुर्गा पॉल्ट्री फार्म चलाता था। बुधवार की देर रात उसको किसी का फोन आया, उसके बाद वह बाइक लेकर घर से निकला था। इसके बाद वह रात में घर नहीं लौटा। गुरुवार की सुबह घर के सामने बांसबाड़ी में उसका शव मिला। शरीर पर कई जगह गहरे जख्म के निशान थे। जानकारी के मुताबिक सिपिन कुमार चोरी-छिपे मोबाइल से सोहा राजवाड़ा निवासी विकास कुमार की पत्नी ललिता देवी से बातचीत करता था। इसकी जानकारी महिला के परिजनों को मिलने पर सभी नाराज चल रहे थे। सब ने मिलकर सिपिन कुमार की हत्या की योजना बनाई। इसके बाद बुधवार की देर रात ललिता देवी से फोन करवा कर सिपिन कुमार को बुलवाया और धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी।

# आरपीएफ ने दिया मानवता का परिचय, प्रसुता महिला का स्टेशन पर करवाया डिलीवरी

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] रेलयात्रियों की सुरक्षा के बीच झाझा आरपीएफ ने रेलयात्रियों के बीच सहयोग प्रदान करते हुए मानवता का परिचय दिया है। शनिवार को टेज्न में यात्रा करने के दौरान एक प्रसुता को दर्द उठा तो झाझा प्लेटफार्म पर प्रसुता का आरपीएफ के सहयोग से डिलीवरी करवाया गया। दरअसल केशोफरका गांव के रहने वाले बाटो मांझी कानपुर मे ईट भटटा में काम करता है और वह काठगोदाम एक्सप्रेस से झाझा आ रहा था जिसके साथ उसकी गर्भवती पत्नी रेखा देवी भी साथ में थी। वही गिद्धौर रेलवे स्टेशन से गाड़ी ज्योहि खुली कि प्रसुता के पेट में अचानक दर्द होने लगा जिसके बाद उसके पति एवं अन्य यात्रियों ने उसे किसी तरह झाझा स्टेशन तक लाया जहां प्रसुता महिला और उसके पति स्टेशन पर उतरने के बाद काफी परेशान दिखाई दे रहा था तो डयूटी पर तैनात आरपीएफ के जवानों ने दर्द से कहरा रही प्रसुता महिला की मदद करते हुए तुरंत रेलवे चिकित्सक को बुलाया जिसके बाद प्रसुता महिला का डिलीवरी स्टेशन पर ही कराया गया। जिसके बाद नवजात बच्ची और उसकी मां को सरकारी अस्पताल लाया गया जहां नवजात बच्ची और उसकी मां को जीवन सुरक्षा से जुड़ी से टीका लगाया गया। वही बाटो मांझी ने बताया कि आरपीएफ की मदद से मेरी पत्नी और बच्ची सुरक्षित हैं ।

# नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

सोनो (जमुई ): आग बरसती धुप और भीषण गर्मी से निजात पाने तथा बारिश के लिए भगवान इंद्र का सिंहासन डोलाने के लिए सोनो प्रखंड के ढोंढरी पंचायत अंतर्गत तेंतरिया गांव के समस्त ग्रामीणों के सहयोग से तेंतरिया गांव स्थित माता भगवती मंदिर के प्रांगण में नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया है ।सोनो प्रखंड के प्रसिद्ध डुमरी गांव निवासी विद्वान पंडित सह कथा वाचक कुंदन पांडेय के द्वारा इस महायज्ञ का शुभारंभ विधि पूर्वक हवन पूजन ओर मंत्रोच्चारण के साथ



किया गया है ।

13 जुन को प्रारंभ हुई इस महायज्ञ का समापन आगामी 21 जुन को होगा ।यज्ञ समापन के पश्चात 24 घंटे तक रामधुनी अष्टजाम हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है । इस यज्ञ में यजमान के रूप में मंदिर के पुजारी सह तेंतरिया गांव निवासी श्री देवी मंडल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सोनिया देवी शामिल हैं ।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## आशावाद भी गायब

जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर हो, वहां कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुवैत में विदेशी मजदूरों के एक रहवास में हुए भयंकर अग्निकांड में मरे 49 लोगों में तकरीबन 40 भारतीय हैं। उधर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में भाड़े के सैनिक के तौर पर गए दो और भारतीयों की मौत हो गई है। ये भारतीय उन 30 लोगों से अलग हैं, जिनके परिजनों ने भारत सरकार से संपर्क किया था। मतलब यह कि रूस की तरफ से लडे के लिए जिन भारतीयों को बहला-फुसला कर ले जा गया गया, उनकी संख्या उससे कहीं अधिक है, जिसकी जानकारी भारत सरकार और भारत के आम लोगों को रही है। यह खबर तो पहले से बहुचर्चित है कि भारत सरकार ने खुद अपने प्रयास से सैकड़ों देशवासियों को युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी करने के लिए भेजा तो मन में पहली नजर में भाव यह उभरता है कि त्रासदी कहीं हो, उससे भारतीयों का कोई ना कोई संबंध निकल आता है। आखिर देश में अवसरों की इतनी कमी और उससे उत्पन्न निराशा इतनी व्यापक क्यों है कि देशवासी कहीं भी जाकर अपनी जान खतरे में डालने के लिए तैयार हो जाते हैं? हम कुछ आंकड़ों पर गौर करें, तो इस बारे में कुछ संकेत पा सकते हैं। मसलन, जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर चल रही हो, वहां आम जन की कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुल आलम यह है कि सर्वे एजेंसी गैलप के एक विश्वव्यापी आकलन में सामने आया कि भारत में सिर्फ 14 फीसदी कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को खुशहाल श्रेणी में रखा। बाकी 86 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी हालत को संघर्षरत या पीड़ादायक बताया। जबकि अपने को खुशहाल बताने वाले कर्मचारियों का वैश्विक औसत 34 प्रतिशत था। शासक तबकों और उनके संचार माध्यमों की तरफ से इस जमीनी सूरत पर परदा डालने के सुनियोजित अभियान लगातार चलाए जाते हैं। मगर उनसे संकट अब छिपाये नहीं छिप रहा है। अब हाल यह है कि अक्सर चुनावों के बाद दिखने वाला आशावाद भी इस बार गायब ही रहा है।

## अहम मंत्रालय है पंचायती राज

संजय गोस्वामी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा कर दिया गया है। विपक्षी दलो द्वारा ये कहा गया कि बीजेपी ने अपने सहयोगी दलो को बेकार मंत्रालय दे दिया है मोदी कैबिनेट मैंशामिल बिहार के 8 मंत्रियों के बीच भी मंत्रालय का बंटवारा किया गया है। बिहार से 4 केंद्रीय मंत्रियों और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री को मंत्रालय दिया गया है। बिहार के सांसदों के बीच मंत्रालय के बंटवारे पर दिल्ली से पटना पहुंचे तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इन सभी को झुनझुना थमा दिया गया है।लेकिन जब हमने देखा तो एक मंत्रालय जो एनडीए में जद-यू के सांसद श्री ललन सिंह को दिया गया है वो अहम मंत्रालय है जो है पंचायती राज मंत्रालय, महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उनका मानना था कि जब पंचायती राज पूरी तरह स्थापित हो जाएगा तो जनमत के जरिए वह सब कुछ किया जा सकेगा जो हिंसा से कभी संभव नहीं है। वह निश्चित रूप से स्वराज की ओर इशारा कर रहे थे। भारत में पंचायती राज व्यवस्था प्राचीन काल से चली आ रही है जिसका स्वरूप और नाम पहले कुछ और रहा होगा जो समय के साथ नए रूप और नाम से जाना जाने लगा। ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक माना जाता है। वर्ष 1882 में उन्होंने स्थानीय स्वशासन के संबंध में एक प्रस्ताव दिया था। 1919 के भारत शासन अधिनियम के अंतर्गत प्रान्तों में दोहर शासन की व्यवस्था की गई तथा स्थानीय स्वशासन को हस्तान्तरित की सूची में रखा गया। भारत जैसे विशाल देश में सार्वजनिक व्यवस्था की ग्रामीण स्तर की समस्याओं को शिखर पर लाने के लिए स्वतंत्रता के पश्चात वर्ष 1957 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम का अध्ययन करने के लिए वर्तमान नीति आयोग द्वारा बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया गया और नवंबर 1957 में समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की सिफारिश की गई जिसे पंचायती राज कहा गया और इसके लिए समिति ने ग्राम स्तर, मध्यवर्ती स्तर और जिला स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया यानि पहले स्तर पर ग्राम स्तरीय पंचायत, दूसरे स्तर पर ब्लॉक स्तरीय पंचायत तथा तीसरे स्तर पर जिला स्तरीय पंचायती व्यवस्था। बताया गया कि पूर्व सांसद जवाहरलाल नेहरू पंचायती राज के संस्थापक थे। इस योजना की शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले के बागधारी गांव में की थी गांधी जी पंचायती राज के माध्यम से ग्राम स्वराज चाहते थे, इस व्यवस्था में 1992 में 73वें संविधान संशोधन के साथ संशोधन किया गया। इसके बाद अन्य राज्यों में भी यह पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 40 राज्यों को पंचायतों के गठन का निर्देश देता है। 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 दिनांक 24 अप्रैल 1993 के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया। जिसमें कई प्रावधान किए गए हैं।त्रिस्तरीय ढांचे की स्थापना, ग्राम स्तर पर ग्राम सभा की स्थापना, पांच वर्ष में पंचायतों के नियमित चुनाव, अनुसूचित जाति व जनजाति को उनकी जनसंख्या के अनुपात में सीटों का आरक्षण, महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण, पंचायतों के कोष में सुधार के उपाय सुझाने के लिए राज्य वित्त आयोग, राज्य चुनाव आयोग का गठन, अन्य आर्थिक विकास व सामाजिक न्याय के लिए योजनाओं की तैयारी व क्रियान्वयन आदि। इस संशोधन में जमीनी स्तर पर जन संसद के रूप में सशक्त ग्राम सभा की परिकल्पना की गई, जिसके प्रति ग्राम पंचायत जवाबदेह होगी। इस कानून के तहत पंचायतों के गांवों में विकास की एक नई दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। 24 अप्रैल को लागू हुए 73वें संशोधन अधिनियम को वर्ष 2010 से राष्ट्रीय पंचायत दिवस के रूप में मनाया जाने लगा, जिसे पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था। आज भारत 24 अप्रैल 2024 को 14वां राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाने जा रहा है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस जिसे पंचायती राज दिवस के रूप में भी जाना जाता है, वर्ष 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा घोषित किया गया था। तब से, भारत में हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है और यह दिन वर्ष 1992 में संविधान के लागू होने का प्रतीक है। भारत में 255780 ग्राम पंचायतें, 6834 ब्लॉक पंचायतें और 660 जिला पंचायतें, कुल 263274 पंचायतें हैं इस दिन पंचायती राज मंत्रालय देशभर में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली पंचायतों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके अच्छे और उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत करता है। ये पुरस्कार अलग-अलग श्रेणियों जैसे दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार, नानाजी देशमुख राष्ट्रीय ग्रामीण ग्राम सभा पुरस्कार, बाल सुलभ ग्राम पंचायत पुरस्कार, ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार के तहत दिए जाते हैं और ये पुरस्कार सिर्फ राज्यों के संघ को ही दिए जाते हैं।ऐसा नहीं है। पंचायत राज व्यवस्था में सफलता हासिल करने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के उपाय किए जाने चाहिए ताकि पंचायत राज व्यवस्था मजबूत हो सके और यह अपने ग्रामीण लोगों को बेहतर सुविधाएं देने में सक्षम हो सके ताकि पंचायत राज संस्थाएं मजबूत बनें और स्थानीय स्वशासन के रूप में काम कर सकें। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की एक शाखा है जो राज्यों में विकेंद्रीकरण और स्थानीय शासन की चल रही प्रक्रिया की देखभाल करती है। संघ में सरकार की शक्तियाँ और कार्य दो सरकारों के बीच विभाजित होते हैं। भारत में यह केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें हैं। हालाँकि, 1993 में भारतीय संविधान के 73वें और 74वें संशोधन अधिनियम के पारित होने के साथ ही शक्तियों और कार्यों का विभाजन स्थानीय स्वशासन (गाँव स्तर पर पंचायत और कस्बों और बड़े शहरों में नगर पालिकाएँ और नगर निगम) तक पहुँच गया है। इस प्रकार भारत में अब संघीय व्यवस्था में दो नहीं बल्कि तीन स्तरीय सरकारें हैं। पंचायती राज मंत्रालय पंचायती राज और इसकी संस्थाओं से संबंधित सभी मामलों की देखरेख करता है, जिसकी स्थापना मई 2004 में हुई थी और वर्तमान में मंत्री श्री ललन सिंह इसके अध्यक्ष हैं। यह जीपीडीपी तैयारी, जीवंत ग्राम सभा, ई-ग्राम स्वराज जैसी विभिन्न पहलों के लिए जिम्मेदार है, जिसका उद्देश्य विकेंद्रीकृत नियोजन मँ पारदर्शिता को बढ़ावा देना और स्थानीय सरकारों के प्रदर्शन में सुधार करना है। मंत्रालय क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण प्रबंधन और पुरस्कारों के माध्यम से असाधारण पंचायतों को मान्यता देने पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

# अधिक ऋण के बोझ तले वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी

कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39, 000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84, 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है।





**प्रहलाद सबनानी**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39, 000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है।

सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84, 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है। पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ौतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

भारत के बैकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणःसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रान्स में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है।

# पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाएं

इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा।फादर्स डे 2024 की थीम सेलिब्रेटिंग फादरहुड : स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है।दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है।हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है।पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती।हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है।इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं।और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं।आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है।माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है।पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए।केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें।





**ललित गर्ग**

**लेखक शिक्षाविद है**

किसी के भी जीवन में पिता की क्या भूमिका होती है, इसे शब्दों में बयां करने की भी जरूरत नहीं है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दशार्ने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2024 की थीम सेलिब्रेटिंग फादरहुडः स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती।

हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है। माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है। पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें। प्राण त्यागते हुए भी जिसे अपने माता-पिता का ध्यान रहे, वह संतान उस युग में ही नहीं, इस युग में भी धन्य है। उसे किसी काल की परिधि में नहीं बांध सकते।

मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। यह अलग बात है कि बेटे को चोट लगने पर मां पुचकार देती है, चोट लगी जगह पर फूंक की ठंडक देती है, वहीं पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की।

एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं।

पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमशः अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

# विधायकों के लिये नये निवासः पर किस कीमत पर

एल.एस. हरदेनिया

इस समय मध्यप्रदेश में मंत्रियों तथा विधायकों के निवास को लेकर विवाद चल रहा है। शासन इनके लिये नये बंगलों के निर्माण की योजना बना रहा है। इन बंगलों के निर्माण के लिये जितनी भूमि की आवश्यकता है उसे प्राप्त करने के लिये हजारों पेड़ काटे जायेंगे। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों के काटे जाने से भोपाल की जलवायु भी प्रभावित होगी। 1956 में जब भोपाल को मध्यप्रदेश की राजधानी बनाया गया था उस समय भोपाल एक अत्यधिक ठंडा स्थान था। उस समय यदि हम लोग खुले में सोते थे तो हमें रजाईयां ओढ़ना पड़ता था। परंतु धीरे-धीरे स्थिति बदलती गई। भारी संख्या में पेड़ काटे जाने लगे, खेती के जमीन पर निर्माण होने लगा। भोपाल कांक्रीट का जंगल होता गया। शहर में हजारों की संख्या में एयरकंडीशनर लगाये जाने लगे। प्रश्न यह है कि क्या विधायकों के लिए भोपाल में अतिरिक्त निवासों की आवश्यकता है? और यदि है भी तो उसके लिए जमीन प्राप्त करने हेतु क्या हजारों पेड़ काटने की आवश्यकता है? जब भोपाल राजधानी बना था, उस समय भोपाल के विधानसभा की सदस्य संख्या 320 थी। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 90 सदस्य छत्तीसगढ़ में शामिल कर लिये गये। इस तरह 90 निवास खाली हो गये। फिर प्रश्न यह है कि क्या राजधानी में विधायकों के लिए स्थायी निवास उपलब्ध करना आवश्यक है? इस समय स्थिति यह है कि विधानसभा का सत्र बहुत ही कम समय के लिए आयोजित किया जाता है। कभी-कभी 3 और 4 दिन के अंदर ही विधानसभा का सत्रावास हो जाता है। इस तरह विधायकों को वर्ष में 8-10 दिन से ज्यादा भोपाल में रहने की आवश्यकता नहीं होती। एक समय था जब भोपाल में विधायकों का तीसरा विश्राम गृह सिर्फ विधायकों के मेहमानों को ठहराने के लिए उपयोग किया जाता था। कई राज्यों में तो वर्षों तक विधायकों के निवास, यदि सत्र नहीं होता था तो उनका उपयोग लगभग होटल की तरह किया जाता था। हमें याद है कि हम लोग जब बंबई जाते थे तो कई बार हमें विधायकों के खाली निवास पर ठहराया जाता था। उसका किराया भी लिया जाता था। ज्ञात नहीं है परंतु हो सकता है कि इस तरह की व्यवस्था देश के अन्य राज्यों में भी होती हो। दुनिया का सबसे पुराना प्रजातंत्र ब्रिटेन का है। वहां दो सदन हैं, एक हॉउस ऑफ लार्ड और दूसरा हाउस ऑफ कामन्स। इनके सदस्यों को लंदन में ठहरने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। जब सत्र होता है तो इन दोनों सदनों के सदस्य या तो होटल में ठहरते हैं या किसी के घर में किराया देकर ठहरते हैं। व्यवस्था ऐसी भी है कि यदि किसी सदस्य को मकान मालिक को किराया देना पड़ता है तो उसे उतने ही दिन का किराया देना पड़ता है जितने दिन इन सदनों की बैठक होती है। उसका प्रमाण पत्र सदस्यों को अपने सदन के सचिवालय से प्राप्त करना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### काउंटर केस दर्ज

बेतिया।जमिनी विवाद में काउंटर केस में 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. अपर थानाध्यक्ष मनीष बंसल ने बताया कि खमियां के मो मुतुर्जा के आवेदन पर सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. जबकि दूसरे पक्ष के इनरवा के सोनी देवी के आवेदन पर चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है.

### बकरीद को लेकर भंगहा थाना में बैठक

बेतिया।भंगहा थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की एक बैठक की गई. बैठक में पंचायत प्रतिनिधि सहित दोनों समुदाय के गणमान्य लोग की उपस्थिति हुये. बैठक थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी के नेतृत्व में की गई. थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देते हुए शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की. उपस्थित लोगों से उनके क्षेत्र की स्थितियों की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि कोई समस्या होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें.

### अवकाश अवधि में भी विवि से ही डीबीएसडीडी कॉलेज के पंजीयन पत्र का होगा वितरण

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय से संबद्ध देवराहा बाबा श्रीधर दास डिग्री महाविद्यालय (डीबीएसडी कॉलेज), कदना, गरखा, सारण के स्नातक सीबीसीएस प्रथम सेमेस्टर (सत्र-2023-27) के छात्र-छात्राओं का पंजीयन रसीद विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में वितरित किया जा रहा है। कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन छात्र-छात्राओं का पंजीयन रसीद बकरीद के अवसर पर पूर्व घोषित अवकाश अवधि (दिनांक- 16/06/2024 से 18/06/2024) के दौरान भी वितरित किया जाएगा। कुलसचिव प्रो. कुमार ने बताया कि इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में काउंटर बनाया गया है जो उक्त अवकाश अवधि में भी कार्यरत रहेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के चार कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पंजीयन रसीद लेने के लिए छात्र-छात्राओं/अभिभावकों को नामांकन रसीद एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

### भंगहा पुलिस ने 107 लीटर शराब के साथ चार कारोबारी को किया गिरफ्तार

बेतिया।भंगहा थाना क्षेत्र से शराब के साथ चार कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया की शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली की कुछ लोग शराब की कारोबार करता है. त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचनाअर्थ पर छापेमारी की गई. सिसवा ताजपुर गांव के मंदिर के पास छापेमारी के दौरान 7 लीटर नेपाली अंग्रेजी शराब बरामद की गई. मौके पर शराब कारोबारी भंगहा निवासी शेख गुलशेद का पुत्र शेख मुन्ना व सिसवा ताजपुर निवासी शेख आबुल का पुत्र शेख मुन्ना को गिरफ्तार किया गया. वही रांगी नदी के पुल पर 100 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई. मौके पर पचरूखी निवासी आशुतोष दिसवा व संजय राय को गिरफ्तार किया गया.

### जनता दरबार का हुआ आयोजन

बेतिया(घनश्याम)। किसी भी प्रकार की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले को भेजा जाएगा जेल। बेवजह आपस में वर्चस्व को लेकर विवाद उत्पन्न नहीं करें।उक्त बातें अंचल अधिकारी राजीव रंजन कुमार ने शनिवार को आयोजित थाना परिसर में उपस्थित फरियादियों के भूमि संबंधित विवाद की सुनवाई के दौरान कहीं।शनिवार को जनता दरबार में नौतन खुर्द पंचायत के सिरकहिया समेत अन्य पंचायत का भूमि संबंधित मामलों में अतिक्रमण दाखिल खारिज परिमार्जन एवं निजी भूमि के सामने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करनो का मुद्दा छाया रहा।अंचलाधिकारी ने बताया कि पूर्व से अब तक 441 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। आज की सुनवाई के दौरान मुख्तार मियां रोजिद मियां आदूद मिया के मामलों की सुनवाई कर ऑन दी स्पॉट निष्पादन किया गया।वही 8 मामलों का निष्पादित करते हुए विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में जांच रिपोर्ट भी समय पर प्रस्तुत करने का निर्देश राजस्व कर्मचारी एवं अंचल कर्मियों को दिया गया है। ताकि मामलों का निष्पादन तीव्र गति से किया जा सके।इस मौके पर अंचल निरीक्षक रघुनाथ चौधरी,अखिलेश कुमार थाना के दरोगा अरविंद सिंह, बिहारी प्रसाद निराला समय दर्जनों की संख्या में फरियादी उपस्थित थे।

# बंदोबस्त क्षेत्र से बाहर और मनमाना वसूली पर मीना बाजार कौड़ी वसूली और एसपी ऑफिस बाइक स्टैंड का ठेका रद्द: गरिमा

## नगर निगम के वार्ड 24 और 25 की सफाई व्यवस्था मे लाखों के फजीर्वाड़ा मिलने पर दोनों वार्ड से हटाए गए सभी डेली वेजेज वाले सफाई मजदूर

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद शनिवार को नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसकी जानकारी देते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा बंदोबस्त दो सैरात क्षेत्र के परिसिमन से बाहर के गैर आवंटित क्षेत्र में मनमाना कौड़ी वसूली पर मीना बाजार दैनिक बाजार और एसपी ऑफिस के सामने वाले बाइक स्टैंड की बंदोबस्ती को एकरारनामा की शर्तों के शतत उलंघन पर ठेका सशक्त स्थाई समिति ने तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई। एवं दोषी पाए गए वार्ड 24 के नगर पार्षद मोहम्मद एनाम और वार्ड 25 के पार्षद पति केशव राज सिंह उर्फ पप्पू सिंह के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश नगर आयुक्त को दिया गया है। इतना ही नहीं बीते अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्राप्त लिखित शिकायत पर सशक्त स्थाई समिति के लिखित और स्पष्ट आदेश के बावजूद जांच की आड़ में कांड को दबाने और सक्षम प्राधिकार के आदेश की अनाधिकार अवमानना के लिए नगर आयुक्त श्री शंभू कुमार एवं सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार की निंदा करते हुए इनके विरुद्ध विभाग को लिखने का निर्णय भी सर्व सहमति से किया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि प्राप्त वीडियो मे पीड़ित फुटपाथी दुकानदारों की लिखित शिकायत करने और सिटी मैनेजर के नेतृत्व में गठित जांच दल द्वारा भी मामले को केवल दबाने और पीड़ित गरीब दुकानदारों को हड़काने का कार्य किया गया। इतना ही नहीं लिखित और विडियो साक्ष्य के बावजूद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की कोई अनुशंसा जांच रिपोर्ट में नहीं की गई। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि इसी प्रकार मीना बाजार की बंदोबस्ती लेने वाले संवेदक द्वारा मीना बाजार के बाहर गैर आवंटित क्षेत्रों के सैरातों यथा शीतला माई मार्केट, आलोक भारती रोड, छोटा रमना, सोआबाबू चौक से खादिम शोरूम, जीएमसीएच रोड, सोवा बाबू चौक पार्किंग स्टैंड आदि क्षेत्र के गरीब दुकानदारों से रोज रंगदारी पूर्वक हजारों की वसूली बिना उचित रसीद एवं मूल्य तालिका बोर्ड के एक अप्रैल 2024 से लगातार जारी है। लिखित शिकायत और आदेश के बावजूद मीना बाजार की जांच सिटी मैनेजर द्वारा तक आज तक नहीं की गई। इन सब बेहद गंभीर स्थिति को लेकर सशक्त स्थाई समिति के द्वारा सर्व सहमति से दोनों सैरातों की बंदोबस्ती की तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए जाने की जानकारी नगर निगम के महापौर ने दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नगर निगम के उत्तर पूर्व छोर पर स्थित हमारी आस्था के प्रतीक हनुमान जी के मंदिर परिसर में कतिपय तत्वों द्वारा दो दुकानों का अवैध निर्माण करा कर उसकी बिक्री लाखों की रकम लेकर करने की दो जन शिकायत प्राप्त हुई है। नगर निगम के बस स्टैंड एवं मुख्य सड़क की जमीन पर दुकान बना कर बेचने और खरीदने वालों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने का प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया है। बैठक में पारित अन्य प्रस्ताव के बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम के वार्ड 24 और 25 की सफाई व्यवस्था लाखों के फजीर्वाड़ा मिलने पर दोनों वार्ड से सभी डेली वेजेज वाले सफाई कर्मियों को तत्काल प्रभाव से बदलने और उनकी जगह उक्त वार्डों में निगम की घारी पर कार्यरत केवल स्थाई या संविदा पर कार्यरत्त सफाई कर्मियों को ही रखने का आदेश सशक्त समिति ने सर्व सहमति से दिया है। इसके बाबत महापौर ने बताया कि वार्ड 24 के मास्टर रोल मे दर्ज डेली वेजेज सफाई मजदूर दूसरे वार्डों नगर निगम के विभागीय निर्माण कार्य में काम कर के दोहरा भुगतान पाते पाए गए हैं। सिटी मैनेजर अरविंद कुमार की मिली भगत से लाखों का दोहरा भुगतान हुआ है। वही वार्ड 25 में रामनगर अंचल के कंधवलिया गांव के लोगों के नाम पर डेली वेजेज सफाई कर्मी का भुगतान होने का खुलासा हुआ है। उक्त दोनों वार्डों में नकली मास्टर रोल बनाकर लाखों के घोटाले की जांच के लिए विभाग को लिखा जायेगा।

# 9 अभियुक्त की गिरफ्तार,देशी शराब बरामद

## बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 01,31,500 रुपए का लगाया जुमार्ना



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 09 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि बगहा थाना, चौतरवा थाना,धनहा थाना, पटखौली थाना द्वारा अन्य काण्ड में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। चौतरवा थाना द्वारा शराब के काण्ड,अन्य काण्ड में 9 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 11.5 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-49,500, चौतरवा थाना द्वारा-26,000, पटखौली थाना द्वारा-16,500, रामनगर थाना द्वारा-14,500, बगहा थाना द्वारा-15,000, धनहाँ थाना द्वारा-10,000 इस प्रकार कुल-01,31,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।उन्होंने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा नाइट पेट्रोलिंग के क्रम में सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों,एटीएम के आस-पास विशेष निगरानी रखी गई।

वही शनिवार के दिन पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस के द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण,कानून व्यवस्था, विधि-व्यवस्था,शांति-व्यवस्था,यातायात नियमों का पालन,पूर्ण शराबबंदी हेतु संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों,बैकों की चेकिंग की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुमार्ना तथा अन्य विधि-सम्मत कार्रवाई की गई।

# आदित्य ने नीट की परीक्षा में 705 अंक लाकर लहराया परचम



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। मझौलिया प्रखंड के चनायन बांध पंचायत के गुजरवालिया गांव वार्ड नं 8 निवासी विनोद ओझा का पुत्र आदित्य राज ने नीट की परीक्षा में 720 में 705 अंक लाकर अपना पंचरम लहराया है।आदित्य राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है।इसकी प्रारंभिक शिक्षा जीवन मार्ग शिक्षण संस्थान सिंघा छापर से शुरू हुई है। मैट्रिक जवाहर नवोदय विद्यालय वृन्दावन से की है।इस खुशी के मौके पर आदित्य राज के पिता विनोद ओझा माता सावित्री देवी सहित परिजनों ने फूल की माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर उसका सम्मान एवं उत्साह बढ़ाया।वही चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने अदित्य के घर पहुचकर उसका उत्साह बढ़ाया।विधायक ने छात्र का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि तुम बहुत आगे बढ़ो कोई समस्या हो तो हम तुम्हारे साथ है।कभी भी मेरा जरूरत पड़े तो फौरन मुझे याद करना।मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगा।मौके पर बाबा रघुनाथ ओझा, बाबूसाहब ओझा, अखिलेश साह, बशिष्ठ ओझा, ललन ओझा,राकेश कुमार, दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# डीएम ने बीडीओ को लोकसभा आम चुनाव मे उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ती पत्र से नवाजा





प्रात :किरण संवाददाता

बनियापुर ।जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा महाराजगंज. लोकसभा आम चुनाव मे उत्कृष्ट योगदान के लिए बीडीओ को प्रशस्ती पत्र से नवाजा है।उन्होंने स्वच्छ ,निष्पक्ष, शांतिपूर्वक बनियापुर मे चुनाव सम्पन्न काराए जाने को लेकर बीडीओ कपूरी ठाकुर ,सीओ दिनानाथ कुमार को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया है,जहा उन्होंने निष्ठा और समर्पण की भावना से जिलाधिकारी ,निर्वाचन आयोग के एक एक निदेर्शानुसार कार्य को सम्पादित किए जाने को लेकर यह सम्मान पत्र दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया है कि व्यक्ति जब किसी भी कार्य के प्रति समर्पित भवाना और ईमानदारी के साथ मिशनमूड मे सहयोगियो के साथ टीम भावना से काम करता है, तो प्रतिफल के रूप मे सफलता हासील होती है,मैने ऐसा ही किया ,,लोकसभा चुनाव मे प्रारम्भ से ही स्थानीय सभी पदाधिकारियो ,कर्मियों सहयोगियों का भरपुर सहयोग मिला,खासकर डीडीसी सारण मैडम का विशेष दिशा निर्देश ,बूथ स्तर पर समस्याओ का निराकरण बड़ा काम आया वही सबके सहयोग से यह मौका हाथ आया है,और कही किसी प्रकार की आम मतदाताओं को परिसानी नही हुई,बूथों पर समस्त सुविधाए मुहैय्या की गयी , इसके लिए बनियापुर के सभी कर्मी ,जनप्रतिनिधि जिनका भी भरपुर सहयोग मिला सभी इस सम्मान के हकदार है सभी आपार बधाई के पात्र है।

# कुलपति ने की अपील-नामांकन के लिए शीघ्रातिशीघ्र करें आवेदन, अंतिम तिथि का न करें इंतजार

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने स्नातक में नामांकन को इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर शीघ्रातिशीघ्र आवेदन कर दें, अंतिम तिथि का इंतजार न करें। उन्होंने कहा कि अंतिम समय में आवेदन करने के दौरान आपाधापी की स्थिति बन जाती है इसलिए अभ्यर्थियों के लिए बेहतर होगा कि आवेदन करने के लिए वे अंतिम समय का इंतजार न करें। कुलपति ने कहा कि हमारी टेक्निकल टीम लगातार वेबसाइट पर काम कर रही है जिससे विश्वविद्यालय का वेबसाइट ठीक से चल रहा है और इसकी गति भी काफी तेज है। उन्होंने कहा कि ऐसा देखा गया कि पूर्व में निर्धारित की गई अंतिम तिथि 12 जून को एक दिन में 5500 के लगभग अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जबकि तिथि बढ़ाए जाने के बाद से अभ्यर्थियों में सुस्ती सी देखी जा रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय सहित सभी महाविद्यालयों में हेल्प सेंटर बनाया गया है जहां से अभ्यर्थी निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे अभ्यर्थियों को साइबर कैफे के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है वहीं, उनके पैसे की भी बचत हो रही है। उल्लेखनीय है कि सत्र-2024-28 में स्नातक में नामांकन सीबीसीएस के तहत चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए किया जा रहा है। इसके लिए राजभवन द्वारा पूर्व में ही ऑर्डिनेंस को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। यह नामांकन प्लस टू या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर होगा। स्नातक में नामांकन के लिए अंकों की भी कोई बाध्यता नहीं है बल्कि संबंधित विषयों के साथ इंटरमीडिएट/प्लस टू या समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण कोई भी अभ्यर्थी मेरिट लिस्ट में नाम आने पर नामांकन का पात्र होगा। चार वर्षीय स्नातक (विज्ञान) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या फिर राष्ट्रीय या राज्य बोर्ड के मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान संकाय में प्लस टू की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। वहीं, चार वर्षीय स्नातक (वाणिज्य) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या फिर राष्ट्रीय या राज्य बोर्ड के मान्यता प्राप्त संस्थान से आइ.ए/आई.कॉम/आई.एस.सी/प्लस टू या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। जबकि चार वर्षीय स्नातक (कला) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या फिर राष्ट्रीय या राज्य बोर्ड के मान्यता प्राप्त संस्थान से आइ.ए/आई.कॉम/ आई.एस.सी/प्लस टू या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# बालू माफियाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दारोगा की काटी उंगली

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया( मोहन सिंह) । बिहार में बालू माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बालू के अवैध कारोबार में लगे बदमाश लगातार पुलिसकर्मियों को अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला पश्चिम चंपारण के बेतिया से सामने आया है, जहां छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर बालू माफिया के लोगों ने हमला बोल दिया और तलवार से वार कर दारोगा की अंगुलियां काट ली तथा आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा लिया। दरअसलल, पूरा मामला मटियारिया के हौदा डुमरा गांव के नया टोला की है। जहां पुलिस टीम छानेमारी करने के लिए पहुंची थी। पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, तभी बालू माफिया के समर्थकों ने हमला बोल दिया और दारोगा पर तलवार से हमला कर उसके हाथ की दो अंगुलियां काट दिया और आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा कर अपने साथ ले भागे। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल दारोगा को इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया है। बालू माफिया के हमले में दो और जवान शंभू खतईत और शंभू प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने एफआइआर दर्ज कर घटना के वीडियो फुटेज से आरोपियों की पहचान की। उसके बाद देर रात गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी हुई तो तलवार से हमला बोल दिया गया। पुलिस दल पर हुए हमला को लेकर बालू तस्कर कलाम अंसारी, उसके भाई सलाम अंसारी, अफरोज अंसारी सहित चार मुख्य व दो दर्जन से अधिक अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। वही बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी के हवाले से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज के नेतृत्व में छापामारी कर इस संबंध में चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की बात बताई गई है और अन्य अभी गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है

# डीडीसी ने की राजकीय नलकुपो के क्रियान्वयन की समीक्षा



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा शनिवार को लघु जल संसाधन विभाग द्वारा जिला में संचालित राजकीय नलकुपों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। संयुक्त जांच दल का गठन कर यांत्रिक, विद्युत तथा संयुक्त दोष से बंद राजकीय नलकूपों की जांच करने का निर्देश सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, सारण तथा सहायक अभियंता, विद्युत, पूर्वी एवम पश्चिमी को दिया गया। राजकीय नलकूपों की मरमति हेतु प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय किस्त के रूप में सबंधित ग्राम पंचायतों के मुखिया जी को हस्तांतरित राशि के विरुद्ध लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बंद पड़े सभी राजकीय नलकूपों को चालू कराने का निर्देश दिया गया।

# निगम ने चुनावी वर्ष में ऋण वसूली अभियान किया तेज, तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा ' बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम ने बकाया ऋण राशि को लेकर तीन दिवसीय ऋण शिविर का आयोजन किया गया है ' इस संबंध में अल्पसंख्यक वित्तीय निगम के पत्रांक 1618, 7 जून 2024 को दिए गए आदेश के आलोक में, ऋण शिविर लगाया जा रहा है ' जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 26 जून से 28 जून तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है ' इस शिविर में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, एनएमडीएफसी टर्म लोन तथा शिक्षा ऋण के बकाया ऋण धारकों को लोन का राशि जमा करना होगा ' ऋण शिविर में बकाया ऋण राशि नहीं जमा करने वालों के विरुद्ध अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा दीवानी और फौजदारी मुकदमा करने का फरमान निगम के प्रबंध निदेशक ने जारी किया है ' बता दें कि अल्पसंख्यक वित्तीय निगम से सरकार द्वारा छोटे-छोटे कारोबार करने वाले अल्पसंख्यकों को सीएम अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के तहत ऋण मुहैया कराया जाता रहा हैं ' लगभग 2 साल से निगम द्वारा लोन देना बंद कर दिया गया है ' ऐसी स्थिति में लोन वसूली प्रभावित होना स्वाभाविक है ' मिली जानकारी के अनुसार 1985 से संचालित अल्पसंख्यक वित्तीय निगम को कोई भी प्रबंध निदेशक द्वारा दीवानी और फौजदारी मुकदमा का फरमान नहीं जारी किया गया है, और ना ही रोजगार ऋण बंद किया गया था ' जबकि अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि बड़े-बड़े उद्योगपति का ऋण सरकार द्वारा माफ कर दिया जाता है, और कुछ बड़े लोग ऋण लेकर देश छोड़कर ही चले जाते हैं,और सरकार कुछ नहीं कर पा रही है ' ऐसे में चुनावी वर्ष में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति इस तरह का निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा फरमान जारी करना न्याय संगत नहीं है '

# क्लब के सदस्यों ने किया खिचड़ी वितरण

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अन्नपूर्णा भोजन सेवा के तहत ह्यशनिवार को लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर द्वारा गरीब, वंचित और भूखे लोगों को खिचड़ी एवं साथ में छोटे बच्चों को बिस्कुट भी खिलाकर सेवा देने का प्रयास किया गया। आज का आयोजन स्वर्गीय राघो जी, जिनके नाम पर लायंस क्लब आफ छपरा राघो जी की स्थापना छपरा शहर में हुई थी, उनके पुण्यतिथि के नाम पर आज इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया । स्वर्गीय राघो जी स्वतंत्रता सेनानी के साथ ही एक प्रसिद्ध विधि वेत्ता एवं समाजसेवी रह चुके हैं। वे गरीबों के मसीहा भी थे। देश के लिए लड़ी गई स्वतंत्रताआंदोलन में उनकी भूमिका काफी अहम थी और उन्होंने केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदत्त फ्रीडम फाइटर्स पेंशन योजना को सहर्ष ठुकरा दिया था। 6 जून 2016 को उनका महा प्रयाण हुआ था। 6 जून 2024 को उनकी आठवीं पुण्यतिथि थी। वैसे महानुभाव की याद में आज अन्नपूर्णा भोजन सेवा के तहत यह ऐकार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज के इस कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या मे 162 लोगों को श्रद्धा के साथ भोजन कराया गया। कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ लायन सैयद एस जेड रिजवी, लायन करण सिंह, लायन मनीष मिश्रा, लायन रिजवी राज( प्रोग्राम चेयरपर्सन),संतोष कुमार सिंह, जयप्रकाश जी ,सुमन कुमार सिंह, रूपेश कुमार जी तथा दिलीप कुमार चौरसिया जी की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए आज भीषण गर्मी के दिन में लायंस क्लब आफ छपरा एवं सभी सहयोगी क्लबो के सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति लायंस क्लब आफ छपरा राघोजी के अध्यक्ष श्री अजित सिन्हा जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत जलभरी से



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। गडखा प्रखंड के नरॉव पंचायत के नरॉव गांव मे प्राचीन हनुमान मंदिर के स्थान पर नव निर्मित हनुमान मंदिर मे नव हनुमंत प्रतिमा स्थापन व प्राणप्रतिष्ठा के सांथ अखण्ड अष्टयाम हेतु सिंगही के सामने संगम तट से जलभरी की गई। यात्रा की शुरूआत नरॉव हनुमान मन्दिर प्रांगन से प्रातः 5 बजे शुरू हुई। श्रद्धालुओ की काफिला में हजारों की संख्या में नर-नारी व बच्चे, धोडा बैण्ड-बाजा,रथ पर झांकी एवं सैकडो छोटे-बडे वाहन सामिल थे।यह काफिला नरॉव बजार से धनौडा बजार होते हुए मुसेपुर मेन रोड से डुमरी, सिंगही होते हुए गंगा के संगम तट पर पहुची।यहां भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाकर हनुमान जी के यज्ञ हेतु जलभरी करी और कलश का संकल्प कराकर नव निर्मित मन्दिर लौटे।आज नगर भ्रमण अन्नवास के बाद रविवार को प्रण प्रतिष्ठा किया जाएगा।इसके बाद 24 घंटे का अखण्ड कीर्तन शुरूआत होगा। यह मन्दिर सूर्यनारायण मन्दिर से 200 मीटर दक्षिण नरांव डाकघर के पास स्थित है।सैकडो भक्तो की आस्था इस मन्दिरसे जुडी है।

# डीडीसी ने की विभागीय कार्यो की समीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा शनिवार को भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। आपातकालीन चिकित्सा हेतु आने वाले फोन कॉल के लिए पंजी संधारण करने तथा आपातकालीन नंबर को क्षेत्र में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। सभी भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को दैनिक संधारण करने का निर्देश गया। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के कार्यों के सम्यक पर्यवेक्षण हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी, सारण को दिया गया। . पशुओं का इलाज करते हुए जिओ टैग फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, सारण सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शेरपुर पटना में आयोजित 9 वी बिहार राज्य सब जूनियर हैंडबॉल में भाग लेने सारण टीम मशरक जंक्शन से रवाना

प्रात :किरण संवाददाता

मशरक। 9 वी बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 14 सदस्यीय सारण टीम शनिवार के सुबह मशरक जंक्शन से शेरपुर पटना के लिए रवाना हुई । 15 से 17 जून तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए चयनित सारण जिला टीम का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर संत जलेश्वर एकेडमी लौवा बनियापुर में संपन्न हुआ । जहां से सुबह खिलाड़ी मशरक रेलवे जंक्शन पहुंचे। मदारपुर पंचायत मशरक की मुखिया मीना देवी ने सभी खिलाड़ियों को खेल पोशाक देकर बेहतर खेल प्रदर्शन को शुभकामना दी। सारण जिला हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार सिंह एवम सचिव संजय कुमार सिंह ने सारण बालिका हैंडबॉल टीम को झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर नेशनल रेफरी रितेश कुमार सिंह , अभिषेक कुमार सिंह के अलावे जितेंद्र सिंह , पंकज कुमार सहित अन्य थे। सारण हैंडबॉल के मुख्य संरक्षक विधान पार्षद इंजिनियर सच्चिदानंद राय , अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , चेयरमैन डा हरेंद्र सिंह , उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह , कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार , ठाकुर विनोद सिंह अप्पू जी सहित अन्य ने टीम बधाई दी। टीम मैनेजर अंकित कुमार शिक्षक संत जलेश्वर एकेडमी जबकि टीम प्रशिक्षक राष्ट्रीय खिलाड़ी आकाश कुमार है। जबकि टीम में रागिनी कुमारी टीम कैप्टन , दीपशिखा कुमारी राष्ट्रीय खिलाड़ी उप कप्तान , करिश्मा कुमारी , आदिति कुमारी (सभी राष्ट्रीय खिलाड़ी), रीमा कुमारी , अंजली कुमारी , सिमरन कुमारी, अर्चना कुमारी, खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी, लाली कुमारी, गौरी कुमारी, खुशी कुमारी, आकांक्षा कुमारी शामिल है। जो संत जलेश्वर एकेडमी लौवा बनियापुर , उच्च विद्यालय मशरक एवम उच्च विद्यालय महुली चकहन इसुआपुर की छात्रा है।

## संक्षिप्त खबरें

### चित्रांश समिति के द्वारा जरूरतमंदों लोगों के बिच वितरण किया गया तौलिया गमछा



आरा। चित्रांश समिति शीतल टोला आरा सामाजिक कार्यों में सदैव से अपनी भूमिका निभाता रहा है।। प्रत्येक वर्ष की भांति चित्रांश समिति शीतल टोला आरा के संरक्षक डॉ जी पी श्रीवास्तव के द्वारा भीषण गर्मी से बचाव हेतु जरूरतमंद लोगों के बीच तौलिया का वितरण किया गया।इस पुनीत कार्य के समय संयोजक डॉ के एन सिन्हा, कुमार निर्मल उर्फ सुधीर जी, अध्यक्ष डॉ बृजेश कुमार ,सचिव सूरज कुमार, महासचिव सत्येंद्र स्नेही श्रीकांत प्रसाद डॉ बालाजी ,डॉ आर आर कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ विवेक राज ,तारकेश्वर शरण सिन्हा ,बुलगानी जी ,शंकर प्रसाद डॉ रमेश कुमार सिन्हा उर्फ कर्ण जी , ,जमुना प्रसाद, संतोष सहाय ,रिंकू सिन्हा ,आनंद मोहन सिन्हा ,सदन जी इत्यादि इसके साक्षी बने। चित्रांश समिति शीतल टोला के उपस्थित सभी सदस्यों ने सदैव देश हित और सामाजिक हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का शपथ लिया।

### महामंत्री डॉ आदित्य श्रीवास्तव को लक्ष्मी होने की बधाई

गया। महिला विकास मंच के राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर आदित्या विकास के घर में लक्ष्मी रुप मे बेटी जन्म होने पर पुरे महिला विकास मंच और जाने माने लौंग ने आदित्य विकास को बेटी होने की शुभकामनाएं दी हैं भगवान ने लक्ष्मी के रुप में आपको बेटी दी है इससे बढी बात नही हो सकती है।यह बातें राष्ट्रीय संरक्षिका वीणा मानवी ने कहा है। बधाई देने वाले में अरुणीमा कुमारी,पी के चौधरी, चंदन कुमार बक्सर,गया जिला अध्यक्ष अर्पणा शर्मा,नितु अनिता जयसवाल, सचिन राजपुत, पप्पू जयसवाल,फाइमा,डा रितु शर्मा,पकंज चौधरी, पृथ्वी जयसवाल, पूर्व प्रमुख गया नगर प्रखंड सुचित्रा रजनी,डा विकास और उनकी पत्नी ने बधाई दी है।

### रॉयल हेयर ब्यूटी लेकर आया है परिवार के सभी सदस्यों की सेवाएं एक ही सैलून में

गया।रॉयल हेयर $ ब्यूटी लेकर आया है परिवार के सभी सदस्यों की सेवाएं एक ही सैलून में, झा हेयर एक्सटेंशन हेयर पैच और हेयर सर्विस सर्वश्रेष्ठ उत्पाद के साथ मिल रहा है, या नहीं नोएडा की ब्यूटी एक्सपर्ट मधु शर्मा जो इस ब्युटीशियन में 16 साल से इस काम को लेकर अपनी पहचान बना चुकी हैं। और विशेष जानकारी के लिए एक बार विजिट करती हैं, त्वचा और एडवांस मेकअप की जानकारी के लिए मीले मधु शर्मा हर तरह की सुविधा के लिए आपके अपने शहर गया मे।

### आईटीआई गया में होना लाभार्थियों के लिए सुविधाजनक : पटवा

गया।गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के द्वारा गया जिला के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में चयनित लाभार्थियों को अन्य जिला नवादा में प्रशिक्षण के लिए बाध्य करने और नवादा जाने के बाद बैरंग वापस लौटाया गया।इस गंभीर मामले को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक वंदना जी ने बताया कि 2 सप्ताह के अंदर गया जिला में ही आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र केंदूई के प्रांगण में गया जिला के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के चयनित लाभुकों का प्रशिक्षण होगा। बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने इसके लिए जिला प्रशासन और जिला उद्योग केंद्र सहित एमएसएमई और कौशल विकास योजना के पदाधिकारीगण को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि गया जिला के लाभार्थियों को अन्य जिला नहीं जाना पड़ेगा और अपमानित नहीं होना पड़ेगा। बताते चलें कि गया जिला मे मानपुर प्रखंड से सबसे अधिक लाभार्थी चयनित हुए हैं। मानपुर प्रखंड के युवा लाभार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार करेंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे।

### पुलिस ने आधा दर्जन शराबी को किया गिरफ्तार

परसा। थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँवो में शराब पीकर हंगामा कर रहे आधे दर्जन शारीबो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार शराबीयो पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है.गिरफ्तार शराबियों में दरियापुर थाना क्षेत्र के बारवे गाव निवासी बिंदेश्वरी सहनी का पुत्र विनोद सहनी बेला गाव निवासी नागेश्वर महतो का पुत्र बजरंगी महतो एवं स्थानीय थाना क्षेत्र के परसौना गाव निवासी जोगेंद्र साह का पुत्र कृष्णा साह,बैजनाथ राय का पुत्र चन्द्रेव राय स्व गंगा शर्मा का पुत्र राजनाथ शर्मा व मिजार्पुर गाव निवासी सिपाही राय का पुत्र राजेन्द्र राय बताया जाता है।

# बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील की अध्यक्षता में ईद-उल जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी जन प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा शांति समिति के अवसर पर अपना अपना सुझाव दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों में निरीक्षण कर संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए सौहार्दपूर्ण स्थिति को सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। उनके द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि पुलिस प्रशासन अलर्ट रहे, छोटे-छोटे बातों को लेकर साम्प्रदायिक विवाद होने की संभावना हो तो ऐसे स्थानों पर शीघ्र ही दोनो पक्षों से वार्ता स्थापित कर मामले को निस्पादित करें साथ ही अपने वरीय पदाधिकारियों को भी सूचित करें। अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत सभी पदाधिकारी तत्पर रहे। बकरीद पर्व में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर खास नजर रखी जा रही है। असमाजिक व्यक्तियों एवं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनपर कार्रवाई की जायेगी। बकरीद पर्व जिले के लोग शांति, सद्भाव एवं भाईचारा के माहौल में मनाते आ रहे है तथा उसी माहौल में मनाया जायेगा। बैठक में लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली से जुड़ी समस्यायों से भी प्रशासन को अवगत कराया गया , जिसके आलोक में जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया की इस संबंध में कार्य प्रगति पर है और जल्द ही इन समस्यायों को ठीक कर दिया जायेगा। बैठक में उप विकाश आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष, सभी दल के प्रतिनिधि के साथ जिला स्तरीय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गड़हनी गांव में सुबह संदिग्ध स्थिति में एक मुर्गा दुकानदार को लगी गोली

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक मुर्गा दुकानदार को गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली बाएं पैर में जांघ पर लगी है जो दाहिने पैर के जांघ में जाकर फंस गई है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव वार्ड नंबर 4 निवासी मूसा कुरैशी का बेटा बबलू कुरैशी (28) है। वह मुर्गा दुकानदार है एवं गड़हनी बाजार पर मुर्गी फार्म का दुकान चलाता है।

इधर बबलू कुरैशी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपने कमरे में बेखबर सोया हुआ था। जैसे ही उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके दोनों पैर से खून बह रहा है। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी बबलू कुरैशी ने बताया कि जब मेरी नींद खुली और मैंने देखा कि मेरे दोनों पैरों से खून भरा है।

तभी तीन लड़के वहां से दौड़कर भाग रहे थे। जिसके कारण उसने उक्त लड़कों पर गोली मारने की आशंका जताई है। हालांकि उक्त दुकानदार को गोली किसने मारी या कैसे लगी। इसका कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। वही इस मामले में चरपोखरी थाना इंचार्ज ने बताया कि युवक को गोली कैसे लगी। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अपने स्तर मामले जांच कर रही है और जांच के उपरांत ही बताया जाएगा।

## बिहार जुनियर बालक ने आंध्रप्रदेश को 16-4 से व हिमाचल प्रदेश को 24-10 से पराजित किया

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। बैंगलुरू में आयोजित 7 से 9 जुन 24 तक 5 वीं जुनियर एवं 3 री सब जुनियर राष्ट्रीय सेस्टोबॉल चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया गया है इस प्रतियोगिता में कुल 30 राज्यों ने हिस्सा लिया। पुल मैच बिहार जुनियर बालक ने अपने पहले मैच में आंध्रप्रदेश को 16 - 4 से तथा दूसरे मैच में हिमाचल प्रदेश को 24 - 10 से पराजित किया।पुल का आखिरी मैच केरल के साथ आज रात में होगी। इस मैच में आदित्य,हर्ष, अभिषेक और अमृत ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं सब जुनियर बालिका वर्ग में बिहार ने कर्नाटक को 16-6 से पराजित किया। अनुप्रिया, भाव्या, रुचि और प्रिंसी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।अगला वर्गो का दुसरा मैच मैच गोवा से होगा।वहीं जुनियर बालिका वर्ग में कर्नाटक ने बिहार को 20 -14 से और सब जुनियर बालक वर्ग में मुम्बई ने 18 - 08 से हराया। जुनियर बालिका का अगला मैच आंध्रप्रदेश और सब जुनियर बालक का एन सी आर से होगा। सेस्टोबाल एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार, उपाध्यक्ष नलीन सिन्हा, ज्योति श्रीवास्तव, अलका सिन्हा डीपीएस अरवल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार समस्तीपुर के संस्कृति विधापिठ के निदेशक भावेश कार्यी ने सभी खिलाड़ियों को विजई होने पर शुभकामनाएं दी।

## दादी का इलाज कराने गए पोते प्रीतम कुमार को हथियारबंद अपराधियों ने बुलाकर मारी गोली

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार के भोजपुर जिले में दादी का इलाज कराने गए पोते प्रीतम कुमार (24) को हथियारबंद अपराधियों ने बुलाकर गोली मार दी गई। युवक को गोली सीने के बाए साइड में लगी है। गोली लगने के बाद युवक जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया है। युवक का इलाज किया जा रहा है। दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। युवक को गोली क्यों मारी गई है, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पूरा मामला भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरो बनारस हॉस्पिटल के पास का है, जहां हथियारबंद अपराधियों ने युवक को बुलाकर गोली मार दी। वहीं जख्मी युवक भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव के निवासी सूर्यकांत सिंह उर्फ मिंटू सिंह का बेटा प्रीतम कुमार है। प्रीतम अपने फुफेरा भाई के साथ अपनी दादी देवमुनि कुंवर के पैर का इलाज कराने तरारी से पीरो स्थित बनारस हॉस्पिटल में आया हुआ था। इसी दौरान युवक को अपराधियों ने गोली मार दी है, जिसके बाद परिजन द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना को लेकर जख्मी प्रीतम कुमार ने बताया कि उसकी दादी का पैर फ्रैक्चर हो गया था, जिनका इलाज कराने के लिए वो अपने फुफेरा भाई के साथ बनारस हॉस्पिटल आया था। इसी दौरान छह की संख्या में बाइक से आए बदमाशों ने बुलाया और फायरिंग करने लगे। अपनी जान बचाकर भागने के दौरान एक गोली प्रीतम को बाय साइड पेट के पास लग गई। जिससे वह बुरी तरफ जख्मी हो गया। वहीं गोली मारने के बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए। वहीं प्रीतम के रिश्तेदारों ने बताया कि प्रीतम अभी जॉब की तैयारी करता है। दूसरी तरफ प्रीतम ने किसी से विवाद होने से इनकार किया है। राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस को एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली है।

## भोजपुर जिला के वर्तमान जिलाधिकारी महेंद्र कुमार को दी गई विदाई राजकुमार का हुआ स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले में नए जिला पदाधिकारी राजकुमार की नियुक्ति के बाद की वर्तमान जिलाधिकारी महेंद्र कुमार का तबादला यहां से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के पद पर कर दिया गया जिसके बाद आज चंदवा स्थित ग्रीन हेवन रिजॉर्ट में फेयरवेल पार्टी आयोजित कर जहां एक तरफ महेंद्र कुमार को विदाई दी गई वहीं दूसरी तरफ राजकुमार का स्वागत किया गया वहीं अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक साधे समझ में जिलाधिकारी महेंद्र कुमार ने अपना चार्ज भर वर्तमान जिला अधिकारी राजकुमार को सौप उसके बाद विधिवत एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित पदाधिकारी ने महेंद्र कुमार के कार्यकाल को सारा एवं लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न करने के लिए बधाई भी दिया वहीं महेंद्र कुमार ने टीम भावना के साथ काम करके लोकसभा एवं विधानसभा जैसे उपचुनाव को संपन्न कराने में सहयोग करने के लिए सभी पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी के अलावे मीडिया कर्मियों को भी धन्यवाद दिया वहीं नए जिला अधिकारी राजकुमार ने एक बार फिर से इस तेवर के साथ जिले में विकास की गति को और तेज करने की बात कही।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा केन्द्रीय मंत्री का किया अभिनंदन



गया।भारत सरकार के सूक्ष्म लघु और माध्यम उधम मंत्री सह गया के सांसद जीतराम मांझी मंत्री पद के शपथ के बाद पहली बार अपने विभाग के कार्यभार संभाल कर दिल्ली से गया आगमन पर भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा विष्णु चरण चिन्ह सहित अंग वस्त्र और गुलाब का बुके देकर गया जी के पावन धरती पर स्वागत किया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा की पहली बार सौभाग है कि गया के सांसद देश के कैबिनेट मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।जीतराम मांझी के कुशल नेतृत्व में गया विकसित श्रेणी में लाने के लिए प्रयास करेंगे गया साथ ही साथ बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन को भी अंग वस्त्र विष्णु चरण चिन्ह एवं फूलों का बुके देकर सम्मानित किया गया।

## केन्द्रीय मंत्री ने टेकारी मांझी परिवार को न्याय दिलाने का दिया पूरा भरोस

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जिले के टिकारी प्रखंड में एक महादलित परिवार से आने वाले एक व्यक्ति के दोनों हाथ काट दिए जाने की घटना के बाद शनिवार को भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी पीड़ित से मिलने अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल पहुंच गए। पीड़ित व्यक्ति से हालचाल और घटना के बारे में पूछताछ के बाद शीघ्र ही न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। हम पार्टी के द्वारा द्वारा टेकारी में हुए कांड की जांच के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गई और विस्तृत रूप से घटना की जानकारी ली है।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी ने कहा कि इस घटना से प्रतीत होता है कि कुछ लोग जानबूझकर इस घटना को जातीय रंग देना चाहते हैं और सामाजिक सौहार्द को दूषित करने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई .नंदलाल मांझी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल अस्पताल में संजय मांझी व उनके परिजनों से मिला और उसके बेहतर इलाज के लिए अस्पताल अधीक्षक से मुलाकात किया है। साथ ही पीड़ित को हम पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता की गई है। आगे उन्होंने बताया कि चिरौली गांव के रहने वाले संजय मांझी को बगल के ही बाली पांडे, पिंटू पांडे, टिंकू पांडे और अन्य ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे संजय का दोनों हाथ कट गया है। उन्होंने कहा कि पूरी तरीके से एक हाथ काट दिया गया था। इस घटना के पीछे भूमि विवाद उभर कर सामने आ रहा है। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के कांड को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले गरीब मांझी मुसहर भुइया परिवार को अगर इस तरह का अत्याचार किया जाएगा तो ये नाकाबिले बर्दाश्त है। सभ्य समाज में इस तरह की घटना को माफ नही किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि हम लोगों ने इसके लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारी से बात की है और कांड में शामिल सभी व्यक्तियों की गिरफ्तार सुनिश्चित की गई है। मंत्री ने कहा कि इस तरह के कृत में शामिल सभी लोगों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उनके आश्रित को सरकारी मुआवजा और सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित सहायता की जाएगी पार्टी इसके लिए तत्पर है। मंत्री के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षा सेवक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश राम मांझी, पवन कुमार मांझी, पंकज मांझी, पार्टी प्रखड उपाध्यक्ष कंचन मांझी, अरविंद शर्मा, संजय मांझी, सावित्री देवी, निरंजन मांझी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे हैं। परिजनों ने उचित न्याय की मांग की है मंत्री से।

## पूर्व मंत्री स्व. सहदेव प्रसाद यादव के मनी 15वीं पुण्यतिथि



करपी/ अरवल। पूर्व मंत्री स्वर्गीय सहदेव प्रसाद यादव की 15वीं पुण्यतिथि समारोह सहदेव प्रसाद यादव महाविद्यालय करपी के परिसर में मनाई गई। उपस्थित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं आगणतुओ ने सहदेव प्रसाद यादव तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया । पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता ललित कुमार ने किया ।शिक्षकों ने उनके व्यक्तितव एव कृतित्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। शिक्षकों ने कहा कि सहदेव प्रसाद यादव व्यक्ति नहीं एक विचार थे उन्होंने गरीबों के हक और हुकुम के लिए लड़ाई लड़ते रहे इस उपस्थित लोगों ने कहा कि करपी ऐसा पिछड़ा हुआ क्षेत्र था जहां पर सदैव प्रसाद यादव ने डिग्री महाविद्यालय की स्थापना करने का काम किया।

## आईआईएम बोधगया ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा समर्थित 'नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम' फैकल्टी डेवेलपमेंट कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




गया।आईआईएम बोधगया ने भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा "मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम" के तहत "नर्चरिंग द फ्यूचर लीडरशिप" नामक पांच दिवसीय आवासीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों को भविष्य के लिए उत्तम लीडर्स को तैयार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करने के लिए एक साथ लाया गया है। इस कार्यक्रम में लगभग 20 केंद्रीय,राज्य विश्वविद्यालय, आईआईएम, आईआईटी और एनआईटी के 30 वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया है। हाई एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स एचईआई के भीतर वर्तमान और भविष्य दोनों नेतृत्व भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए फैकल्टी सदस्यों को आवश्यक कौशल और दक्षताओं से लैस करने के लिए नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम एनएफएलपी को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया था। यह कार्यक्रम भविष्य की पीढ़ियों के लिए शिक्षा परिदृश्य को आकार देने में प्रभावी नेतृत्व के लिए आवश्यक तकनीकी, प्रबंधकीय और पारस्परिक कौशल विकसित करने पर केंद्रित है। आईआईएम बोधगया निदेशक डॉ विनीता. एस सहाय ने कार्यक्रम की सफलता के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम" पर आवासीय एफडीपी इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक विनम्र अनुभव था। शिक्षकों के रूप में, यह जरूरी है कि हम खुद को उपकरणों से लैस करें और मुझे विश्वास है कि इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अंतर्दृष्टि, फैकल्टी सदस्यों को छात्रों और उनके संबंधित संस्थानों को उनकी पूर्ण नेतृत्व क्षमता का एहसास करने के लिए प्रेरित करने और मार्गदर्शन करने के लिए सशक्त बनाएगी। उन्होंने देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक के रूप में संस्थान के विशिष्ट योगदान पर जोर दिया गया है।यह कार्यक्रम सीखने के बेहतर माहौल को बढ़ावा देने, आने वाली पीढ़ियों को आकार देने के लिए उपस्थित लोगों के आवश्यक कौशल को बढ़ाने और देश में एकेडमिक परिदृश्य को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है।

## भालुओं की हमले से महिला जख्मी , ग्रामीणों की मदद से बाल बाल बची महिला

जमुई जिले के नक्सल प्रभावित चरका पत्थर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में भालुओं के द्वारा किये गए आक्रमण से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है । छुछनरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम गांधौनी टोला मरियम पहाड़ी गांव निवासी कैराबिन बास्के की पत्नी मोनिका टुडू शुक्रवार की अहले सुबह शौच के लिए गांव से सटे तालाब की ओर गई थी , तभी अचानक भालुओं की झुंड ने उस महिला पर जोरदार हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया । हमले के दौरान महिला के द्वारा किये गए चित्कार की आवाज सुन बड़ी संख्या ग्रामीण उस ओर दोड पड़े । बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर आता देख भालुओं का झुंड जंगल की ओर भाग निकला । इधर ग्रामीणों ने गंभीर रूप से जख्मी महिला को स्थानीय क्लिनिक में ले जाकर इलाज कराया । बुरी तरह घायल महिला मौनिका टुडू ने बताई कि तीन की संख्या में भालुओं की झुंड देखा गया जिसमें दो छोटे छोटे बच्चों के साथ एक बड़ा भालु शामिल था । ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण जंगलों में रहने वाले भालुओं सहित विभिन्न प्रजाती के बड़े बड़े जंगली जानवर प्रत्येक दिन अपनी प्यास बुझाने गांव की ओर आते हैं ओर किसी भी व्यक्ति को अकेला पाकर जानलेवा हमला कर देते हैं । ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी में जंगली जानवरों को प्यास बुझाने के लिए विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए गांव की तरफ आते हैं ओर ग्रामीणों पर जानलेवा हमला कर चले जाते हैं ।

## सभी को राष्ट्रसेवा, समाजसेवा और जनसेवा की भावना से काम करनी चाहिए : आर के सिन्हा

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा परिसदन मे भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के.सिन्हा ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आज की राजनीति बदल चुकी है ।आज राजनीति मे कटुता का भाव ने स्थान पकड़ लिया हे ।यह न देश के लिए ठीक है और न ही उनके लिए जिनमे कटुता भरा हुआ है।

उन्होने आगे कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव समाप्त हो गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे सरकार बन गई है ।सरकार मे शामिल सभी लोग देश को विकसित बनाने के लिए तत्पर है। विपक्ष अपना काम करे ।चुंकि सरकार या विपक्ष सभी का एक ही काम है राष्ट्र विरोधियो से शक्ति से निपटना, देश को आगे बढाना और जनता की सेवा करना ।सरकार अपना काम करे,जनप्रतिनिधि अपना जनप्रतिनिधित्व करे और विपक्ष भी राष्ट्र हित मे काम करे। राजनीति मे कटुता का कोई स्थान नही है,इससे देश,समाज, जनता और अपने खुद का नुकसान होता है ।उन्होने कहा कि मै 1966 ई. से पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के कहने पर जनसंघ मे शामिल हुआ और समाज,जनता की सेवा करता हूँ। जेपी आंदोलन के समय जेपी के कहने पर आंदोलन मे कुद पड़ा ।लोगो को वही काम करना चाहिए जिससे आत्मसंतुष्टि मिले ।मेरे बड़े भाई आईएस और मै आपीएस निकाला था,लेकिन मै आंदोलन मे चला गया और जेपी के कहने पर पूर्व सैनिकों को रोजगार देने का कार्य किया ।आज तीन लाख लोगो को रोजगार दिया,जिससे 15-20 लाख परिवारो का रोजी-रोटी चलता है ।उनके बेटे इंजीनियर, डाँक्टर, एमबीए निकाल रहे है ।इससे क्या हुआ ।मै अपने कार्य से संतुष्ट हूँ कि मैने लोगो का भलाई किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मै आपके बेटे को पार्टी मे दायित्व देना चाहता हूँ तो मैने कहा कि मुझे समाज सेवा करने दीजिए और मैने सांसदी छोड़ दी ।मै आज अपने बेटे के साथ मंच साझा नही करता। उन्होने कहा कि राजनीति मे किसी भी विचारधारा के लोग हो,लेकिन उन्हे मिलकर राष्ट्रसेवा,समाजसेवा, जनसेवा करनी चाहिए ।उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि कचहरी मे वकील पक्ष और विपक्ष की अलग-अलग पैरवी करता है,डाँक्टर अलग-अलग रोगो का ईलाज करता है,लेकिन मिलते सभी साथ है और साथ मे भोजन करते है। मै पिछले दिन लालु प्रसाद यादव से मिला,वहाँ मार्क्सवादी नेता ए राजा से भी मुलाकात हो गया ।मैने सुगर रोगी होने कारण लालू जी को खजुर के गुड़ मे बना मोटे अनाजो वाला लकट्ठु ले गया था। आर के सिन्हा ने संघ नेताओं द्वारा कही गई बात को उचित बताते हुए कहा कि राजनीति मे अहंकार नही होना चाहिए ।मै ही क्या हू ।ऐसा नही होनी चाहिए ।संघ हमलोगो का मार्गदर्शक और पैतृक संस्था है ।उनकी बातो पर सभी को ध्यान देना चाहिए।

पत्रकारो द्वारा शाहाबाद क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव की हार की सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अतिविश्वास के कारण हम कही-कही पीछे हो गए है ।हमारी पार्टी और कार्यकर्ता मे कोई कमजोरी नही है। बाहरी शक्तियों द्वारा अफवाह फैलाया गया और चुनाव मे विदेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लगा कर दुष्प्रचार किया गया।

प्रेस वार्ता मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी, जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सहि,संतोष चंद्रवंशी,नरेन्द्र सिंह,दीपक सहि,सचिन सिन्हा,सुमित सिंह,मुकेश शर्मा, सोहित सिन्हा आदि भाजपा के कार्यकर्ता थे।

## पंचायत समिति की बैठक में हुई विकास योजनाओं पर चर्चा



बगहा ।प्रखंड बगहा एक के सभागार भवन में शनिवार को प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रमुख ने उपस्थित सभी पदाधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। पंचायत समिति बैठक के दौरान कुछ मुद्दों पर सदस्यों ने गहमागमी करने का प्रयास किया। लेकिन प्रखंड प्रमुख ने सभी को शांत कर के मामले को आगे बढ़ाया। सदस्यों ने कहा कि एमडीएम द्वारा स्कूल में खाना का गुणवत्ता सही नहीं हैं। जिस पर एमडीएम इंचार्ज ने एमडीएम को दुरस्त करने की बात कही ताकि स्कूल में गुणवतापूर्ण खाना जा सकें ।बैठक के दौरान कई मुखिया द्वारा पीडीएस दुकानदारों द्वारा पंचायत के उपभोक्ताओं को आधार सीडिंग नहीं करने का मुद्दा उठाते हुए उपभोक्ताओं का ई आधार सीडिंग को तेजी करने की बात की गई। मौके पर मौजूद आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि अगर इस तरह का शिकायत है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी साथ सभी लाभुकों का आधार सीडिंग करने का निर्देशित किया जायेगा साथ ही कई सदस्यों ने बिजली का मुद्दा उठाया तो कई लोगों ने सड़क और जल जमाव का मुद्दा भी उठाया ।उसके बाद सदस्यों ने पशु चिकित्सालय का भी मुद्दा उठाया और सुचारू ढंग से चलाने की बात कही। चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि जो संसाधन उपलब्ध है उसी के सहारे मवेशियों का इलाज किया जा रहा है ।आंगनबाड़ी को लेकर उठाए गए सवाल पर सीडीपीओ प्रतिनिधि अमृता राज ने बाल विकास परियोजना और सरकार के स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से सदन में जानकारी दी ।इसके बाद शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दे को उठाया गया।

## चलती कार में लगी आग,पति के सामने पत्नी की जलकर हुई मौत,पति घायल

प्रात: किरण संवाददाता



तरैया। थाना क्षेत्र के पोखरेड़ा पंचायत के बगही गांव में तरैया से पानापुर जाने वाली सड़क पर एक चलती कार में आग लगने से एक महिला जिंदा जल गई ।जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई ।मृतक अवतार नगर घना क्षेत्र के पकौलिया गोराइपुर गांव निवासी दीपक कुमार राय कि 28 वर्षीय पत्न ी सोनी कुमारी थी ।इस घटना में पत्नी को बचाने के क्रम में पति भी आंशिक रूप से जलकर घायल हो गए ।घायल को ग्रामीणों ने रेफरल अस्पताल तरैया में ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया ।घायल दीपक कुमार राय ने बताया की वह अपने ससुराल गड़खा थाना क्षेत्र के मोरा बसंत गांव से अपनी पत्नी को लेकर कार से अयोध्या पूजा अर्चना करने गए थे ।अयोध्या दर्शन कर वहा से लौटते समय गोरखपुर में रुककर गोरखधाम में पूजा अर्चना किए ।फिर वहा से कार में सवार हो कर अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल लौट रहे थे कि पानापुर तरैया मुख्य सड़क में पोखरेड़ा पंचायत के बगही गांव में कार से धुआं निकलने लगा ।गाड़ी से उतरकर पिछले सीट पर सोई पत्नी को कार से निकालने की प्रयास करने लगे तभी कार में भीषण आग लग गई और वह जिंदा जल गई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 16 जून, 2024





## इस वजह से अटकी आमिर खान के बेटे जुनैद की डेब्यू फिल्म की रिलीज

आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। मगर, इस पर रोक लग गई है। गुजरात हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस फिल्म को लेकर हिंदू धर्म के वैष्णव संप्रदाय पुष्टिमार्ग के अनुयायियों ने दावा किया था कि इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। न्यायमूर्ति संगीता विशेन की एकल पीठ ने गुरुवार को फिल्म की रिलीज के खिलाफ आदेश पारित किया। यह फिल्म आज शुक्रवार को रिलीज होनी थी।

**18 जून को होगी अगली सुनवाई**

बेंच ने केंद्र, नेटफ्लिक्स और फिल्म का निर्माण करने वाली यशराज फिल्म्स को भी नोटिस जारी किए। इस मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के आठ सदस्यों ने फिल्म की रिलीज के खिलाफ याचिका दायर की, क्योंकि उन्हें फिल्म के बारे में लेख मिले, जो जाहिर तौर पर 1862 के प्रसिद्ध महाराज मानहानि मामले पर आधारित थे। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि यदि फिल्म को रिलीज करने की अनुमति दी गई तो उनकी धार्मिक भावनाएं गंभीर रूप से आहत होंगी। इससे सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने तथा संप्रदाय के अनुयायियों के विरुद्ध हिंसा भड़कने की आशंका है।

**याचिकाकर्ताओं के वकील ने दी ये दलील**

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर जोशी ने दलील दी कि यह फिल्म 1862 के मानहानि मामले पर आधारित है, जिसकी सुनवाई और निर्णय ब्रिटिश न्यायाधीशों द्वारा किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म में अदालत के फैसले के अंशों का संदर्भ दिया गया, जिसमें अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है, जो संप्रदाय के अनुयायियों को प्रभावित करने वाली बात है। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि मानहानि मामले का फैसला करने वाली ब्रिटिशकालीन अदालत ने हिंदू धर्म की निंदा की है तथा भगवान कृष्ण के साथ-साथ भक्ति गीतों और भजनों के खिलाफ गंभीर रूप से ईशनिंदा वाली टिप्पणियां की हैं।

**बिना ट्रेलर के रिलीज की जा रही फिल्म!**

उन्होंने यह भी तर्क दिया कि फिल्म को ट्रेलर या प्रचार कार्यक्रम के बिना गुप्त तरीके से रिलीज करने का प्रयास किया गया, ताकि इसकी कहानी तक किसी की पहुंच न हो। याचिकाकर्ताओं ने आगे कहा कि यदि ऐसी फिल्म को रिलीज करने की अनुमति दी गई तो उनकी धार्मिक भावनाएं गंभीर रूप से आहत होंगी और यह एक अपूरणीय क्षति होगी। इससे पहले याचिकाकर्ताओं ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से संपर्क कर फिल्म की रिलीज रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया था।



# महिलाओं की इस समस्या से जुड़ी फिल्म करना चाहती थीं सान्या

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। अभिनेत्री ने एक बातचीत के दौरान कहा कि वह हमेशा से इस तरह की फिल्म करना चाहती थी, जो प्रदर्शित करती हो कि किस तरह से शादी के बाद महिलाओं को घरेलू कामो में धकेल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें 'मिसेज' के लिए संपर्क किया गया अभिनेत्री ने तुरंत इसके लिए हां कर दी।

### मलयालम फिल्म का हिंदी रूपांतरण है 'मिसेज'

सान्या की आगामी फिल्म 'मिसेज' साल 2021 में आई निर्माता जियो बेबी की मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचेन' का हिंदी रूपांतरण है। फिल्म एक डांसर की जिंदगी पर आधारित थी, जिसकी शादी एक ऐसे परिवार में हो जाती है, जो खुले विचारों का नहीं है। उस पर घर के काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। अंत में वह इसका विरोध करती है।

### इस समस्या से गुजर रही हैं बहुत सारी महिलाएं

अभिनेत्री सान्या ने एक साक्षात्कार में कहा, 'यह बहुत दुख की बात है, इस समस्या से बहुत सारी महिलाएं गुजरती हैं। गृहणी होना एक कम सराहना वाला काम माना जाता है। बहुत सारे लोग इसे काम नहीं मानते हैं। इसलिए, यह हर जगह फैला हुआ एक मुद्दा है, जिसका सामना बहुत सारी महिलाएं करती हैं। यही बात किरदार की यात्रा को और फिल्म को सबसे जुड़ने वाला बनाती है।'

**स्क्रिप्ट सुनते ही किरदार से हो गया प्यार**

'मिसेज' फिल्म का निर्देशन आरती कादव ने किया है। जिन्होंने फिल्म में महिलाओं के लचीलेपन और उनकी ताकत को प्रदर्शित किया है। सान्या ने कहा कि उन्होंने जैसे ही इसकी हिंदी स्क्रिप्ट को सुना वह 'ऋचा' किरदार से प्यार कर बैठी। उन्होंने कहा, 'मैंने तुरंत इसके लिए हां कर दी। मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और किरदार से प्यार कर बैठी। मैं बहुत सी ऐसी महिलाओं को जानती हूं, जो इसी तरह की चीजों से गुजर रही हैं। मैं उनके लिए सहानुभूति महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि एक जिम्मेदार अभिनेता के रूप में ऐसी कहानियों को बताया जाना चाहिए।'

### किरदार के लिए की कड़ी मेहनत

अभिनेत्री सान्या ने साझा किया कि उनकी एक दोस्त भी इसी तरह की समस्या से गुजर रही थी। उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए उन्होंने महिलाओं के साक्षात्कार लिए और उनकी लिखी कविताएं पढ़ी, जिसमें उन्होंने अपने बारे में लिखा था।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का मिल चुका है पुरस्कार**

हाल ही में अभिनेत्री को 'मिसेज' में अदाकारी के लिए न्यूयॉर्क फिल्म फेस्टिवल 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिल चुका है। अभिनेत्री यह पुरस्कार पाकर बेहद खुश हैं। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा ने किया है।



# सरफिरा बन इस दिन धमाल मचाएंगे अक्षय कुमार

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म खेल खेल में की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। वहीं, अब उन्होंने दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा हो चुका है। अक्षय कुमार ने अब सरफिरा की रिलीज डेट का खुलासा करते हुए फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। अक्षय कुमार जल्द ही सरफिरा में नजर आएंगे, जो साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है। आज फिल्म की रिलीज डेट और पहला पोस्टर शेयर किया गया। यह बायोपिक 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के पहले पोस्टर में अक्षय कुमार की पहली झलक देखने को मिली। पोस्टर में अक्षय कुमार आसमान की तरफ देखते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ ही देर में फैंस भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आए। फिल्म की शूटिंग अभी जारी ही है। फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक ऐसे आदमी की कहानी,जिसने बड़े सपने देखने की हिम्मत की और मेरे लिए, यह एक कहानी है, एक किरदार है, एक फिल्म है, जीवन भर का एक मौका है। इसके साथ ही अक्षय ने पोस्ट के कैप्शन में फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। फिल्म का ट्रेलर 18 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है।

अक्षय कुमार और राधिका मदान के अलावा सरफिरा में परेश रावल और सीमा बिस्वास भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताई रौतू का राज की दिलचस्प बातें, ओशो का किरदार निभाना चाहते हैं

बॉलीवुड में अपनी बेमिसाल अदाकारी के लिए प्रसिद्ध अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक पुलिस अफसर की भूमिका में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अपनी नई फिल्म रौतू का राज ओटीटी पर लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म का दिलचस्प ट्रेलर 13 जून को जारी किया था, जिसे देखने के बाद प्रशंसक फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। ट्रेलर में नवाजुद्दीन एक ऐसे गांव में पुलिस अफसर बनकर पहुंचते हैं, जहां कोई अपना काम सही से करने को तैयार नहीं है, क्योंकि वहां पर सभी आलसी होते हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राजेश कुमार, नारायणी शास्त्री और अतुल तिवारी स्टारर फिल्म रौतू का राज एक सस्पेंस-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें एक महिला की मौत हो जाती है, इसी का कारण पता लगाने के लिए इंस्पेक्टर दीपक नेगी (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) अपनी टीम के साथ तफ्तीश करते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म रौतू का राज को लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राजेश कुमार ने कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। साथ ही बताया कि नवाजुद्दीन क्यों निभाना चाहते हैं ओशो का किरदार।

इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, कोई दबाव लेने की जरूरत नहीं है। काम को सीरियस करो, खुद को सीरियस लेने की जरूरत नहीं है। इसके आगे अभिनेता ने राजेश कुमार की तारीफ में कहा, जब आप कोई सीन किसी अभिमेता के साथ कर रहे हों, तो आप एक अभिनेता की काबिलियत को जान सकते हैं। टीवी पर राजेश की छवि एक कॉमेडी अभिनेता की रही है, लेकिन उनके अंदर एक अलग तरह की शख्सियत भी है। वह किरदार में रहते हुए ही सब कुछ करते हैं। राजेश की तारीफ में आगे कहा, राजेश ने जो फिल्म में काम किया है वह बहुत अमेजिंग है। राजेश ने टीवी में बहुत हिट शोस दिए हैं। मुझे हैरानी है कि राजेश ने अभीतक सिर्फ कुछ ही फिल्मों में काम कियों किया है। तो वहीं राजेश ने भी नवाजुद्दी की जमकर तारीफ की। राजेश कुमार ने कहा, नवाज भाई के लिए हमेशा एक पारस्परिक सम्मान रहा है। वह एक बेहतरीन अभिनेता रहे हैं। इस इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन ने कहा, मैं ओशो का किरदार जरूर निभाना चाहूंगा। क्योंकि इसकी वजह ही ओशो हैं। उनकी (ओशो) बातें और वह हमेशा से ही काफी सही और प्रभावशाली रहे हैं। वह इतने महान शख्स थे, उन्हें जो भी कहना होता था, वह कह देते थे। बिल्कुल प्रेक्टिकल सोच वाले इंसान थे। कोई भी बात कहने से पहले ज्यादा सोचते नहीं थे। वह ओरेटर बहुत अच्छे थे।

# एनटीआर की फिल्म में बॉबी देओल की हो सकती है एंट्री

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर काफी चर्चा में हैं। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसके अलावा एनटीआर एक और फिल्म वॉर 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में वह बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ नजर आने वाले हैं। इस बीच अभिनता की एक और आगामी फिल्म में इस बॉलीवुड स्टार के जुड़ने की बात सामने आ रही है। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की यह फिल्म बहुत पहले शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभिनेता और निर्देशक के अन्य प्रोजेक्ट्स में व्यस्त होने के कारण इसमें देरी होती चली गई। हालांकि, अब फिल्म को लेकर नए अपडेट्स आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की टीम ने बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल के साथ खलनायक की भूमिका के लिए बातचीत शुरू की है। ऐसा लग रहा है कि पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल के बाद, बॉबी देओल को खलनायक के तौर पर दिखानी एक होड़ सी मची हुई है।





# सुधीर बाबू को पसंद नहीं अपना उपनाम नाइट्रो स्टार

तेलुगु अभिनेता सुधीर बाबू की नई फिल्म हरोम हारा आज थिएटर में रिलीज हो चुकी है। सुधीर ने पिछले दिनों जमकर फिल्म का प्रचार किया। अब देखना होगा कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करेगी और लोग इसे कितना पसंद करेंगे। सुधीर बाबू को इंडस्ट्री में नाइट्रो स्टार के नाम से भी जाना जाता है, जिसे लेकर हाल ही में, उन्होंने अपनी राय साझा की है।

**सुधीर बाबू को अच्छा नहीं लगता अपना उपनाम**

हम जानते हैं कि दक्षिण भारतीय कलाकारों को उनके उपनाम से जाना जाता है। उनकी फिल्म की घोषणा में नाम के साथ-साथ उनका उपनाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उदाहरण के लिए, रजनीकांत को थलाइवर, पवन कल्याण को पावर स्टार और अल्लू अर्जुन को आइकन स्टार के नाम से जाना जाता है। सुधीर बाबू ने एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि उन्हें खुद को नाइट्रो स्टार कहलाना पसंद नहीं है। उन्हें अपना उपनाम अच्छा नहीं लगता है।

**धीरे-धीरे पड़ी नाइट्रो स्टार की आदत**

सुधीर बाबू ने कहा कि शुरू में नाइट्रो स्टार नाम चौंकाने जैसा था, लेकिन वक्त के साथ-साथ इसकी आदत हो गई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वो खुद को इस नाम से कहलाना नहीं चाहते हैं। सुधीर ने एक जानकारी देते हुए बताया कि उनकी फिल्म हरोम हारा में नाइट्रो स्टार को शीर्षक में शामिल नहीं किया गया है।

### ये कलाकार आएंगे नजर

हरोम हारा में सुधीर बाबू के साथ-साथ मालविका नायर ने भी अहम भूमिका निभाई है। इन दोनों के अलावा सुनील, अक्षरा, जया प्रकाश, लक्की लक्ष्मण, रवि काले और अर्जुन गौड़ा ने भी फिल्म में काम किया है। फिल्म का निर्देशन ज्ञानसागर द्वारका ने किया है। इसका निर्माण श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमा द्वारा किया गया है। चैतन भारद्वाज ने फिल्म को अपनी धुनों से सजाया है।

# रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं शरवरी



शरवरी वाघ अपनी फिल्म मुंजा को लेकर खूब सुर्खियों में बनी हैं। फिल्म में 'बेला' का किरदार निभाकर उन्होंने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। उनके प्रशंसकों ने तो उन्हें नई नेशनल क्रश तक कह डाला है। एक साक्षात्कार में शरवरी ने रणवीर सिंह के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की है। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि वह रणवीर सिंह के साथ जरूर काम करना चाहेंगी। फिल्म में शरवरी की भूमिका को खूब सराहा जा रहा है।




संक्षिप्त समाचार

## आईआईटी मद्रास ने एआई और डेटा एनालिटिक्स में बी.टेक. प्रोग्राम शुरू किया

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने एआई और डेटा एनालिटिक्स में बी.टेक. प्रोग्राम (कोर्स कोड - 412एल: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स) शुरू किया है और शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से इसमें विद्यार्थियों को प्रवेश देगा। यह एक अंडरग्रैजुएट डिग्री प्रोग्राम है जिसके लिए एनआईआरएफ रैंक 1 संस्थान आईआईटीएम ने सुनियोजित प्रयास से छात्रों को मुख्य कौशल और ज्ञान देना सुनिश्चित किया है। इस प्रोग्राम में प्रवेश जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा के माध्यम से होगा। 2024 बैच के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जेओएसएए) की काउंसलिंग जारी है। यह प्रोग्राम एआई और डेटा एनालिटिक्स के अलग-अलग पहलुओं में विशेषज्ञता प्रदान करते हुए विभिन्न उद्योगों में इनके उपयोगों का व्यापक दृष्टिकोण देगा। इसमें जेईई के माध्यम से 50 विद्यार्थियों को प्रवेश देने का प्रावधान है। प्रोग्राम में गणित के मूल सिद्धांतों, डेटा विज्ञान / एआई / एमएल फाउंडेशन, एप्लीकेशन डेवलपमेंट और रिस्पांसिबल डिजाइन पर जोर देने के साथ-साथ इंटरडिसिप्लिनरी ज्ञान दिया जाएगा। यह कोर्स वाधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड एआई के माध्यम से शुरू किया जा रहा है। आईआईटी मद्रास के एक विश्वप्रसिद्ध पूर्व छात्र और आईगेट और मैस्टेक डिजिटल के सह-संस्थापक श्री सुनील वाधवानी के 110 करोड़ रुपयों के अनुदान से इस स्कूल की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य दुनिया के सर्वोपरि एआई-प्रधान स्कूलों में प्रतिष्ठित होना है और साथ ही सरकार और नीति निर्माताओं को डेटा साइंस और एआई से संबंधित नीतिगत क्षेत्रों में सलाह देना है। इस बी.टेक. प्रोग्राम में विद्यार्थियों की शिक्षा में काफी लचीलापन होगा। वे अपने विभाग के भीतर और बाहर से इलैक्टिव की बड़ी रेंज से खुद चयन कर सकते हैं। अपनी सुविधा से शिक्षा यात्रा पूरी कर सकते हैं। वे सॉफ्ट एंड लैंग्वेज टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर विज़न की बारीकियों को जानने से लेकर कंट्रोल एंड डिटेक्शन और टाइम-सीरीज़ एनालिसिस का गंभीर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें अपने पैशन और अभिरुचि के क्षेत्रों में भी गहराई से सीखने का मौका मिलेगा।

## कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया कोटक जेन2 जेन प्रोटेक्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने अपनी नई सुरक्षा योजना कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद एक योजना के साथ दो पीढ़ियों को कवर करने के विकल्प के साथ इंडस्ट्री की ऐसी पहली सुविधा प्रदान करता है, जो इस सुरक्षा की विरासत को आगे बढ़ाता है। सर्वाइवल (उत्तरजीविता) पर प्रीमियम लाभ की 100 फीसदी गारंटीकृत वापसी के साथ आने वाला, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट बच्चे को कम्पलीट रिस्क कवर (पूर्ण जोखिम कवर) ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है, जब माता-पिता (प्राथमिक बीमाधारक) 60 या 65 साल के हो जाते हैं। इसके अलावा, यह रिस्क कवर बच्चे के साथ 60 साल की उम्र तक बना रहता है। यह उत्पाद वेलनेस बेनेफिट और एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट (दुर्घटना मृत्यु लाभ), स्थायी विकलांगता की स्थिति में लाभ और गंभीर बीमारी प्लस जैसे राइडर्स के माध्यम से व्यापक कवरेज भी प्रदान करता है। महिला पॉलिसीधारकों के लिए, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट अतिरिक्त 5 फीसदी डेथ बेनेफिट प्रदान करता है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि एक संगठन के रूप में, हमारा समर्पण उन उत्पादों को नया और क्यूरेट करने पर है, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट एक ऐसा उत्पाद है ।

# चीन से पंगा पड़ रहा महंगा! इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को 15 अरब का नुकसान, एक लाख नौकरियां फुर्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के साथ जारी तनाव भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए काफी महंगा साबित हो रहा है। इस कारण पिछले चार साल में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को 15 अरब डॉलर का प्रॉडक्शन लॉस हुआ है। साथ ही इस दौरान करीब 100,000 नौकरियों का मौका भी हाथ से निकल गया। चीन के नागरिकों को वीजा जारी करने में देरी और भारत में काम कर रही चीनी कंपनियों की जांच के बीच ऐसा हुआ है। विभिन्न मंत्रालयों को भेजे गए ज्ञापन में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री ने कहा कि भारत ने 2 अरब डॉलर के वैल्यू एडिशन नुकसान के अलावा 10 अरब डॉलर का निर्यात अवसर भी खो दिया है। इंडस्ट्री के लोगों के मुताबिक चीनी अधिकारियों के 4,000-5,000 वीजा आवेदन सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। इससे देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री की विस्तार योजनाओं में बाधा आ रही है। यह स्थिति तब है जब सरकार ने 10 दिन के भीतर बिजनस वीजा आवेदनों को मंजूरी देने के लिए एक व्यवस्था बना रखी है।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लॉबी ग्रुप ने केंद्र सरकार से चीनी अधिकारियों के लिए वीजा मंजूरी में तेजी लाने का अनुरोध किया है। अभी इसमें एक महीने से अधिक समय लग रहा है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि चीनी अधिकारियों की जरूरत टेक और स्किल ट्रांसफर, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स की स्थापना और कमीशनिंग, एफिशियंसी प्रोसेसेज की स्थापना और मेंटनेंस के लिए है। साथ ही चीनी की उन कंपनियों के अधिकारियों के वीजा आवेदन भी लंबित हैं, जिन्हें स्थानीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप में यहां मैन्युफैक्चरिंग बेस बनाने के लिए बुलाया गया है।





### कैसे निकलेगा समाधान

आईसीईए ने कहा कि हमारी घरेलू मूल्य संवर्धन योजना पर गंभीर असर पड़ा है। जब मोबाइल के लिए पीएलआई योजना (2020-21 में) शुरू की गई थी, तो उम्मीद थी कि आपूर्ति श्रृंखला चीन से हट जाएगी। लेकिन इस गतिरोध और प्रेस नोट 3 (भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश की अधिक जांच अनिवार्य करना) के कारण सप्लाई चेन के ट्रांसफर में भारी गिरावट आई है। यह एसोसिएशन ऐपल, ओप्पो, वीवो, डिक्सन टेक्नोलॉजीज और लावा जैसे टॉप मोबाइल ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधित्व करता है। आईसीईए का अनुमान है कि अगर भारत और चीन के बीच बिजनस एक्टिवीज सामान्य होती तो भारतीय कंपनियों का वैल्यू एडिशन वर्तमान 18 प्रतिशत से बढ़कर 22-23 प्रतिशत होता। इससे घरेलू मोबाइल फोन ईकोसिस्टम में सालाना 15,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त डीवीए कंट्रीब्यूशन होता।

आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने ईटी से कहा, हमें उम्मीद है कि एक संतुलित समाधान निकलेगा। इससे उद्योग की चिंताएं दूर होंगी और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा हितों में संतुलन बना रहेगा। इंडस्ट्री किसी भी देश के आगे झुकने को नहीं कह रहा है लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि आत्मनिर्भरता का रास्ता चीन के दबदबे वाली वैल्यू चेन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने काफी हद तक अपने नुकसान की भरपाई कर ली है और वह अधिक प्रतिस्पर्धी बन गया है। फिर भी भारत को वियतनाम, मलेशिया और मैक्सिको जैसे देशों के मुकाबले नए प्रकार का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिनकी चीन से पूंजी, प्रौद्योगिकी और कौशल तक फ्री एक्सेस का फायदा मिल रहा है।

उद्योग के लोगों का कहना है कि चीनी नागरिक भी गिरफ्तारी और पूछताछ के डर से भारत आने से डरते हैं। एक अधिकारी ने कहा, अगर किसी फैक्ट्री को स्थापित करने में मदद के लिए 50 इंजीनियरों की जरूरत है, तो केवल 10 या उससे कम ही लोग आने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2020 से भारत-चीन रिश्तों में आई तल्खी के कारण चीनी कंपनियों की गहरी जांच हो रही है। इस कारण इन कंपनियों ने भारत में आगे निवेश करना बंद कर दिया है। इससे सप्लाई चेन के विकास में अड़चन आ रही है। अगर ये कंपनियां भारत छोड़ने का फैसला करती हैं, तो इससे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज की उपलब्धता पर बड़ा असर पड़ेगा, रोजगार खत्म होगा और बड़ी संख्या में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बंद हो जाएंगी। उदाहरण के लिए एक बड़ी चीनी कंपनी ने ऐपल आईपैड बनाने के लिए भारत में एक प्लांट स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई थी। लेकिन वह वियतनाम चली गई और वहां सालाना 8-10 अरब डॉलर मूल्य के आईपैड का उत्पादन कर रही है। इसी तरह चीन के स्मार्टफोन ब्रांड्स भी भारत की प्रमुख मोबाइल पीएलआई योजना में भाग लेने से कतरा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि यदि चीनी कंपनियों को मोबाइल पीएलआई में भाग लेने से नहीं रोका जाता, तो भारत 2020 से कम से कम 5-7 अरब डॉलर का अतिरिक्त एक्सपोर्ट रेवेन्यू कमा सकते थे। वित्त वर्ष 2024 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया। इसमें 44 प्रतिशत चीन से और 56 प्रतिशत हांगकांग से आया।

## चीनी की मिठास पड़ेगी महंगी, बढ़ सकते हैं दाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाले समय में चीनी की मिठास लेने के लिए आपको ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ सकता है। दरअसल, राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर कम से कम 42 रुपए प्रति किलोग्राम करने का आग्रह किया ताकि बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। वहीं, समाचार रिपोर्टों से पता चला है कि सरकार 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2024-25 के आगामी सीजन के लिए चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य (रूस्क) को बढ़ाने पर विचार कर रही है। अगर सरकार हस्न्रष्टस्स्न की मांग को मांगते हुए चीनी की रूस्क में बढ़ोतरी करती है तो इसका असर खुदरा मार्केट में देखने को मिलेगा। चीनी की प्रति किलो कीमत बढ़ सकती है यानी आपको चीनी खरीदने के लिए अधिक पैसे चुकाने होंगे। जानकारों का कहना है कि चीनी की कीमत प्रति किलो 3 से 4 रुपए बढ़ सकती है। न्यूनतम बिक्री मूल्य वर्ष 2019 से 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रखा गया है, जबकि सरकार ने हर साल गन्ना उत्पादकों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में वृद्धि की है। एनएफसीएसएफ के अध्यक्ष हर्षवर्धन पाटिल ने एक बयान में कहा कि महासंघ ने खाद्य मंत्रालय के अधिकारियों को आंकड़े सौंपे हैं, जिसमें चीनी उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि दिखाई दे रही है, जिससे न्यूनतम विक्रय मूल्य को गन्ने के एफआरपी के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक हो गया है।

## एक ही दिन में पलट गई एलन मस्क की दुनिया, नंबर वन रईस की कुर्सी हाथ से गई

### बेजोस फिर बने नंबर वन, जेंसन हुआंग टॉप 10 की दहलीज पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक ही रात में भारी उलटफेर देखने को मिला है। एलन मस्क के हाथ से एक ही दिन में नंबर वन रईस की कुर्सी छिन गई है। मस्क गुरुवार को दुनिया के सबसे बड़े रईस बने थे लेकिन शुक्रवार को वह दूसरे नंबर पर खिसक गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन मस्क की नेटवर्थ में 3.19 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 203 अरब डॉलर रह गई है जबकि ऐमजॉन के जेफ बेजोस 206 अरब डॉलर के साथ उनसे आगे निकल गए हैं। बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 29.3 अरब डॉलर की तेजी आई है जबकि मस्क की नेटवर्थ 25.7 अरब डॉलर गिरी है। लंबे समय तक दुनिया के सबसे बड़े रईस की कुर्सी पर काबिज रहे बर्नार्ड अरनॉल्ट 198 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। फेसबुक की पेरेंट



कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग 179 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 51 अरब डॉलर की तेजी आई है। लैरी पेज 157 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पांचवें और माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर 155 अरब डॉलर के साथ छठे नंबर पर हैं। स्टीव बाल्मर (153 अरब डॉलर) सातवें, लैरी एलिसन (150 अरब डॉलर) आठवें, सर्गेई ब्रिन (147 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (134 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

### अंबानी-अडानी की नेटवर्थ

दुनिया के टॉप 12 अरबपतियों में 11 अमेरिका के हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें नंबर पर है। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ में 68.5 करोड़ डॉलर की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ इस साल 16.2 अरब डॉलर बढ़ी है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 107 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें नंबर पर हैं। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ 69.6 अरब डॉलर बढ़ी और इस साल इसमें 22.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

## चांदी की पायल-बिछिया, कड़े-छल्ले सब खोटे, 70 प्रतिशत गहनों में गिलट और एल्युमिनियम की चमक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बड़े या अमीर लोग तो सोने के गहने खरीदते-पहनते हैं। लेकिन गरीब लोग पाई-पाई जोड़कर पायल, बिछिया जैसे चांदी के छोटे गहने खरीदते हैं। जैसे इनकी आमदनी कम है, वैसे ही इनकी पहुंच भी कम है। इसलिए वे अपने गांव-कस्बे या पास के शहर के सुनार से ही ये गहने खरीद लेते हैं। ऐसे ही चांदी के गहने खरीदने वाले यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि उनकी बचत के करोड़ों रुपए हर दिन ठगे जा रहे हैं। दरअसल, ऐसे चांदी के गहने 70 फीसदी तक नकली हैं। कुछ ज्वैलर्स गिलट को चांदी कह कर बेच रहे हैं। इन गहनों पर चांदी नहीं बल्कि अल्यूमिनियम की चमक है।

### कैसे पकड़ में आया फर्जीवाड़ा

सफेद चांदी का काला सच सामने लाया है दैनिक भास्कर अखबार ने। इस अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर के सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी की लैब में एक साल में विभिन्न शहरों व कस्बों से शुद्धता की जांच के लिए चांदी के गहने लाए गए। लैब में लाए गए 12306 चांदी की पायल, छल्ला, कड़ा, चेन, घुंघरू, बिछिया, नेकलेस को जांचा गया। लैब की जो रिपोर्ट आई, वह आपको हिला देगी।

### क्या आई रिपोर्ट

लैब की रिपोर्ट के मुताबिक वहां लाए गए कुछ गहनों में तो एक भी फीसदी चांदी थी ही नहीं थी। वहां जांचे गए 90 फीसदी गहने मानक से कमतर पाए गए। मतलब कि सबमें अशुद्धता और मिलावट। अखबार के मुताबिक, आजकल बाजारों में बिकने वाले चांदी के 66 फीसदी जेवरों में 60 से 70 फीसदी तक जस्ता तथा एल्युमिनियम की मिलावट की जा रही है। कुछ ज्वैलर तो गिलट के गहने चांदी की बताकर बेच रहे हैं। लैब में आए करीब 70 फीसदी गहनों में गिलट और एल्युमिनियम की चमक पाई गई।



आगरा, मथुरा, नाथद्वारा तथा राजकोट से मंगाए गए चांदी के मंगलसूत्र, चूड़ियां, लौंग, पाजेब, चेन, एंकलेट को जांचा गया। ये भी नकली। इन गहनों को यदि वक्त-बेवक्त बेचने जाएं तो जितने पैसे लगाए हैं, उसका आधा पैसा भी नहीं मिलता। अक्सर लोग भरोसे में किसी लोकल ज्वैलर्स से ये गहने खरीद लेते हैं। लेकिन उन्हें ठगी का अहसास तब होता है जब उसे वे बेचे जाते हैं। यूं तो गहनों की शुद्धता जांचने के लिए हॉलमार्क पर भरोसा किया जा सकता है। लेकिन, भारतीय मानक ब्यूरो केवल सिल्वर ज्वैलरी हॉलमार्क के लिए लाइसेंस लेने वाले ज्वैलर्स के गहनों में शुद्धता जांचता है। जिनके पास लाइसेंस नहीं, उनके गहने नहीं जांचता है। ब्यूरो का कहना है कि हॉलमार्क चांदी के गहने ही खरीदें, ताकि उन्हें पूरी शुद्धता मिले।

### कहां से आ रहे हैं खोटे गहने

जयपुर के लैब में जो चांदी के खोटे गहने पकड़े गए, उनमें से अधिकतर आगरा, मथुरा, नाथद्वारा तथा राजकोट से आए गहने थे। जयपुर के स्वर्णकारों का कहना है कि इन्हीं शहरों से चांदी के खोटे जेवर आ रहे हैं। इसी की वजह से सभी सुनार बदनाम हो रहे हैं।

अनुमान के मुताबिक, सिर्फ राजस्थान में ही हर दिन औसतन एक हजार किलो चांदी के गहने बिकते हैं। इनकी अनुमानित कीमत गहनों के मेकिंग चार्ज मिलाकर 10 करोड़ बैठती है। इनमें से 70 प्रतिशत गहनों में शुद्धता 10 से 80 प्रतिशत ही रहती है। यानी हर दिन महिलाओं से बचत का 3 से 4 करोड़ रुपए मिलावटी चांदी के गहने बेचकर ठगे जा रहे हैं। मिलावटी चांदी के जेवर का कारोबार रोकने का फिलहाल कोई सरकारी सिस्टम है ही नहीं।

# देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में हुंडई

### 21 साल में पहली बार आ रहा इस तरह का इश्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की कार कंपनी हुंडई भारत में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी अपनी भारतीय यूनिट में आईपीओ के जरिए करीब 17 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। इस आईपीओ से कंपनी 25,000 करोड़ रुपये (करीब 3 अरब डॉलर) जुटाएगी। इस तरह कंपनी का वैल्यूशन करीब 18 अरब डॉलर या 1.5 लाख करोड़ रुपये होगा। देश में अब तक सबसे बड़ा आईपीओ लाने का रेकॉर्ड एलआईसी के पास है। कंपनी मई 2022 में 21,008 करोड़ रुपये का आईपीओ लाई थी। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के आईपीओ का आकार 18,300 करोड़ रुपये, कोल इंडिया का 15,199 करोड़ रुपये और रिलायंस पावर का आईपीओ 11,563 करोड़ रुपये का था। यह भारत में किसी ऑटो कंपनी का दो दशक से अधिक समय में पहला आईपीओ होगा। इससे पहले देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी साल 2003 में आईपीओ लाई थी।

भारत के ऑटो सेक्टर में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पहले ही लिस्ट हो चुकी है जबकि ओला इश्यू लाने की तैयारी में है। मारुति देश की सबसे वैल्यूएबल




ऑटो कंपनी है। महिंद्रा एंड महिंद्रा दूसरे और टाटा मोटर्स तीसरे नंबर पर है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने हाल ही में ओला के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। हुंडई पिछले एक साल आईपीओ लाने की तैयारी कर रही थी। माना जा रहा है कि कंपनी जल्दी ही सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा और हुंडई इंडिया की पेरेंट कंपनी ऑफर फॉर सेल के तहत अपनी हिस्सेदारी बेचेगी। सूत्रों ने बताया कि सिटी इंडिया, जेपी मॉर्गन इंडिया, कोटक महिंद्रा कैपिटल उन मर्चेंट बैंकरों में शामिल हैं जो इस इश्यू को मैनेज करेंगे।

हालांकि हुंडई इंडिया का आईपीओ कब आएगा, इसका समय अभी तय नहीं हुआ है। एक सूत्र ने कहा कि सेबी की प्रक्रिया कुछ महीनों तक चल सकती है। शेयर बाजार अभी रेकॉर्ड ऊंचाई पर हैं और इसमें तेजी बने रहने की उम्मीद है। हुंडई इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए जल्दी से जल्दी मंजूरी चाहती है। कंपनी इसलिए भी जल्दबाजी में है क्योंकि पिछले दो सालों में मजबूत वृद्धि देखने के बाद कार बाजार मंदी की ओर बढ़ रहा है। यह वजह है कि हुंडई जल्द से जल्द बाजार में उतरना चाहती है। हुंडई ने आईपीओ से पहले एक आक्रामक विस्तार योजना का संकेत देते हुए कहा है कि वह 2025 तक देश में अपना सालाना प्रॉडक्शन दस लाख यूनिट करेगी। कंपनी का जोर सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों पर होगा। कंपनी ने भारत में 32,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें महाराष्ट्र में जीएम के प्लांट को खरीदने की लागत शामिल है। इसका काम अगले साल के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। इससे कंपनी की मौजूदा प्रॉडक्शन कैपेसिटी 8.2 लाख यूनिट में 2 लाख यूनिट का इजाफा होगा। कंपनी ने ईवी के लिए एक आक्रामक योजना बनाई है। कंपनी अगले साल क्रेटा एसयूवी का इलेक्ट्रिक मॉडल उतार सकती है। साथ ही उसकी साल 2030 तक पांच ईवी मॉडल लॉन्च करने की भी योजना है। हुंडई इंडिया अपने बिक्री नेटवर्क हब का भी उपयोग करेगी। 2030 तक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या को 485 तक बढ़ाया जाएगा। हुंडई ने कहा है कि कंपनी के लिए भारत का रणनीतिक महत्व है और देश से निर्यात पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

## टाटा की 6 कंपनियों पर रेटिंग एजेंसी की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी- एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने टाटा समूह की 6 कंपनियों को रेटिंग बढ़ने की उम्मीद के साथ क्रेडिट निगरानी में रखा है। ये कंपनियां- टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, जैगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी (जेएलआर), टाटा पावर कंपनी लिमिटेड, टीएमएल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और एबीजेए इन्वेस्टमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड हैं।




### क्या कहा एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि रेटिंग संबंधी यह कार्रवाई समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (अनरेटेड) और उसकी सब्सिडयरी कंपनियों के बीच संबंधों की समीक्षा से पहले की गई है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि उसकी समीक्षा में यह आकलन किया जाएगा कि क्या टाटा संस की ओर से समूह की कंपनियों के लिए असाधारण समर्थन की संभावना पहले के अनुमान से अधिक है। एजेंसी ने कहा कि ऐसा समूह के भीतर परिचालन और प्रबंधन संबंधों में वृद्धि के कारण हुआ है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि समूह की वित्तीय रणनीति पर टाटा संस की स्पष्ट छाप है।

### टाइम ने माना लोहा

बता दें कि हाल ही में टाटा समूह को अमेरिका के प्रतिष्ठित पत्रिका 'टाइम' की वर्ष 2024 की दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों की सूची में जगह मिली है। टाइम पत्रिका ने टाटा को 'टाइटन' श्रेणी में सूचीबद्ध किया। अमेरिकी पत्रिका ने टाटा समूह का जिक्र करते हुए कहा है कि इसके पास इस्पात, सॉफ्टवेयर, घड़ियां, समुद्री केबल और रसायन से लेकर नमक, अनाज, एयर-कंडीशनर, फैशन और होटल तक का विशाल पोर्टफोलियो है। टाइम ने कहा, ''फरवरी में टाटा का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 365 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया जो भारत के पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान की समूची अर्थव्यवस्था से भी अधिक है।''

टी20 वर्ल्ड कप में न्यूज़ीलैंड ने युगांडा को 40 रन पर निपटाया

## फिर किया धांसू रनचेज... बने कई अनचाहे रिकार्ड



**त्रिदिनाद, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में मसलकर रख दिया. सुपर 8 की होड़ से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड की टीम ने युगांडा को पहले 18.4 ओवर में 40 रन पर आउट कर दिया, फिर पावरप्ले के अंदर ही टारगेट को चेज कर लिया. युगांडा का 40 रन का स्कोर उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, इससे पहले उसने इसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ महज 39 रन बनाए थे, जो नीदरलैंड्स के साथ टी20 वर्ल्ड कप का संयुक्त रूप से सबसे कम स्कोर है. एक समय लग रहा था कि युगांडा की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर के शर्मनाक रिकॉर्ड को बना देगी. शनिवार ( 15 जून ) को त्रिनिदाद के तारोबा में ब्रायन लारा स्टेडियम में इस मैच में कीवी कप्तान केन ने टॉस जीता और पहले पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

# यूएसए की टीम ने रच दिया इतिहास

टी-20 वर्ल्डकप 2024

अमेरिका की टीम ने क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। उसने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड के किए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान, आयरलैंड और कनाडा की टीमों को पछाड़ते हुए दूसरे दौर में अपनी जगह बनाई है। बता दें, ये पहला मौका है जब अमेरिका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में खेल रही है। उसने अपने डेब्यू सीजन में ही अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया है।



अमेरिका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में अमेरिका ने 195 रन के टारगेट को चेज करके जीत हासिल की थी। वहीं, अपने दूसरे मैच में उसने पाकिस्तान को हराया था। इस मैच में उसने सुपर ओवर में बाजी मारी थी। हालांकि उसे अपने तीसरे मैच में टीम इंडिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**डेब्यू सीजन में रच दिया इतिहास-** टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ दूसरा ही मौका है जब कोई टीम ने अपने डेब्यू सीजन में ही दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले ये कारनामा आयरलैंड की टीम ने ही किया था।

संक्षिप्त समाचार

## ट्रेंट बोल्ट की टी20 इंटरनेशनल को बाय-बाय

बोले- हम अच्छा नहीं खेल पाए



**तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से 4 टी20 विश्व कप में भाग लिया है।

बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की 9 विकेट की जीत के बाद कहा कि मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है। युगांडा के खिलाफ मैच से पहले ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के सुपर 8 दौर से बाहर हो गई थी। टीम अब ग्रुप सी में अपने आखिरी मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी जो टी20 विश्व कप में 34 साल के इस बाएं हाथ के गेंदबाज का आखिरी मैच होगा। उन्होंने सुपर 8 से बाहर होने पर कहा कि निश्चित रूप से हम टूर्नामेंट में ऐसी शुरुआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है। इस प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस सत्र से पहले टीम 2014 के बाद से हर बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि देश के लिए खेलने को लेकर ड्रेसिंग रूम में बहुत गर्व का माहौल है। पिछले कई वर्षों में हमारे रिकॉर्ड बेहतरीन रहे हैं। दुर्भाग्य से बीते सप्ताह हम अच्छा नहीं खेल सके और क्वालीफिकेशन से बाहर हो गए।

## दीक्षा डागर की शानदार शुरुआत, इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं।



इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर ( 72 ) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी ( 75 ) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

**अदिति अशोक मीजर क्लासिक एलपीजीए में संयुक्त 16वें स्थान पर –** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त 16वें स्थान पर है। बेंगलुरु की यह खिलाड़ी अगस्त में अपना तीसरा ओलंपिक खेल खेलने के लिए तैयार है। ऐसे में उनके लिए कुछ लय हासिल जरूरी होगा। अदिति ने छठे, आठवें और 18वें होल में बर्डी लगाकर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर छह-अंडर 138 का है।

हॉकी

# जूनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित स्क्वाड का ऐलान



**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 16 जून से बेंगलुरु में एसएआई में शुरू होगा। यह शिविर जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले। इस दौरे के दौरान भारत ने अपने पहले मैच में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2 शूटऑउट) से जीत हासिल की, लेकिन उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे मैच में 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 से मामूली हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, वे पहले मैच में 2-3 से हार गए लेकिन वापसी मैच में 1-1 (3-1 शूटऑउट) से जीत गए, जो दौरे का अंतिम मैच भी था।

आगामी शिविर, कोच जनार्दन सीबी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में 63 दिनों तक चलेगा और 18 अगस्त को समाप्त होगा। इस समूह में पांच गोलकीपर शामिल हैं- प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव और अली खान।

शिविर में फॉरवर्ड मोहित कर्मा, मोहम्मद जैद खान, मोहम्मद कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह, अरिजीत सिंह हुंदल, गुरजोत सिंह, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और गुरसेवक सिंह हैं।

डिफेंडर में शारदा नंद तिवारी, आमिर अली, मनोज यादव, सुखविंदर, रोहित, योगंबर रावत, अनमोल एक्का, प्रशांत बारला, आकाश सोरेंग, सुंदरम राजावत, आनंद वाई और तलेम प्रियो बार्टा शामिल हैं।

शिविर में शामिल होने वाले मिडफील्डर्स में बिपिन बिल्लवारा रवि, वचन एच ए, अंकित पाल, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, रितिक कुजूर, थौनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, थोकचोम किंगसन सिंह, अंकुश, जीतपाल, चंदन यादव, मनमीत सिंह और गोविंद नाग शामिल हैं। आगामी शिविर के बारे में कोच जनार्दन सीबी ने कहा, यह शिविर भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है और इस प्रशिक्षण सत्र से उन्हें अपनी क्षमता के बारे में जानने में मदद मिलेगी।

## स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का समापन समारोह में वित्त सचिव ठकराल के उदगार



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के वित्त सचिव नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि सीमित साधनों में यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। मैं विभिन्न टूर्नामेंट आयोजनों में यहां आता रहा हूं, जीवन में खुश रखने वाले चार तत्व हार्मोन्स खेल मैदान में खिलाड़ियों को स्वतः मिल जाते हैं। आगामी गुरुवार 20 जून को प्रातः 6 बजे यूनियन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री ठकराल ने हाथ खड़े करा कर सहमति ली। नरेश कुमार ठकराल ने क्लब सचिव महिपाल स्वामी , क्लब कोऑर्डिनेटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग फिटनेस शिक्षक भव्या राजावत, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, फुटबॉल कोच हर्षवर्धन, यशवर्धन आदि के योगदान को सरहरना की। उपस्थित अभिभावकों और खिलाड़ियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में महिपाल स्वामी ने कहा कि, प्रशासन और शासन का निश्चछ्ल सहयोग मिलता रहा तो आगामी आठ वर्षों में यूनियन फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप में भारतीय फूटबॉल टीम क्वालीफाई करा देगा।

टी-20 वर्ल्डकप

# सूरत के इस पारसी क्रिकेटर का था लॉस एंजिल्स में राज, जादुई गेंदबाजी से तोड़ रखी थी अच्छे-अच्छों की कमर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19वीं सदी के आखिर में दक्षिणीक्ष कैलिफोर्निया में क्रिकेट की शुरुआत हुई, ये अमेरिका में इस खेल के शुरू होने के 200 साल बाद था। लेकिन वहां के लोगों ने इसे बहुत जल्दी अपना लिया। हर साल गर्मियों में मई के महीने में क्रिकेट का सीजन शुरू होता था। लॉस एंजिल्स, सांता मोनिका, सैन डिएगो और सैन फ्रांसिस्को (मध्य कैलिफोर्निया में) जैसे कई इलाकों की अपनी-अपनी लीग थीं। सीजन की शुरुआत लीग की टीमों के बीच अभ्यास मैचों से होती थी और अंत के करीब लॉस एंजिल्स की एक संयुक्त टीम उस इलाके के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों वाली सांता मोनिका 11 के साथ डुडली कप के लिए खेलती थी। साल दर साल क्रिकेट सीजन चलता रहा, कोई खास उलटफेर नहीं हुआ, लेकिन 1907 की गर्मियों में एक भारतीय की फिरकी गेंदबाजी ने सबको चौंका दिया।

**इस भारतीय का था अमेरिका में जलवा –** यह भारतीय थे मानेकजी जमशेदजी भुमगारा, जो सूरत के रहने वाले पारसी थे। लॉस एंजिल्स की अपनी लीग टीम के लिए उनकी गेंदबाजी धूम मचाने लगी। उन्हें ईस्ट इंडियन कहा जाता था और अखबारों में उनकी गेंद को घुमाने के हुनर की तारीफ की जाती थी। वह अक्सर एक ही पारी में विपक्षी टीम के 5 बल्लेबाजों को आउट कर देते थे और उनकी जीत में अहम भूमिका निभाते थे। कभी-कभी वह बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाते थे। भुमगारा 1905 के आसपास लॉस एंजिल्स आए थे। अपने पहले सीजन में वह वहां की तीन लीग टीमों में से एक वांडरर्स के लिए खेले। 8 जुलाई 1907 को लीग के एक महत्वपूर्ण मैच में उनकी टीम मैरीलेबोन क्लब के खिलाफ खेली। भुमगारा ने 16 रन बनाए, उनकी टीम ने सिर्फ 59 रन बनाए - वह केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने डबल फिगर स्कोर बनाया। उन्होंने 5 विकेट लिए और वांडरर्स ने टेस्ट (जिसमें सिर्फ एक-एक पारी होती थी) 6 रन से जीत लिया. उस पहले सीजन में भुमगारा ने लीग मैचों में



औसतन 5.2 रन देकर 20 विकेट लिए। सांता मोनिका 11 के खिलाफ टेस्ट मैचों में उन्होंने 5.5 की औसत से 11 विकेट लिए। अगले सीजन में वह मैरीलेबोन क्लब के लिए खेलने लगे, गेंदबाजी में उनका जलवा बरकरार रहा।

**अपने इशारों पर बल्लेबाजों को नचाते थे –** अखबारों में जिंगेरिस के खिलाफ उनके प्रदर्शन की खूब चर्चा हुई, जिंगेरिस लॉस एंजिल्स लीग की तीसरी टीम थी। भले ही उनकी टीम 4 रन से हार गई, लेकिन उन्होंने 5 विकेट लिए। लीग के एक और मैच में भी उन्होंने जिंगेरिस के खिलाफ 5 विकेट लिए, लॉस एंजिल्स टाइम्स ने लिखा कि अगर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने इतने कैच नहीं छोड़े होते तो वह और विकेट ले सकते थे। उन दिनों ज्यादातर मैचों में कम रन बनते थे, बल्लेबाज डबर फिगर स्कोर मुश्किल से ही हासिल कर पाते थे। 1909 में भाम्गारा फिर से वांडरर्स के लिए खेले। अक्सर दूसरे इलाकों की टीमें दक्षिणी कैलिफोर्निया का दौरा करती थीं।

**दक्षिणी कैलिफोर्निया में काफी लोकप्रिय हो चुका था खेल –** दक्षिणी कैलिफोर्निया में अक्सर क्रिकेट टीमें आया करती थीं। 1908 में, एरिजोना के क्लिफ्टन क्रिकेट क्लब - जिसके ज्यादातर खिलाड़ी ब्रिटिश कंपनी एरिजोना कॉपर कंपनी के थे - लॉस एंजिल्स का दौरा करने आए और कई मैच खेले। भुमगारा ने शानदार गेंदबाजी की और 9 विकेट लिए (पहले मैच में ही उन्होंने 6 विकेट लिए) और लॉस एंजिल्स की टीम को मेहमानों को हराने में मदद की। उसी साल, सैन फ्रांसिस्को की एक टीम भी आई थी। उस वक्त तक, दक्षिणी कैलिफोर्निया में क्रिकेट काफी लोकप्रिय हो चुका था। अमेरिका में इससे पहले भी क्रिकेट क्लब हुआ करते थ। शायद सबसे पहला 1854 में बना फिलाडेल्फिया क्रिकेट क्लब था। भुमगारा न्यूयॉर्क से लॉस एंजिल्स के पासाडेना आए थे। 1904 में न्यूयॉर्क पहुंचने के दस्तावेजों से पता चलता है कि उनका जन्म 27 जुलाई 1878 को सूरत में हुआ था। वह इंग्लैंड जाने से पहले बॉम्बे गए थे, जहां वो 10 साल तक रहे (ज्यादातर लंदन और लिवरपूल में)। वह खुद को एक आर्ट मर्चेंट बताते थे।

## चोटिल मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर, जजई टीम में शामिल



**एंटीगुआ, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के शेष मैचों के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम में बदलाव किया है। चोट के कारण ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान की टीम हालांकि टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट के सुपर आठ में पहुंच गई है। अफगानिस्तान की ऑफ स्पिनर 23 वर्षीय मुजीब हाल के वर्षों में टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जिसके नाम पर 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 59 विकेट हैं और प्रारूप में 6.35 की शानदार करियर इकोनॉमी है, लेकिन मुजीब ने ग्रुप सी में अफगानिस्तान के सिर्फ एक मैच में खेला। उसने युगांडा के खिलाफ तीन ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट लिया।

ऑफ स्पिनर की दाहिनी तर्जनी के जोड़ की चोट इतनी गंभीर है कि मुजीब को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी इवेंट टेक्निकल कमेटी ने मुजीब की जगह हजरतुल्लाह जजई को खिलाने के अफगानिस्तान के अनुरोध को मंजूरी दे दी है।

**अफगानिस्तान की टीम-** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, हजरतुल्लाह ज़ज़ाई और रिजर्व में सेदिक अटल, सलीम सफ़ी हैं। टी-20 टूर्नामेंट के मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच से पहले ही अफगानिस्तान सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है। सुपर आठ मुकाबलों में उनका सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।

# कंफर्म: पाकिस्तान टी20 विश्वकप 2024 से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में सुपर 8 में पहुंचने में फेल हो गई है। पाकिस्तान को यूएसए और भारत से मुकाबला गंवाना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आयरलैंड और यूएसए का मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने से पाकिस्तान को घाटा पड़ा। पाकिस्तान को सुपर 8 में आगे बढ़ने के लिए यहां यूएसए की हार चाहिए थी लेकिन मुकाबला रद्द होने से यूएसए एक अंक लेकर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर गया। पाकिस्तान के लिए एक बुरी खबर और भी है। उनका आगामी मुकाबला इसी लॉडरहिल के मैदान पर होना है। जहां आगामी दिनों में बारिश बताई जा रही है। अगर वह मुकाबला न हुआ तो पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक जीत के साथ ही बाहर हो जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह बड़ा झटका होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के पिछले 2022 संस्करण में वह इंग्लैंड के साथ फाइनल खेली थी।

### ऐसे रहे पाकिस्तान के मुकाबले

**बनाम यूएसए: सुपर ओवर में हारे-** पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम ने 44 तो शादाब खान के 40 रनों की बदौलत 159 रन बनाए। जवाब में यूएसए ने मोनाक पटेल के 50, गौंस 35, एरोन जोंस 36 की मदद मैच टाई करवा लिया। सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 18 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 13 रन ही बना पाई और 5 रन से मुकाबला गंवा दिया।

**बनाम भारत: 6 रन से हारे-** भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। नसीह और हारिस ने 3-3 विकेट निकाले। जवाब में पाकिस्तान की टीम 113 रन ही बना पाई। जसप्रीत बुमराह 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लेने में सफल रहे।

**बनाम कनाडा: 7 विकेट से जीते-** कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 रनों की बदौलत 106 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान ने जवाब में खेलते हुए मोहम्मद रिजवान के 53 और बाबर आजम के 33 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली।

### निष्कर्ष

पाकिस्तान को यूएसए और भारत से हार के कारण बड़ा घाटा पड़ा। वहीं, यूएसए की टीम कनाडा और पाकिस्तान पर जीत और आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने से अंक तालिका में पांच अंक बनाने में सफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कहां हैं आपके सातों सांसद जल संकट पर फिर बीजेपी पर भड़के संजय सिंह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल संकट को लेकर जारी सियासी हंगामे के बीच आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने दिल्ली के सातों बीजेपी सांसदों की चुप्पी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर बीजेपी उम्मीदवार को जिताया लेकिन इसके बावजूद हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के लोगों को सजा दे रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा की क्क्क्क सरकार दिल्ली के हक़ का पानी रोककर हमसे दुश्मनी निकाल रही है। मैं कहना चाहता हूं कि आप हमसे दुश्मनी निकालिए लेकिन दिल्ली के लोगों को परेशान मत कीजिए। उन्होंने सातों सांसदों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा, वे सातों सांसद कहा हैं। पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम क्या हो सकता है। मैं उन सातों सांसदों से कहना चाहता हूं कि कम से कम केंद्र सरकार और हरियाणा से अपील कीजिए और अपने एलजी से जाकर मुलाकात कीजिए। पानी के मामले में ऐसा भेदभाव मत कीजिए। बता दें, आम आदमी पार्टी लगातार हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है। उधर दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। आतिशी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में 1005 एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा, उत्पादन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें। मंत्री ने कुछ आंकड़े साझा करते हुए कहा कि छह जून को पानी का उत्पादन 1002 एमजीडी था, जो अगले दिन यानी सात जून को 993 एमजीडी और आठ जून को 990, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919, 12 जून को 951 और 13 जून को 939 एमजीडी रह गया।

### स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में बिभव कुमार की हिरासत एक दिन और बढ़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत की अवधि एक दिन और बढ़ा दी गई है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में बिभव कुमार न्यायिक हिरासत में हैं। शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए बिभव की हिरासत अवधि एक दिन और बढ़ा दी है। बिभव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के समक्ष पेश हुए। उन्हें कल भी कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। इससे पहले इसी मामले में शुक्रवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। जस्टिस अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने बिभव की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। अभी न्यायिक हिरासत में बंद बिभव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर स्वाति मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था।

# राज्यसभा सीट से लेकर मंत्री पद तक, महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में खटपट, खुलकर सामने आए मतभेद

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से एनसीपी में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे।

प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, (उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल



पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है।

यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा, यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था।

नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊ वाजे से हार गए। अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी में स्पष्ट असंतोष को कम करने का प्रयास करते हुए कहा कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय एनसीपी की शीर्ष इकाई ने लिया है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि भुजबल नाराज हैं। कैबिनेट मंत्री भुजबल सुनेत्रा पवार के नामांकन के बाद नाराज हैं, मीडिया में आई इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर एनसीपी अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सहयोगी ने खुद बताया है वह नाराज नहीं हैं। अजित पवार ने कहा कि विपक्ष समेत कुछ लोग और हमारे करीबी दोस्त ऐसी खबरें फैला रहे हैं, लेकिन इनमें कोई सच्चाई नहीं है। अजित ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो प्रफुल्ल पटेल और भुजबल समेत राकांपा के प्रमुख नेता मौजूद थे। इन आंतरिक टकरावों के बीच, सुनेत्रा पवार ने बारामती से लोकसभा चुनावों में अपनी हालिया हार के बाद आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए राकांपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। महाराष्ट्र में एक राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव 25 जून को होना है।

## आरसीसीपीएल ने पर्यावरण सप्ताह सम्पन्न किया

**मैहर।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर ने विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह 2024 का आयोजन 5 जून 2024 से 11 जून 2024 तक सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस सप्ताह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण को संरक्षित करना था। कंपनी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सभी विभागों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सप्ताह की शुरुआत 5 जून को एक संक्षिप्त उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें यूनिट हेड पी.के. चौधरी, तकनीकी प्रमुख, और वाणिज्यिक प्रमुख ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का एक अवसर प्रदान किया। 6 जून को माइन्स में पौधारोपण दिवस आयोजित किया गया। पर्यावरण टीम ने माइन्स पहुंचकर पौधारोपण किया और इसके साथ ही टोपी वितरण और जलपान की व्यवस्था भी की गई।7 जून को माँ शारदा देवी परिसर में प्लास्टिक कचरा और अन्य कचरा संग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बाद में बैग वितरण और जलपान का आयोजन किया गया।8 जून को सीसीआर से पैकिंग प्लांट तक रैली का आयोजन किया गया, जिसे यूनिट हेड पी.के. चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 11 जून को सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्वागत भाषण, तुलसी पौधे को जल अर्पण, पर्यावरण की शपथ, नाटक प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, और धन्यवाद प्रस्ताव शामिल थे। मुख्य अतिथि आरओ कटनी सुधांशु तिवारी और यूनिट हेड पी.के. चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

## यूपीएससी देने वालों की सुविधा के लिए डीएमआरसी का फैसला

### 16 जून को सुबह 6 बजे से चलेगी मेट्रो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने घोषणा की है कि 16 जून हो होने वाली यूपीएससी (संघ लोकसेवा आयोग) परीक्षा के मद्देनजर फेज-3 सेक्शन्स पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं रविवार सुबह 6 बजे से उपलब्ध रहेंगी। इस बारे में शुक्रवार को डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन) अनुज दयाल ने जानकारी दी।

अनुज दयाल ने कहा कि तीसरे चरण के सेक्शन्स पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं जो आमतौर पर रविवार को सुबह 8 बजे शुरू होती हैं, वे 16 जून को सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएंगी। आगे उन्होंने कहा, यह व्यवस्था संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए की जा रही है। मुंडका से ब्रिगेडियर होशियार सिंह, बदरपुर बॉर्डर से राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़), मजलिस पार्क से शिव विहार, जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन और ढांसा बस स्टैण्ड से द्वारका के बीच चलने वाली ट्रेनें आती हैं। दयाल ने बताया कि अन्य सेक्शन्स पर मेट्रो सेवाएं सुबह छह बजे से अपने सामान्य कार्यक्रम के अनुसार ही चलेंगी। उधर एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम) ने गुरुवार को कहा कि आगामी यूपीएससी परीक्षा के मद्देनजर नमो भारत ट्रेन सेवाएं रविवार को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

## शिकायत के बाद खुली बीमा कंपनी की नींद, मामला दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में फर्जीवाड़े का एक अनोखा मामला सामने आया है। एक बीमा कंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर ग्राहकों को पॉलिसी बेचकर या उनके पॉलिसी का नवीनीकरण कर फर्जी प्रमाण पत्र देता था और उनसे मिलने वाली रकम को अपने निजी बैंक खाते में जमा करा लेता था। बीमा कंपनी को जब इसकी जानकारी मिली तो पुलिस से इसकी शिकायत की गई। पुलिस ने बीमा कंपनी के रिलेशनशिप मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीमा कंपनी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, एक स्वास्थ्य बीमा फर्म के रिलेशनशिप मैनेजर लक्ष्य गुप्ता ने ग्राहकों से पैसे लेकर उन्हें जाली पॉलिसी प्रमाणपत्र सौंपे। उन्होंने ग्राहकों से मिले पैसे को अपने निजी बैंक खाते में जमा करा लिया। शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि रिलेशनशिप मैनेजर लक्ष्य गुप्ता ने जनवरी और फरवरी में 14 ग्राहकों से अपने निजी बैंक खाते में पैसे जमा कराए।

# आबकारी घोटाला मामले में आप कार्यकर्ता रयात की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवक चनप्रीत सिंह रयात की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी।

जस्टिस अमित शर्मा की अवकाश पीठ ने रयात की नियमित जमानत की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया और एजेंसी से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ईडी ने रयात को पिछले साल 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था, रयात पर 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए नकद भुगतान का इंतजाम करने का आरोप है।

आरोपों के मुताबिक बीआरएस नेता के कविता, टीडीपी के ओंगोल सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और उनके बेटे




राघव मगुंटा, बिजनेसमैन सरथ चंद्र रेड्डी और अन्य लोगों के साउथ ग्रुप ने अब खत्म हो चुकी 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति के तहत दिल्ली शराब बाजार में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी।

ईडी का दावा किया है कि इस कथित रिश्वत में से 45 करोड़ रुपए का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान के लिए किया था। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो को जांच का आदेश देने के बाद 2022 में इस नीति को खत्म कर दिया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। बीते साल जुलाई में ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले में रायत को जमानत दे दी थी, यह देखते हुए कि उन्होंने नीति के निर्माण या कार्यान्वयन में कोई भूमिका नहीं निभाई थी।

# रूस की जब्त संपत्तियों से यूक्रेन को अरबों का लोन देंगे अमेरिका-यूरोप, पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने बड़ा कदम उठाया है। रूस की संपत्तियों को जब्त कर ये देश अब यूक्रेन को अरबों डॉलर का कर्ज देंगे। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस की प्रतिबंधित संपत्तियों को उस समय तक जब्त रखे जाने पर सहमति जताई है, जब तक कि वह यूक्रेन पर हमले के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं कर देता। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस कदम से जी-7 शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा कीव के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज की घोषणा करने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारी ने कहा कि पहला भुगतान इसी वर्ष किया जाएगा, लेकिन यूक्रेन को सारा पैसा खर्च करने में समय लगेगा। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर समझौते की जानकारी दी, जिसे शुक्रवार को जी-7 नेताओं की विज्ञप्ति में शामिल किया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक, जी-7 देशों के समूह ने यूक्रेन के लिए 50 अरब डॉलर का ऋण देने के लिए रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियों का इस्तेमाल करने की योजना की घोषणा की है।

पुतिन इस कदम से भड़के हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति ने पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल करके ऋण पैकेज प्रदान करने के समझौते की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि रूस इस कदम का करारा जवाब देगा। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों के नेता हमारी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किसी तरह का कानूनी आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सभी चालों के बावजूद, वे चोरी ही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा, चोरी तो चोरी होती है और चोर को सजा दिए बिना नहीं छोड़ सकते। पुतिन ने कहा कि ऐसे तो वे किसी की भी संपत्ति जब्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम उठाने वालों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। रूस की कौन सी संपत्तियों को जब्त कर यूक्रेन की मदद की जाएगी, इसको लेकर आने वाले एक हफ्ते में डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यूक्रेन को इस साल के अंत तक पैसे मिलने की उम्मीद है। हालांकि, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को इस समझौते को खारिज करते हुए कहा कि यह सिर्फ कागज़ के टुकड़े हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने जखारोवा के हवाले से कहा, ये समझौते कुछ भी नहीं हैं। इनमें कोई भी कानूनी आधार नहीं है। सब फर्जी है।

# आप एक धोखेबाज हैं; बाइडेन ने ट्रंप को इस अंदाज में कहा हैप्पी बर्थडे



**वाशिंगटन, एजेंसी।** हाल ही में हश मनी मामले में दोषी ठहराए गए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही उन्होंने अपनी चुनावी अभियान से भी जोड़ा है। जो बाइडेन ने अपने चुनावी अभियान के तहत डोनाल्ड ट्रंप को दिलचस्प अंदाज में बधाई दी। डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए और इसलिए बाइडेन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। जो बाइडेन की ओर से ट्रम्प को जन्मदिन के संदेश जारी किया गया। इसमें उन्होंने कहा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति एक असफल और धोखेबाज़ व्यक्ति हैं। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले दो प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार (ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन) अमेरिका के इतिहास के अब तक के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। जो बाइडेन 81 साल के हैं, जबकि ट्रम्प 78 वर्ष के हैं। बाइडेन के कैंपेन की ओर से एक वीडियो जारी कर लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं,। इसमें आगे बाइडेन ने कहा, अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा गिफ्ट पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों की एक दिलचस्प लिस्ट भी शेयर किया। इसमें कहा गया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराए जाने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। रिपब्लिकन ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच उम्र और दिमागी सेहत चर्चा का विषय रहती है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जन्मदिन पर फ्लोरिडा में भीड़ को संबोधित किया और जो बाइडेन को दूसरा कार्यकाल संभालने के लिए बहुत कमज़ोर बताया। ट्रंप ने कहा, हमारे देश को अक्षम लोग बर्बाद कर रहे हैं।

## यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार: पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन से पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि अगर यूक्रेन डोनबास, खेरसॉन और जापोरिज्जिया से अपने सैनिकों को पूरी तरह से वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार है। आरटी के मुताबिक पुतिन ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कीव द्वारा सैनिकों की वापसी की घोषणा करने और नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ने पर हम उसके साथ संघर्ष विराम और बातचीत शुरू कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिम देश और यूक्रेन फिर से उसके शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं, तो भविष्य में रक्तपात के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि रूस अस्थायी युद्ध विराम नहीं, बल्कि स्थायी शांति चाहता है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# म्यांमार में जनता तक नहीं पहुंच पाएंगी सूचनाएं, सैन्य सरकार ने वीपीएन को ब्लॉक किया

**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर मुफ्त संचार को रोकने, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन तक पहुंच बंद करने के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू कर दिया है। मोबाइल फोन ऑपरेटरों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, प्रमुख विपक्षी समूह और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सूचना को प्रतिबंधित करने का यह काम मई महीने के आखिरी में ही शुरू हो गया था।

**पहले भी कई बार इंटरनेट सेवाओं को रोका जा चुका है:** आंग सान सू की की निर्वाचित



सरकार को हटाकर फरवरी 2021 में सत्ता संभालने वाली सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर ट्रैफिक को कम करने के लिए पहले भी कई कोशिश की है। खासतौर से जब सेना सत्ता पर काबिज हुई थी, उस वक्त उन्होंने इंटरनेट पर काफी प्रतिबंध लगाया।

**मोबाइल पर वीपीएन ऐप पाए जाने के बाद 25 लोग गिरफ्तार:** सरकारी फंड से चलने वाले रेडियो फ्री एशिया ने बताया कि म्यांमार के मध्य तटीय अय्यारवाडी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों इस सप्ताह सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके जुर्माना लगाया गया है। इन सभी लोगों के मोबाइल फोन पर वीपीएन ऐप पाया गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की।

सेना को देश भर में लोकतंत्र समर्थकों से कड़ी सशस्त्र चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। सैन्य सरकार का यह कदम सामरिक उद्देश्यों की पूर्ति तो कर सकता है, लेकिन इसने मानवाधिकारों के हनन के सबूतों को सार्वजनिक करना भी कठिन बना दिया है।

## रामाफोसा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति चुने गए, जूलियस मालेमा को बड़े अंतर से हराया

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीकी संसद ने सिरिल रामाफोसा को एक बार फिर से 5 सालों के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है, जबकि उनकी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) ने एक कुछ पहले हुए आम चुनावों में केवल 40 प्रतिशत वोट ही हासिल किए थे।

रामफोसा ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों नेता जूलियस मालेमा के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की, जिसे संसद में भी नामांकित किया गया था। रामफोसा को 283 जबकि मालेमा को सिर्फ 44 वोट मिले। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि रामफोसा बुधवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। शुक्रवार रात जैसे ही चुनाव का परिणाम आया वैसे ही कई दिनों से चली आ रही चुनावी अटकलें भी खत्म हो गई। कुछ लोगों ने दक्षिण अफ्रीकी राजनीति में एक नए युग के रूप में गठबंधन का स्वागत किया, जिनका मानना है कि ये गठबंधन भाईचारे को बढ़ाएगा और बीमार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। एएनसी महासचिव फिकिले मबालुला ने मीडिया से कहा कि हमको 60 लाख लोगों ने वोट दिया है, जो चाहते हैं कि हम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए परिवर्तन लाएं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129